3 बस्तर संभाग
किसानों के हित में कदम, बैठक में मुद्दों का विचार, सरकार से मांग...

6 अभिमत
सरल टैक्स व्यवस्था आवश्यक

10 संस्कारधानी
गांव में बिक रही अवैध शराब व खुलेआम रेत का परिवहन दबंगई...

11 छत्तीसगढ़
जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को घर पर ही मिल...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-38 मूल्य 3.00 ₹

### विचक न्यूज़

#### महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का निधन



**चेन्नई।** देश में हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को तमिलनाडु के चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्थाजनित रोगों से पीड़ित थे। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महान कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं।

#### मोदी ने कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में हरित क्रांति के जनक महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉ स्वामीनाथन का गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर चेन्नई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मोदी ने महान कृषि वैज्ञानिक के निधन पर सोशल मीडिया एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, डॉ. एम एस स्वामीनाथन जी के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास में एक बहुत बुरे वक्त में, कृषि क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व कार्यों ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

#### स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया धनखड़ ने



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गुरुवार को गहरा शोक प्रकट किया। धनखड़ने ने जारी एक शोक संदेश में कहा है कि डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और करोड़ों भारतीय किसानों की समृद्धि में उनका अद्वितीय योगदान है। उपराष्ट्रपति ने कहा, इस संकट की घड़ी में मैं स्वामीनाथन के परिजनों और उनके शुभचिंतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# कृषक सह श्रमिक सम्मेलन : गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही : मल्लिकार्जुन खड़गे

## किसानों, पशुपालकों की सुविधा के लिए समय से पूर्व ही कर रहे न्याय योजनाओं की राशि का अंतरण : सीएम बघेल

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। न्याय योजनाओं के चलते बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। सवा दो लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता को मिल रहा है। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुमाभाठा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन के अवसर पर कही। सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे और मुख्यमंत्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निमाणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 1895 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि और 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि भी उनके खाते में डाली गई है। सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलेवासियों को 266 करोड़ रुपए की लागत के 264 विकास कार्यों की सौगात दी गई। मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को जारी की गई है। चूंकि आचार संहिता लगने के पश्चात निर्वाचन आयोग से इसके लिए अनुमति लेनी होती इसमें विलम्ब की आशंका के चलते आज ही इसका भुगतान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 73 लाख लोगों को राशन से सुनिश्चित कराया है। युवाओं को 147 करोड़ बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर में घूमे और सभी की मांग रही कि आवास चाहिए, इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण का निर्णय लिया और इस आधार पर सभी आवास दे रहे हैं। हमने किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली। महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा- सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खड़गे ने स्वर्गीय मिनी माता को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में छत्तीसगढ़ से चुने गये पार्लियामेंट के प्रतिनिधियों में मिनी माता भी शामिल थीं। महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा रही है। देश में इंदिरा गांधी पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। प्रतिभा पाटिल देश की राष्ट्रपति चुनी गईं। हमारा मत है कि महिला आरक्षण को इसी वक्त लागू करना चाहिए। जातिगत जनगणना होनी चाहिए, इससे सभी वर्गों की स्पष्ट स्थिति की जानकारी होगी। पिछड़े वर्गों के आर्थिक स्थिति की जानकारी होगी और इसके मुताबिक योजनाएं बनाई जा सकती हैं जो प्रभावी होंगी।

**गुरु घासीदास ने सिखाया सत्य पर चलने का मार्ग** - खड़गे ने गुरु घासीदास का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे, मनखे एक समान का मंत्र देकर गुरु घासीदास ने पूरे समाज को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने सत्य पर चलने का मार्ग दिखाया। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्र कुमार, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव द्व चंद्रदेव राय एवं शकुंतला साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक और श्रमिक उपस्थित थे।

विस्तृत पेज 4 पर

#### महाराष्ट्र में भगवान गणेश की उत्साहपूर्वक विदाई



**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कई जिलों में हजारों लोगों ने गुरुवार को 10 दिवसीय गणेश उत्सव के समापन के अवसर पर भगवान गणेश को पारंपरिक विदाई दी। गणेश प्रतिमा का विसर्जन 'गणपति बप्पा मोरया, पुढच्या वर्ष लवकर या' के मंत्रों और ढोल की मधुर ध्वनि के साथ शुरू हुआ। मुख्य जुलूस, पारंपरिक रूप से तुकाराम माली गणेश मंडल की मूर्ति 'मनाचा गणपति' के नेतृत्व में, खासबाग कुश्ती मैदान के पास गुरुवार सुबह करीब नौ बजे छत्रपति शाहू महाराज और पूर्व मंत्री सतेज पाटिल द्वारा 'पूजा' की गई। इस अवसर पर विधायक जयजाधव, कोल्हापुर जिला कलेक्टर राहुल रेखावर, कोल्हापुर नगर निगम (केएमसी) आयुक्त के मंजुलक्ष्मी, जिला पुलिस अधीक्षक महेंद्र पंडित और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित अन्य उपस्थित थे। जिला प्रशासन और केएमसी ने पंचगंगा नदी और ऐतिहासिक रंकला टैंक में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध लगा दिया है। नदी और टैंकों की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी है। इसके अलावा, गंगावेश से ईरानी खान की ओर विसर्जन जुलूस का मार्ग बदल दिया है।

## मेरे सरकारी आवास की सीबीआई जांच प्रधानमंत्री की घबराहट : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच से प्रधानमंत्री की घबराहट का पता चलता है। मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उनके खिलाफ 50 से अधिक जांच की गई हैं, लेकिन कुछ नहीं मिला और अब प्रधानमंत्री ने अपने आवास की सीबीआई जांच शुरू करा दी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं। यह जांच उनकी घबराहट को दर्शाती है। मेरे खिलाफ जांच कोई नई बात नहीं है। अब तक, पिछले आठ वर्षों में मेरे खिलाफ 50 से अधिक जांच की जा चुकी हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि वे दिखाना चाहते हैं कि वह अन्य नेताओं और पार्टियों की तरह हैं। मैं उनके सामने झुकने वाला नहीं हूं, भले ही वे मेरे खिलाफ कई फर्जी जांच करा लें। केजरीवाल ने कहा कि पिछले किसी भी मामले में कुछ नहीं मिला. संभवतः दुनिया में सबसे ज्यादा पूछताछ मेरे पास आई होगी। किसी भी मामले में कुछ नहीं मिला। इसमें भी कुछ नहीं मिलेगा। जब कुछ गड़बड़ ही नहीं तो क्या मिलेगा? भाजपा को चुनौती देते हुए केजरीवाल ने पूछा कि अगर इस मौजूदा जांच में कुछ नहीं मिला तो क्या प्रधानमंत्री अपना इस्तीफा देंगे? दिल्ली के सीएम ने पूछा, मैं उन्हें चुनौती देता हूं। जिस तरह पिछली किसी भी जांच में कुछ नहीं मिला, उसी तरह अगर इस जांच में भी कुछ नहीं मिला तो क्या वह झूठी जांच का आदेश देने के लिए इस्तीफा दे देंगे?

## खड़गे के कान में कब सुनाई देगी छत्तीसगढ़ महतारी की बेटियों की चीख : नारायण चंदेल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म पीड़ित बेटियों की चीख उन्हें क्यों सुनाई नहीं देतीं? खड़गे को तो एक परिवार के आदेश निर्देश के सिवाय कुछ सुनाई नहीं देता। हमारे सम्माननीय बुजुर्ग हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ की बेटियों, बहनों, बुजुर्ग महतारियों की चीखें सुनाई नहीं देतीं तो शायद उम्र का असर होगा। कम सुनाई पड़ता होगा। राहुल गांधी ने दुष्कर्म के एक मामले में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को गुनाहगार बता दिया तो वह खड़गे जी को सुनाई दे गया। गांधी परिवार जो कहे, उसे दोहराना खड़गे जी का मुख्य कर्म है। नित्य कर्म है। रोज ही उन्हें गांधी परिवार के वचनों का भजन गाना ही पड़ता है। न जाने कब केसरी जी की गति को प्राप्त हो जाएं, इसलिए उतना ही सुनते हैं, जितना राहुल, सोनिया, प्रियंका बोलें। उतना ही कहते हैं, जितना गांधी परिवार कहता है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और बहिन प्रियंका तो युवा हैं। उन्हें तो छत्तीसगढ़ की मासूम बच्चियों से लेकर उम्रदराज माताओं तक की चीख सुनाई पड़नी चाहिए। कमाल है कि इनके करुणामयी नेत्रों में न तो छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की हकीकत दिखाई देती है और न ही बेटियों की चीखें इनके कान में प्रवेश करती हैं। कारण यह है कि आंखों पर एटीएम की पट्टी बंधी हुई है और कानों में रुई घुसी हुई है। ये छत्तीसगढ़ में मां बहिन बेटियों के साथ हर रोज हो रहे दुष्कर्म के खिलाफ कुछ बोलने की हिम्मत नहीं करते। कारण यह है कि मुंह पर सोने का ताला जड़ दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की घटना राहुल गांधी को भारत माता के हृदय पर आघात लगती है और छत्तीसगढ़ महतारी की बेटियों की अस्मिता पर कांग्रेस राज में जो वज्रघात हो रहा है, वह उन्हें क्या लगता है, यह छत्तीसगढ़ महतारी की संतानें पूछ रही हैं। राहुल, प्रियंका, खड़गे बताएं कि इन दुष्कर्म के लिए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को गुनाहगार कब कहेंगे? जिस दिन प्रियंका गांधी आईं, उस दिन राजधानी में एडिशनल एसपी के दफ्तर की पार्किंग में मासूम बच्ची से रेप हुआ। रक्षाबंधन पर बेटियों के साथ रेप हुआ, शिक्षक दिवस पर शिक्षिका के साथ गैंगरेप हुआ। पोटाकेबिन में छह साल की बच्ची से रेप हुआ। खड़गे, राहुल प्रियंका को छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर बढ़े अपराध के आंकड़े दिखाई नहीं दे सकते क्योंकि यह इनकी मजबूरी है।

## भाजपा राज्य में चुनाव कराने की इच्छुक नहीं : उमर

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्य में चुनाव कराने की इच्छुक नहीं है क्योंकि उन्हें पता है कि लोग उनका समर्थन नहीं करेंगे। उमर ने यह बात उस सवाल के जवाब में कही कि केंद्र सरकार संभवतः जम्मू-कश्मीर में पंचायत और शहरी निकायों के चुनाव स्थगित कर सकती है। उन्होंने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, 'हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने की इच्छुक नहीं है क्योंकि उन्हें पता है कि लोग किसी भी तरह से उनका समर्थन नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि भाजपा अकेले कश्मीर घाटी में नहीं हारेगी, बल्कि उसे जम्मू में भी हार का सामना करना पड़ेगा, इसलिए वे चुनाव कराने में इच्छुक नहीं हैं। उमर ने कहा, 'विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, वे स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के बारे में उच्चतम न्यायालय में बात कर रहे थे, अब ऐसा लगता है कि वह भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। टालना मुश्किल लग सकता है।' उन्होंने कहा, 'अब केवल कोई ही इस बात पर भरोसा कर सकता है कि लोकसभा के चुनाव हो सकते हैं, जिन्हें टालना उन्हें मुश्किल लग सकता है।' उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल और नागरिक जम्मू-कश्मीर में चुनाव चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल एकमात्र व्यक्ति हैं जो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा 'शायद केवल उपराज्यपाल और उनके आसपास के लोग ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं कराना चाहते हैं।

### पीएम मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का है सपना

## सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूरत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। गडकरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस क्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मनाने के लिए 13000 स्थानों पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क के किनारे सुविधाओं वाली जगह, ढाबों तथा टोल प्लाजा पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाने की योजना है और इसके लिए 7000 स्थानों पर तैयारी पूरी हो चुकी है। गडकरी ने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देशभर के शहरी क्षेत्रों की प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। इसमें लगभग 10000 हेक्टेयर भूमि डंप साइट के लिए इस्तेमाल की जा रही है। उनका मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने की दिशा में इस समस्या का समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कचरा शहरी क्षेत्रों की बड़ी समस्या है और इसका प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी तरीके से समाधान खोजने की जरूरत है। उनका कहना था कि यह कचरा बड़ा संकट जरूर है लेकिन इसी कचरे से आय रजत करना भी संभव है। गडकरी ने कहा कि देश में वैकल्पिक जैव ईंधन का जिक्र करते हुए कहा कि वह ईंधन क्षेत्र में एथनाल को महत्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए काम कर रहे हैं और देश में एथनॉल अर्थव्यवस्था को संचालित करना चाहते हैं। उनका कहना है की एथनॉल के इस्तेमाल से कृषि कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा और एथनॉल की अर्थव्यवस्था से कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा मिलेगा इसलिए वह बड़े पैमाने पर एथनॉल के इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य एथनॉल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है और इसके लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं उनका उद्देश्य इथेनॉल को बढ़ावा देना है। इस क्रम में दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन लांच किया गया। पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को एथनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित कर रहा है। इस क्रम में 2025 तक भारत में एक प्रतिशत सतत विमानन ईंधन का उपयोग करने और फिर 5 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण की योजना है। इंडियन ऑयल पानीपत में 87,000 टन सतत विमानन ईंधन उत्पादन की क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित कर रहा है। गडकरी ने कहा कि भारत में दूरसंचार क्षेत्र लगभग 6 लाख मोबाइल टावरों का संचालन होता है और एक टावर सालाना लगभग 8,000 लीटर डीजल की खपत करता है। इस तरह से इन टावरों पर 250 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती है जिस पर करीब 25,000 करोड़ रुपए हर साल खर्च होते हैं।

#### खड़गे-राहुल ने स्वामीनाथन के निधन पर जताया गहरा शोक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में हरित क्रांति के जनक के रूप में प्रसिद्ध महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गुरुवार को गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है जिसने लोगों में वैज्ञानिक सोच पैदा करके कृषि की तस्वीर बदल दी है। खड़गे ने कहा कि डॉ. स्वामिनाथन भारत की हरित क्रांति के प्रमुख वास्तुकार रहे हैं और देश को खाद्य मामले में आत्मनिर्भर बनाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, डॉ एम. एस. स्वामिनाथन के निधन पर मेरी श्रद्धांजलि। एक महान वैज्ञानिक और पद्म विभूषण से सम्मानित, कृषि विज्ञान के क्षेत्र में महान योगदान देने और देश को खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में उनके परिवर्तनकारी कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा।

## वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है : डॉ. रंगराजन

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है। डॉ. रंगराजन ने बुधवार को यहां 'भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीतिः आर्थिक झटकों से कैसे उबरें' विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं हैं। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएएसी के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स इंटरनेशनल, व्यापार, विनियम और सुशासन पर एक अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रह है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के दौरान सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है। कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप मेहता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,'आर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निमार्ताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

# बंद हो गई पीईकेबी खदान, हजारों युवा अब हो गए बेरोजगार, नेताओं ने नहीं सुनी ग्रामीणों की पुकार

### ग्रामीणों ने पूछे चार सवाल

- क्या इनकी सुध खदान विरोधी आंदोलनकारी और एनजीओ के ठेकेदार लेंगे ?
- विदेशी चंदा पाने वाले अभियानकारी क्या अब उन्हें सरकारी नौकरी दिलवाएंगे ?
- क्या ये लोग इतनी बड़ी संख्या में बेरोजगार हुए लोगों के घर का चूल्हा जलवाएंगे ?
- क्या ये लोग क्षेत्र में चलाए जा रहे उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और विकास कार्यों को बंद होने से बचा पाएंगे?





### नेताओं ने नहीं सुनी इनकी करुण पुकार

इन ग्रामीणों का समूह पिछले 135 दिनों से साल्ही मोड़ में अपना प्रदर्शन तो कर ही रहा है, वहीं 300 किमी दूर रायपुर में भी प्रदेश के शीर्ष नेताओं को ज्ञापन सौंपकर खदान को बंद होने से बचाने के लिए अनुरोध के लिए इनका चौथा दौरा था। इन्हीं ग्रामीणों में से 30 महिला व पुरुष ग्रामीणों का एक समूह गत 18 सितंबर को रायपुर पहुंचकर पीईकेबी खदान के नियमित संचालन का ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री सहित राज्यपाल से भी गुहार लगायी थी। यहां तक की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तक को भी चिट्ठी लिख कर अपनी परेशानी से अवगत करा चुके हैं। बेरोजगारी का मुँह ताकते ये लोग कई दिनों से प्रयासरत थे कि उनकी नौकरी बचाने की इस गुहार को कोई तो सुनेगा जो इनके एकमात्र आजीविका के साधन पर ताला लगने से बचाएगा। लेकिन ऐसा न हो सका। खदान बंद होने से बेचैन ग्रामीण इस सोच में पड़ गए हैं कि वे अब कहाँ जाएं, कौन उनकी सुध लेगा?

पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर/रायपुर
www.dailypioneer.com

सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक में स्थित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) को आवंटित परसा ईस्ट कांता बासन (पीईकेबी) कोयला खदान में उत्पादन 23 सितंबर से ही बंद हो गया। और जैसा कि डर था, कि इससे क्षेत्र के हजारों लोग प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष तारिके से बेरोजगार हो गए साथ ही राजस्थान की जनता को भी अब सस्ती बिजली भी नहीं मिल पाएगी। हालांकि कंपनी द्वारा खदान में कार्यरत अलग अलग कौशल के 200 से अधिक कर्मचारियों को स्थानांतरित कर अपने अन्य प्रोजेक्ट्स में भेज कर उनकी रोजी बचाने का प्रयास किया है। किन्तु स्थिति इतनी गंभीर बनी हुई है कि खदान प्रबंधन को अपने नोटिस में उत्पादन बंद होने की दिए गए तारीख से एक हफ्ते पहले ही बंद करने को मजबूर होना पड़ा है। जबकि उत्पादित कोल का परिवहन भी एक अक्टूबर 2023 से बंद होने की पूरी संभावना है। वहीं अब शेष सैकड़ों और हजारों अकुशल श्रमिकों तथा स्थानीय ग्रामीणों को अपने रोजी रोटी के लिए एक बार फिर से गांव छोड़कर दूसरे शहरों में पलायन करना पड़ेगा। तिनका तिनका जोड़कर बड़ी मेहनत से बसाये अपने घरौंदे को छोड़ने के डर और चिंता में इन ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर भी जिला प्रशासन सहित शासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। ग्राम पंचायत परसा, साल्ही, जनार्दनपुर, फतेहपुर, तारा, शिवनगर, सुस्कम और घाटबार्रा ग्रामों के 300 से अधिक महिला एवं पुरुष ग्रामीणों का एक समूह अंबिकापुर से बिलासपुर मार्ग के साल्ही मोड़ पर पिछले 135 दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठा हुआ है। दरअसल, कुछ महीनों पहले ही पीईकेबी खदान के ठेकेदारों ने श्रमिक, ड्राइवर और अन्य कर्मचारीयों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया गया था। पीईकेबी खदान की ठेका कंपनी ने खदान बंद होने के नोटिस गत 18 सितंबर को चस्पा कर खदान का संचालन सितंबर के बाद जारी रखने में अपनी असमर्थता व्यक्त की थी। प्रबंधन द्वारा सूचना नोटिस में 'खनन भूमि की अनुपलब्धता के परिणाम स्वरूप शेष भूमि पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ट्री फॉलिंग कर भूमि को आरआरवीयूएनएल को सौंपने तक की अवधि में कार्यरत अपने श्रमिक बंधुओं को निरंतर नियोजित रखने के संदर्भ में आगामी दिनों में निर्णय लिया जा सकता है।' की बात कही गई थी। इस तरह खदान में कार्यरत स्थानीय लोगों द्वारा बिना किसी गलती के अपनी आजीविका खो दिया गया है।

### विधानसभा चुनाव 2023 का बहिष्कार करने की बना रहे मंशा

साल्ही गांव से आंदोलन में बैठे कई ग्रामीणों सहित केश्वर सिंह, मोहर पोर्ते, कृष्णाश्याम और मोहर लाल कुसरो ने बताया कि विदेशी चंदा पाने वाले अभियानकारी क्या अब उन्हें सरकारी नौकरी दिलवाएंगे ? क्या अब उनकी इस स्थिति की सुध खदान विरोधी आंदोलनकारी और एनजीओ के ठेकेदार लेंगे ?, क्या ये लोग इतनी बड़ी संख्या में बेरोजगार हुए लोगों के घर का चूल्हा जलवाएंगे ? और क्या ये लोग क्षेत्र में चलाए जा रहे उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और विकासकार्यों बंद होने से बचा पाएंगे ? अब जब श्रमिकों का रोजगार छीन लिया गया है तब रायपुर से चले आने वाले आंदोलनकारी अब गायब है। जबकि इन खर्चीले अभियान चलाने वाले आंदोलनकारियों के द्वारा हाई कोर्ट में पांचों केस हारने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अभी तक चल रही पीईकेबी खदान पर दूसरे चरण का काम शुरू नहीं करा पाया। अब चूंकि इसमें ताला लगने जा रहा है। तब हम अपनी व्यथा किसे सुनाएं क्यूंकि हमारी गुहार ना तो क्षेत्र के विधायक टी एस बाबा, ना प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल और ना ही प्रदेश के राज्यपाल ने सुनी है। इसलिए हम सभी क्षेत्रवासी इस विधानसभा चुनाव 2023 का बहिष्कार करने की सोच रहे हैं। जी हाँ उदयपुर ब्लॉक के पीईकेबी ब्लॉक के सभी 15 ग्रामों के ग्रामीण प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 का बहिष्कार करने की भी बात अब कहने लगे हैं।

### खदान विरोधी एनजीओ व आंदोलनकारियों की दोहरी भूमिका

खदान विरोधी एनजीओ व आंदोलनकारियों के कार्यकर्ताओं ने खनन परियोजना के बारे में दोहरी भूमिका निभाते हुए सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से कई तरह की गलतफ हमियां फै लायी है तथा कुछ लोगों को बर्गलाने में सफ ल भी रहे। इन्होने आरोप लगाया की खनन की वजह से हसदेव अरण्य को उजाड़ने की योजना है, जबकि हकीकत ये है की हसदेव अरण्य का वन क्षेत्र तकरीबन 1,80,000 हेक्टेयर में फै ला हुआ है। जिसमे से कुल 4000 हेक्टेयर क्षेत्र - हसदेव अरण्य के कुल क्षेत्रफ ल का 2.2 - के अंदर परसा ईस्ट एवं परसा खदान आवंटित की गयी है। ताज्जुब की बात ये है की खुद को आदिवासियों के खैरख्वाह कहने वाले कुछ स्वयं नियुक्त पर्यावरणविद आज कल रहस्मयी तरीके से गायब हैं। इन लोगों के फ़र्ज़ी हसदेव बचाओ अभियान का परिणाम आज ये निकला है कि राजस्थान की बिजली उत्पादक कंपनी राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के पास अब खनन बंद करने के सिवा कोई रास्ता नहीं बचा।

## कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं और प्रदेश की जनता का भरोसा खो चुकी भूपेश सरकार भरोसे का सम्मेलन कर रही है : प्रेमप्रकाश पांडेय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना को कांग्रेस का एक और नया झूठ व छल बताया है। पांडेय ने उक्त योजना को नितांत अव्यावहारिक करार देते हुए कहा कि चुनाव के करीब आते ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के माध्यम से कराए जा रहे भरोसे का सम्मेलन प्रदेश सरकार के प्रति कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश की जनता के खत्म हो चुके भरोसे का प्रतीक बन चुका है। पांडेय ने कहा कि उक्त योजना में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले और 10 वर्ष पूर्व पंजीबद्ध अभ्यर्थियों को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस योजना में अर्हताएँ प्राप्त पंजीकृत मजदूर कुल वृध्द मजदूरों का एक प्रतिशत भी नहीं है। अतः यह योजना मात्र दिखावा है। प्रतिवर्ष मजदूरों के नवीनीकरण की प्रक्रिया में ऐसे पात्र मजदूरों की संख्या नगण्य है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जो अटल पेंशन योजना लागू की है, उसमें कोई व्यक्ति, जिसकी उम्र 45 वर्ष है और वह यदि 15 साल तक अपना अंश जमा करता है तो उसे 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन प्रतिमाह 15 सौ रुपए से लेकर 5 हजार रुपए बतौर पेंशन मिलेंगे। इसलिए प्रदेश सरकार की यह योजना पूर्णतः फ़र्जी है। पांडेय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ प्रवास पर सवाल करते हुए उनसे सवालों का जवाब भी मांगा है। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री पांडेय ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में बताया कि श्रम विभाग में कौशल विकास योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कंपनियों को भुगतान किया गया है। केन्द्र की आरपीएल कौशल विकास योजना में जिस राष्ट्रीय कंपनी को मजदूरों के कौशल विकास योजना का कार्य दिया था। उसे मंत्री के नजदीकी एक ही व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया और बड़ी संख्या में मजदूरों का फ़र्जी कौशल उन्नयन किया गया, फ़र्जी तरीके से राशि की बंदरबाँट की गई है।

## सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रतिदिन 10 दिनों तक पूरे श्रद्धा-भक्ति के साथ छात्र/छात्राओं एवं कॉलेज स्टॉफ के द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा 11वें दिन संस्था में हवन-पूजन का कार्यक्रम सभी कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं के द्वारा किया गया तत्पश्चात् सभी के द्वारा बड़े ही भावुक मन से अगले साल फिर आनें की कामना करते हुए गणेश जी की प्रतिमा को महादेवघाट स्थित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन किया गया। अंतिम रूप से गणेश विसर्जन आरती में कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव, एम.एस.सी. स्टॉफ में भारती साहू, एलिस प्रकाश, मिस. अंजली खट्टर, तथा बी.एस.सी. स्टॉफ एवं दिलखुश वर्मा तथा छात्र/छात्राएँ उपस्थित थी। यह जानकारी कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव द्वारा दी गयी।



## एरिया 3 की एरिया मीट 'शौर्य' का आयोजन हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



होटल हसदेव इन,मनेंद्रगढ़ में द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की डिस्ट्रिक्ट 323 त- 3 के बैनर तले एरिया 3 की एरिया मीट 'शौर्य' का आयोजन गरिमा पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। एरिया ऑफिसर वी रश्मि वधावन के द्वारा एरिया मीट का आयोजन किया गया जिसमें वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फरमानिया ने क्लब की स्कूलिंग करवाई एवं वी क्लब के बारे में सविस्तार बतलाया। एरिया ऑफिसर रश्मि वधावन ने सभी क्लबो द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं महिलाओं के लिए किए जाने वाली अनेकों गतिविधियों के बारे में अवगत कराया. एरिया एडवाइजर इंदिरा सेंगर के द्वारा बालिका शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मनेंद्रगढ़ समर्पण क्लब अध्यक्ष प्रीति जायसवाल ने क्लब द्वारा की गई विशेष गतिविधियों के बारे में एवं आगामी कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। क्लब उपाध्यक्ष बबीता सिंह चिरमिरी क्लब की गतिविधियों की रिपोर्टिंग प्रस्तुत की। एरिया मीट का आगाज ध्वज वंदन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसे संतोषी पांडे द्वारा प्रस्तुत किया गया ।स्वागत गीत रीना वर्मा, कविता महाराज एवं बबीता सिंह द्वारा गया गया। शिप्रा विश्वास द्वारा बहुत ही खूबसूरत गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। संजू बघेल जी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।पत्रकार रीना वर्मा का स्वागत अनीता फरमानिया एवं रश्मि वधावन द्वारा किया गया।

### पितृ पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का महापर्व : डॉ. चरणदास महंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, पितृ पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। श्राद्ध पक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पृथ्वी पर सूक्ष्म रूप में आते हैं और उनके नाम से किए जाने वाले तर्पण को स्वीकार करते हैं इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। डॉ. महंत ने कहा की, शास्त्रों के अनुसार इस अवधि में पितृगण अपने परिजनों के समीप विविध रूपों में आते हैं और अपने मोक्ष की कामना करते हैं। परिजनों से संतुष्ट होने पर पूर्वज आशीर्वाद देकर हमें अनिष्ट घटनाओं से बचाते हैं। श्राद्ध से पितृगण प्रसन्न होते हैं और श्राद्ध करने वालों को सुख-समृद्धि, सफलता, आरोग्य और संतान रूपी फल देते हैं।

### अमित शाह बतायें आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हो रहा ?

## आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बतायें आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहे है? आरक्षण विधेयक को भाजपा ने राजभवन में रोकवा कर रखा हुआ है। यह भाजपा का गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगो के हितों में ध्यान रख कर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लोगों को आरक्षण देने का श्रेय न मिले इसी राजनैतिक विद्वेष के कारण भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल से हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जो आरक्षण विधेयक राजभवन में अटका हुआ है उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार अमित शाह हैं। राज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में ही काम करते हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे दुर्भावनावश इसलिए रोक कर रखा है ताकि आरक्षण का लाभ प्रदेश की जनता को ना मिल सके और राजनैतिक लाभ भूपेश सरकार को ना मिल सके। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी। विधानसभा में सर्वसम्मति से पास हो चुके आरक्षण विधेयक को राजभवन में निरुद्ध करवाकर शाह छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज का हित बाधित कर रहे है। शाह बिल्कुल भी नहीं चाहते कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं और जनता को उनका अधिकार मिले। भाजपा और शाह छत्तीसगढ़ के युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित और दर-दर भटकते देखना चाहते हैं। भाजपा का आरक्षण विरोधी चरित्र कांग्रेस चुनावी मुद्दा बनायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज से बदला लेने के लिये आरक्षण बिल को राजभवन में रोकवा कर रखी है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा की पराजय हुई थी। आदिवासी समाज ने भाजपा को नकार दिया था इसलिये भाजपा आदिवासी समाज के आरक्षण में बाधा उत्पन्न कर रही है। कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज सहित सभी समाजों के लिये 76 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पारित करवाया है। कांग्रेस सरकार को इसका श्रेय न मिले इसलिये भाजपा विधेयक रोकवा कर स्तरहीन राजनीति कर रही लेकिन भाजपा की हकीकत जनता के सामने आ गयी है।



# किसानों के हित में कदम, बैठक में मुद्दों का विचार, सरकार से मांग की गई

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



डॉ राजाराम त्रिपाठी के मां दंतेश्वरी हर्बल परिसर में किसान नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कृष्णा नरवाल, प्रवीण श्योकंद प्रदेश प्रभारी भाकियू छ्ग, प्रदीप पांडेय और अन्य एक दर्जन वरिष्ठ किसान नेता उपस्थित रहें। इस बैठक के माध्यम से, अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजाराम त्रिपाठी और राकेश टिकैत ने साथ मिलकर विभिन्न किसान मुद्दों पर चर्चा की। राकेश टिकैत ने हाल के किसान आंदोलन के माध्यम से किसानों की मांगों के प्रति अपना समर्थन जताया और बताया कि, कोंडागांव में जैविक खेती की अपार संभावनाएं हैं। इस संदर्भ में, वह कहते हैं कि, एक ऑर्गेनिक बोर्ड को यहां बनाने की आवश्यकता हैं, जिससे खेती के क्षेत्र में नए नए उत्पादों का विकास किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि, डॉ राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पहला अंतरराष्ट्रीय सर्टिफाइड ऑर्गेनिक फार्म 1996 से है और यहां जैविक खेती के अपार संभावनाएं हैं। टिकैत ने सरकार से मांग कि, वे किसानों के लिए एक सक्षम कानून लाएं, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी हो। उन्होंने बताया कि, इस मुद्दे पर लगभग 450 किसान संगठन एकमत हैं और एमएसपी गारंटी कानून को लेकर एक मोर्चा बनाया गया हैं। इस मोर्चे के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी डॉ. राजाराम त्रिपाठी हैं। राकेश टिकैत ने डीजल के ट्रैक्टर और वाहनों को कबाड़ घोषित करने के खिलाफ आपत्ति जताई और यह नीति केवल ऑटोमोबाइल व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए हैं और किसानों के लिए अस्थायी हानि पैदा करेगी। उन्होंने सरकार से इस नीति को रद्द करके किसानों के हित में कदम उठाया की मांग हैं। डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि, पानी को हर किसान के खेत तक पहुंचाना सरकार का महत्वपूर्ण काम हैं और इसके लिए तराजू भी और भाव भी किसानों के हक में होने चाहिए। उन्होंने बताया कि, हेलीकॉप्टर द्वारा बस्तर के जलते हुए जंगल और खेतों की बीमारियों के नियंत्रण की योजना के लिए सरकार को इसे सब्सिडाइज करना चाहिए। इस बैठक में इसके अलावा बस्तर में हर्बल और विलेज टूरिज्म को बढ़ावा देने की सलाह दी गई और हिमाचल प्रदेश को उदाहरण के रूप में दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्थानीय मीडिया के साथियों के साथ के अलावा, मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के किसान साथी भी उपस्थित रहें। यह बैठक किसानों के मुद्दों को सामने लाने और समर्थन जुटाने के लिए महत्वपूर्ण था। संक्षेप कोंडागांव के किसान नेताओं और डॉ राजाराम त्रिपाठी के बीच हुई बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और किसानों के हित में कदम उठाने की मांग की गई।

# आयुष्मान भव, कोंडागांव में 76 यूनिट का रक्तदान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 25 से 27 सितंबर तक जिला कोंडागांव मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें विकासखण्ड फरसगांव में 13, कोंडागांव में 48, विश्रामपुरी मे 15 यूनिट रक्तदान किया गया। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत ही माकड़ी विकासखण्ड में 29 सितंबर और केशकाल विकासखण्ड में 30 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी भावना महलवार ने बताया कि, कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न विकासखण्डों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब तक कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया है। इन दान किए गए रक्त के द्वारा कई जटिल बीमारियों जैसे एनिमिया, सर्जरी के समय रक्त की आवश्यकता में रक्त प्रदान कर मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। रक्तदान समय समय पर करते रहने से रक्तदाता स्वस्थ बना रहता हैं और समय पर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान भी बच सकती है। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत ही स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जो 1 अक्टूबर को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत कोंड़ागांव जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ सफाई का कार्य सम्पादित किया जाना हैं और ग्राम सभा आयोजित करने पर फोटो के माध्यम से संस्था में स्वच्छता पखवाड़ा हेतु किये गये साफ सफाई कार्य का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# भगत सिंह के 116वां जन्मदिन मनाया गया है



पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

क्रांतिकारी विचार मंच पखांजुर द्वारा आज 28 सितम्बर को भगत सिंह चौक पखांजुर में शहीद भगत सिंह के 116 वां जन्मदिवस मनाया गया । सभी क्रांतिकारी साथियों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी,और इंकलाब ज़िंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद ज़िंदाबाद, शहीद ए आज़म भगत सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए । और चौक पर भगत सिंह के विचारों पर परिचर्चा की गई जिसमें क्रांतिकारी विचार मंच से शिवाजी पांडे, रसम विश्वास, ने भगत सिंह के विचारों वाली आज़ादी पर प्रकाश डाला और कहा कि भगत सिंह की क्रांति सर्वहारा वर्ग की क्रांति है पूंजीवाद के शोषण खिलाफ़ है, देश के भाई चारे को धर्म और जाति के नाम पर तोड़ने और लड़वाने वाली साम्प्रदायिक ताक़तों के खिलाफ़ है, देश के मज़दूर, किसान के शोषण के खिलाफ़ है, इन मायनों से देश आज भी ग़ुलाम है इनके समाजवादी विचारों वाले वतन बनाने की जंग जारी है। आदिवासी छात्र, युवा संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरूटी ने देश की साम्प्रदायिक ताक़तें जो धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़वाने का काम कर रही है उनके खिलाफ़ लड़ने का आह्वान किया। जागृति मंच के निवास अधिकारी ने भगत सिंह सर्वहारा वर्ग की क्रांति पर प्रकाश डाला। वहीं ऋषिकेष मजूमदार, बबलू कुरैशी और कार्तिक नागवंशी ने विचारों की क्रांति को मज़बूत करने के लिए लिखने की ताक़त और ज्ञान के लिए पुस्तकें पढ़ने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में गौरंग राय, निमाई राय, विनोद कमेटी, नीलेश, प्रसेनजीत हालदार, सतनाम कौर, जैसमीन कौर, मुस्कान कौर, महेश्वर शर्मा, पासवान, जुनैद ख़ान, गुरविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, धीरेन मंडल उपस्थित थे।

# संतराम नेताम ने किया भूमिपूजन व शिलान्यास



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक संतराम नेताम द्वारा तहसील कार्यालय केशकाल में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। केशकाल तहसील परिसर में 16.38 लाख रुपये लागत से यहां आने वाले ग्रामीणों एवं आम जनों के लिए शौचालय, विश्राम शेड व पेयजल व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, इन निर्माण कार्यों के हो जाने से क्षेत्र के लोगों को तहसील कार्यालय में अपने कार्यों को करने में सुविधा प्राप्त होगी। सुदूर अंचलों में बसे ग्रामीण प्रतिदिन अपने कार्यों के लिए तहसील कार्यालय आते है। इन सुविधाओं से उन्हें निश्चित तौर पर लाभ होगा। इस अवसर पर सदस्य राज्य उर्दू अकादमी बोर्ड सगीर कुरैशी, विधायक प्रतिनिधि अरुण अग्निहोत्री, एसडीएम केशकाल शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार केशकाल आशुतोष शर्मा सहित रवि गोयल, नीतू डे और कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को रायपुर स्थित अपने निवास से छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए लगभग 6 हजार 80 करोड़ के 7 हजार 300 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कोंडागांव के जिला कार्यालय परिसर में 19 लाख 19 हजार रूपये की लागत से निर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम का प्रसारण जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हुक्काबेड़ा, पाथरी और मारागांव में गंदगी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कोंडागांव में 'सतरंगी सूत्र' के आधार पर युवोदय कोडानार चैंप्स स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी के निदेर्शों के अनुसार ग्राम पंचायतों के विभिन्न विकास विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत आकांक्षी जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा के नेतृत्व में युवोदय कोंडानार चौंप्स स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत हुक्काबेड़ा, पाथरी और मारागांव में गंदगी मुक्त पंचायत, मलेरिया मुक्त पंचायत, एनीमिया मुक्त पंचायत, कुपोषण मुक्त पंचायत, शत प्रतिशत शिक्षित पंचायत, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण के क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। जिसमें उपस्थित लोगों के साथ इन विषयों पर चर्चा की गई और ग्राम पंचायत के लगभग 453 सदस्यों ने इन विषयों को लेकर संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं, युवा, यूनिसेफ के जिला और ब्लॉक समन्वयक भी उपस्थित रहे हैं। यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला को ग्राम पंचायतों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का सशक्त प्रयास हैं और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का भी माध्यम हैं।

# किरन्दुल में गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश जी को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल के अलग अलग पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा विराजे गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।बता दें गुरुवार को गणेश जी की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन कर गाजे बाजे के साथ सभी श्रदालु नाचते गाते विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी को नगर भ्रमण करवाते हुए गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बंगाली कैम्प तालाब में प्रतिमा विसर्जित की गई।इस दौरान सड़कों के दोनों किनारे काफी संख्या में लोग भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए उपस्थित थे।



## जामा मस्जिद से जुलूस निकलकर पूरे शहर में बड़े धूमधाम के साथ गश्त किया

# कोंडागांव नगर में मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






कोंडागांव नगर में हर साल की तरह इस वर्ष भी मुस्लिम समुदाय ने पैगम्बर साहब का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। यह मौका हमेशा उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इस खास दिन को मनाने के लिए कोंडागांव जामा मस्जिद से जुलूस निकलकर पूरे शहर में बड़े धूमधाम के साथ गश्त किया। जुलूस के परचम की कुशाई करते समय जामा मस्जिद के इमाम, मो. समीम रिजवी, ने देश के लिए अमन, शांति, और तरक्की की दुआ मांगी। इस समय लोग एक-दूसरे को गले मिलाकर ईद की बधाई दी। इस खास दिन के अवसर पर, मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो. यासीन, सचिव इरसाद खान, हाजी उमर मेमन, मो. सकुर खान, सय्यद हाजी कादर, इमरान मेमन, इशरार अहमद, नियाज अहमद, अब्दुल गफ्फार, मो. शकील, रहीम खान, परवेज खान, हाजी यूसुफ रिजवी, मौलाना सलमान रिजवी, और मौलाना तबारक रिजवी जैसे दिग्गज समाज के नेता उपस्थित रहें। इस दौरान मुस्लिम समुदाय ने अपने बच्चों को इनाम देकर संतुष्ट किया। इस खास दिन के उत्सव में समाज के सभी वर्गों के लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं। यह त्योहार मुस्लिम समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं और सामाजिक एकता का प्रतीक हैं। इस आयोजन के बाद, समाज के नेता ने एकदूसरे के साथ मिलकर भारत के अमन, शांति और सामृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने यह संदेश दिया की सभी एक साथ रहकर ही देश को आगे बढ़ा सकते हैं। इस धार्मिक उत्सव के माध्यम से समाज के सभी वर्ग एक साथ आकर्षण और मिलनसार होते हैं, जिससे सामृद्धिक और सामाजिक विकास का संकेत मिलता है। यह एक सुंदर प्रतीक हैं कि, भारत एक विविधतापूर्ण और एकता की भावना के साथ एक साथ अग्रसर हो रहा हैं।

# पशुपालकों को दिया गया उचित पालन कर आर्थिक उन्नति के मार्ग की जानकारी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पशु चिकित्सालय केशकाल के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निदेर्शानुसार मारी दे में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त तीनों गावों के पशु पालकों को पशुओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक पशु औषधियों का वितरण किया गया। पशुओं को कृमिनाशक, किलनी जूं नाशक औषधि व रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण किया गया। बीमार एवं कमजोर पशुओं का उपचार भी किया गया। पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी गयी। इसके साथ ही पशुओं का उचित तरीके से पालन कर आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रसस्त करने के लिये के सीसी फार्म भरने हेतु आवश्यक जानकारी दिया गया। देशी पशुओं में उन्नत नस्ल के वीर्य से कृत्रिम गभार्धान कर मादा बाछिया उत्पन्न होने पर योजनानुसार विभाग से आर्थिक सहायता दिए जाने की जानकारी भी दिया गया। शिविर में पशु चिकित्सालय केशकाल के प्रभारी डॉ चार्ली पोर्ते, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गिरिजा शंकर साहू, डीके कुलदीप, ताज पात्रे सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और पीएआईडब्लू के सहयोग से संबंधित ग्रामों में शिविर लगाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# कृषक सह श्रमिक सम्मेलनः बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को मिली 266 करोड़ रुपए विकास कार्यों सौगात

## राजीव गांधी किसान न्याय योजनाः 24.52 लाख किसानों को जारी हुई 1895 करोड़ रुपए की तीसरी किश्त

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक योजना का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में कृषकों और श्रमिकों को न्याय योजनाओं एवं श्रमिक योजनाओं की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 266 करोड़ रुपए के 264 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इनमें 176 करोड़ रुपए के 150 कार्यों का लोकार्पण एवं 90 करोड़ रुपए की राशि के 114 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। सम्मेलन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को उनके बैंक खातों में 1895 करोड़ रुपए और गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। इसे मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना में अंतरित की जाने वाली राशि बढ़कर 23 हजार 893 करोड़ रूपए और गोधन न्याय योजना में अंतरित की जाने वाली राशि बढ़कर 507.14 करोड़ रूपए हो गई है। इसके अलावा 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी दी गई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना अंतर्गत दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सरकारी भवनों तक आवाजाही में होगी सहुलियत

## 12 सड़कों के लिए मिली एक करोड़ 12 लाख की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सरकारी भवनों तक लोगों को आवाजाही में सहुलियत होगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर 12 शासकीय भवनों तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए एक करोड़ 12 लाख 84 हजार की स्वीकृति मिली है। जिस पर लोगों ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार की पहल पर सार्वजनिक उपयोग के भवन शासकीय चिकित्सालय, स्कूल, कॉलेज, पंचायत सार्वजनिक भवन, उचित मूल्य की दुकान, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य शासकीय शैक्षणिक संस्थानों के भवन, सार्वजनिक स्थल यथा हाट-बाजार, श्मशान घाट, मेला स्थल, धान संग्रहण केन्द्र जैसे अनेक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोग के केन्द्र को मुख्य मार्ग से जोडा जा रहा है। पहले ऐसे स्थानों तक बारहमासी पक्की मार्ग न होने के कारण आने-जाने वालों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसी तारतम्य में इस योजना के तहत ग्राम शेर में मुख्य मार्ग से स्कूल भवन तक 10.70 लाख की लागत से पहुंच मार्ग, शहर के बृजराज पाठशाला भवन तक 15.68 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, शासकीय उचित मूल्य की दुकान परसकोल तक 7.83 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, प्राथमिक शाला भवन अमावश तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, बनसिवनी मुख्य मार्ग से कौंदकेरा स्कूल भवन तक 18.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, आंगनबाड़ी भवन खम्हारमुड़ा तक 5.53 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, कोसरंगी मुख्य मार्ग से शासकीय स्कूल भवन तक 5.22 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, प्राथमिक स्कूल भवन खतराई तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, शासकीय भवन सिनौधा तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, कोडार नाला मुख्य मार्ग से शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन गोपालपुर तक 12.52 लाख रूपए, उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बेलटुकरी तक 14.35 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग तथा प्राथमिक स्कूल भवन फुसेराडीह तक 8.57 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, नवीनीकरण एवं मरम्मत को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जा रहा है। विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण, नवीन सड़क निर्माण एवं मार्गों का डामर नवीनीकरण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

# 20 लाख रुपए की राशि से बनेगा कुंभकार समाज का सामूदायिक भवन

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज संघ बागबाहरा के लिए बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंभकार समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष मोरध्वज चक्रधारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हीरा सेत बघेल, कृषक कल्याण परिषद उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, तथा जनपद पंचायत पिथौरा के पूर्व उपाध्यक्ष पियूष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की शुरुवात भगवान विष्णु की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक का भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन के पश्चात अतिथि उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव श्री यादव ने कुंभकार समाज के वैभवशाली इतिहास पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। इस दौरान श्री यादव ने आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार बनाने हेतु कांग्रेस का हाथ मजबूत करने के लिए कुंभकार समाज के प्रतिनिधि व सदस्यों का आह्वान किया। जिस पर कुंभकार समाज के प्रतिनिधि व सदस्यों ने फिर से छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास के लिए छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामेश्वर चक्रधारी ओम प्रकाश चक्रधारी उत्तम राणा कार्तिक राम चक्रधारी भगवान सिंह चक्रधारी बृजलाल राणा मसिंह चक्रधारी लुभेश्वर पांडे, सदादीन राणा , कुशध्वज राणा, जेठाराम पांडे दयाराम चक्रधारी लता कुमार घनश्याम चक्रधारी नेहरू लाल चक्रधारी मूलचंद चक्रधारी मेला राम चक्रधारी राजेंद्र कुमार सुमन चक्रधारी ज्ञानचंद चक्रधारी कमल चक्रधारी दौराम चक्रधारी पवन चक्रधारी कृष्ण राणा नोहर चक्रधारी व्यास नारायण सहित बड़ी संख्या में कुंभकार समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए प्रतिनिधी गण तथा सदस्य गण व माताएं बहने उपस्थित रहे।

# आज निकलेंगी गणपति महाराज की भव्य झांकी

पायनियर संवाददाता < खरोरा
www.dailypioneer.com



पिछले दिनों 19 सितंबर से शुरू हुई गणेश चतुर्थी को लेकर गणेश समितियों सहित नगर के लोगों में काफी उत्साह नज़र आ रहा हैं। खरोरा केसला के सिद्धि विनायक, भैरव बाबा, महाकाल, इंडियन आर्मी, विध्नहर्ता, जय माँ करियादामा, विनायक, ज्वाला, प्रगति, युवा प्रोत्साहन, युवा शक्ति, वंदे मातरम्, लिटिल स्टॉर, जय माँ सिंगादुरीया, राम राज जैसे कई छोटी-बड़ी सार्वजनिक गणेश समितियों व्दारा इस वर्ष बड़े ही धूम धाम से गणेश उत्सव मनाया जा रहा हैं। इन समितियों व्दारा अपने निर्धारित स्थानों पर गणेश जी के भव्य पंडाल सजाकर आकर्षक मुर्तियो की स्थापना की गई हैं। इस वर्ष इन पंडालों पर लोगों की काफ़ी भीड़ देखने को मिल रही हैं। खरोरा शिक्षक कालोनी स्थित महाकल समिति व्दारा बद्रीनाथ धाम के तर्ज़ पर पंडाल सजाया गया हैं। तो वही श्री सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति व्दारा 40 फ़िट उचे आदियोगी की मुर्ती बनाकर अंदर गणेश जी स्थापित की गईं हैं। केसला के युवा प्रोत्साहन ग्रुप व्दारा गणेश जी के लिए गुफ़ा नुमा पंडाल बनाया गया हैं। तो वही शांति नगर के वंदे मातरम समिति के पंडाल में झुले का आनंद लेते गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा दर्शकों का मन मोह ले रही हैं। इस वर्ष खरोरा केसला की इन समितियों के उत्साह और तैयारियों की खुब चर्चा हैं। वही इस बार गणेश चतुर्थी पर बढ़ी संख्या में आस-पास से आये लोगों की भीड़ देखीं जा रही हैं। पिछले दस दिनों के पुजा अर्चना पश्चात अनंत चतुर्दशी पर गणेश जी के प्रतिमाओ का विर्सजन किया जायेगा। इस दौरान आज देर रात तक आकर्षक झाँकीया निकालीं जायेगी। ग़ौरतलब हैं की युवा विचार संस्थान व्दारा हर वर्ष झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। इस वर्ष इसमें खरोरा-केसला की दर्जनों समिति भाग ले रहीं हैं। झॉकी कार्यक्रम को लेकर विकास ठाकुर ने बताया की युवा विचार संस्थान व्दारा प्रतिभागी समितियों के उत्साहवर्धन हेतू क्रमशः 81, 61, 41, 31, एवं 21 हज़ार नगद राशि सहित अन्य सभी समितियों को सांत्वना पुरस्कार देने की घोषणा की गई। झांकी में शामिल होने गणेश समितियों व्दारा ज़ोर शोर से तैयारी की गईं हैं। खरोरा के वार्ड 8 स्थित युवा शक्ति गणेशोत्सव समिति द्वारा इस बार उत्तर प्रदेश के अघोरियों के अखाड़ा टिम को झॉकी मे आमंत्रित किया गया हैं, जो अपने अनोखे अंदाज में बाबा भोलेनाथ की उपासना करते दिखेंगे। भैरव बाबा समिति व्दारा लोगों को जीवंत झॉकी दिखाने तैयारी की गईं हैं। तो वही पुराना बस स्टैण्ड विध्नहर्ता की ओर से चंद्रयान - 3 को अपने झॉकी में शामिल किया गया हैं। आज निकलने वालीं झॉकी में नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 20-25 हज़ार लोगों की जुटने की संभावना हैं। इसके मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था हेतू पुलिस विभाग व्दारा चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही हैं। वही किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित नगर पंचायत की टिम भी मुस्तैद रहेगी। इसके लिए बक़ायदा आयोजक समिति व्दारा इन विभागों को ज्ञापन सौंपा गया हैं। आयोजक समिति के ओर से नगर पंचायत के सामने मुख्य मंच से झॉकी समितियों का स्वागत किया जायेगा। वही युवा विचार संस्थान से राजीव अग्रवाल, सिताराम यादव, नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, नरेन्द्र ठाकुर, तोरण ठाकुर, जोगिन्दर सलूजा, राजेश चौहान, चंद्र कुमार डडसेना, विकास ठाकुर, बल्ला देवांगन, योगेश चंद्राकर, आयुष वर्मा, सुमीत सेन, उमेश वर्मा, सुबोध सेन, संजय भट्ट, आशुतोष वर्मा, निमेश देवांगन, जानी देवांगन, शिवम साहू, गणेश देवांगन, गौरीशंकर देवांगन, बसंत देवांगन आदी लोगों व्दारा खरोरा केसला एवं आस-पास के ग्रामीणों से झांकी में शामिल होने की अपील की गई।

# शहर में जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com



ईद मिलादुन्नबी का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष है. इस दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन है. यह एक धार्मिक पर्व है. इस विशेष पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का गुणगान करते हैं और ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला जाता पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में मुस्लिम समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम और हकीकत के साथ बागबाहरा शहर में जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया।जमेअ मस्जिद से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर सुबह फज्र की नमाज की बाद परचम लहराया गया जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। बता दे की इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रजब माह के 12 रबीउल अव्वल को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था वही मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। वहीं पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मस्जिद, सड़कों पर तोरण व अपने मकान को इलेक्ट्रॉनिक की झालरों से सजाते हैं पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बड़ी धूमधाम के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। साथी शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी में मुस्लिम समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सुबह 8 बजे युवाओं के द्वारा बाइक रैली निकल गई तत्पश्चात सुबह 9:बजे जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस स्थानीय सुन्नी हनीफी जमेअ मस्जिद बागबाहरा से नगर की ओर आगे बढ़ा जहां विभिन्न समाजन के द्वारा स्वागत किया गया। पर्यटन मंडल के सदस्य अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं , अशोक होटल चौक के पास अग्रवाल समाज के द्वारा, अरिहंत जैन ,के द्वारा गुजराती मित्र समाज, के द्वारा अंडरब्रिज के पास गुरु सिंह सभा के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का स्वागत किया गया जुलूस मस्जिद से होते हुए पुलिस थाने से वापस मस्जिद की ओर जाकर समाप्त हुआ।

# अनंत चतुर्दशी दसलक्षण पर्व का अंतिम दिन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दसलक्षण पर्व का आखिरी दिन उत्तम ब्रह्मचर्य हमें निज आत्मा में लीन हो खुद को जानना सीखाता है। आज के दिन भगवान श्री के शांति धारा करने का सौभाग्य प्रथम पंडित धन प्रसाद जैन अनुराग जैन एवं द्वितीय श्री के शांति धारा करने का सौभाग्य समाज के कोषाध्यक्ष ऋषभ, विपिन, अजीत जैन को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही भगवान श्री वासु पूज्य स्वामी का निर्माण दिवस पर लाडू चढ़ाने का सौभाग्य ऋषभ, विपिन, अजीत जैन को प्राप्त हुआ। पूर्व की तरह सन्मय एवं पंडित धन प्रसाद ने मंत्रों चरण से इसे पूर्ण किया। और साथ ही आरती भजन और गायन देखते ही बन रहा था पंडित धन प्रसाद पूरी तरह भक्ति में दिखे। मनोरमा देवी जैन का मंत्र उच्चारण भी सुनने मिला। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश ने बताया कि आज 10 लक्षण पर्व का अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। और ब्रह्मचर्य के दिन पर चर्चा करने पर बताया कि, कामवासनाओं पर विजई प्राप्त कर इंद्रियों पर नियंत्रण कर समस्त विषयों से अनुराग त्याग कर पर द्रव्यो से रहित निज शुद्धातमा (ब्रह्मा) मैं रमना ही ब्रह्मचर्य है। समस्त धर्म का राजा ऐसा ब्रह्मचर्य धर्म है। समाज के सचिव अमित जैन से बात करने पर उन्होंने बताया कि इंद्रियों पर नियंत्रण एवं शुद्धता ही ब्रह्मचर्य धर्म है।

# पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला नवागांव के छात्र छात्राओं द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर मॉडल तैयार किया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छात्रा-छत्राओ ने विज्ञान के प्रति रचनात्मक व विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति सोच पैदा करने के उद्देश्य से विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़े और बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिता में भी हुनर दिखाये इसी बीच मॉडल प्रतिभागी कक्षा पांच वी के छात्र नगेश्वर साहू ने ट्रैफिक्र सिग्नलका का मॉडल बनाया तथा यह जानकारी दी की यह किस प्रकार कार्य करता है व ट्रैफिक नियमों का किस प्रकार पालन किया जाता है। और कक्षाचौथी का छात्र प्रियांशु व राहुल ने पवन चक्की के बारे मे बताया कि प्राकृतिक वायु के माध्यम से बिजली उत्पन्न करता है जिससे विधुत खपत को कम व कोल खनन को रोक जा सकता है। कबाड़ से जुगाड़ में प्राथमिक स्कूल में गणित/ विज्ञान प्रदर्शनी प्रथम स्थान जुहि ध्रुव मुसुवाडीह, द्वितीय विनोद झिरिया, तृतीय सागर बछेरा, विवज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु नवागांव, द्वितीय नागेश्वर साहू मुसुवाडीह, तृतीय धनंजय झिरिया, 3. कबाड़ से जुगाड़ (शिक्षक) ममता ध्रुव बछेरा, द्वितीय अजय ठाकुर झिरिया, तृतीय दिनेश ध्रुव मुसुवाडीह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गणित / विज्ञान प्रदर्शनी प्रथम स्थान प्रदीप नवागांव, द्वितीय महेश कुमार झिरिया विवज प्रतियोगिता प्रथम स्थान रश्मी नवागांव, द्वितीय महेश झिरिया, 3. कबाड़ से जुगाड़ शिक्षक प्रथम स्थान कु. कामिनी सूर्यवंशी नवागांव, द्वितीय उमेश कुमार ध्रुव नवागांव, इस कार्यक्रम में संकुल केंद्र पीढ़ी के शिक्षक प्रेमू राम ध्रुव, हितेश जैन, चंद्रकांत, संदीप अजय ठाकुर, दिनेश कुमार, सत्यप्रकाश, कामदेव, भुखाऊराम, माया, राजेश्वरी गुप्ता, डिगेश कोर्राम, परस राम, कुलेश्वर, रेखराज इत्यादि सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# भेंट मुलाकात के दौरान विधायक ने सुनी किसानों की सुनी समस्याए

## जनसंपर्क के दौरान ग्राम आवलाचक्का और पोटापारा लोगों से मिले



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण ने इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। एक ओर वे अपने कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भेंट मुलाकात कर समस्याओं से रुबरु होकर उनके निराकरण का सतत प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक किस्मतलाल नंद ने ग्राम आवला चक्का और ग्राम पोटापारा पहुचकर किसानों का हाल-चाल जानकर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जिसे संज्ञान में लेते हुए मौके पर विभागीय अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया द्य इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गयाद्य इस अवसर पर चकरदा सरपंच दामोदर चौहान, कांग्रेस नेता चन्दू चौरिसिया, वरिष्ठ कांग्रेसगण एवं गणमान्य नागरिक समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित थे ।

# ईद मिलादुन्नबी बड़ी ही धूमधाम और शानो शौकत से मनाया गया



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा नेवरा इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए खास दिन है 7 लोग ईद मिलादुन्नबी को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के तौर पर मानते हैं 7 ईद मिलादुन्नबी का पर्व इस्लाम धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है 7 रात में अल्लाह की इबादत की जाती है 7 इस पर्व को मनाने के लिए पहले से ही तैयारी की जाती है। अपने-अपने घरों व गलियों को तोरन से सजाया जाता है। तिल्दा नेवरा मुस्लिम समाज के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है इस दौरान तिल्दा नेवरा के मोहम्मदी जमा मस्जिद से जुलूस निकाला गया जिसमें मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए 7 मस्जिद से जुलूस पूरे नगर का गस्त करते हुए ताज नगर से घूमते हुए गुरु घासीदास चौक, दीनदयाल चौक, सिंधी कैंप, गांधी चौक से होते हुए। वापस मस्जिद पहुंचा जहां मस्जिद के इमाम वह हाजियों के द्वारा परचम कुशाई कर देश के अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी।

# बंसुलीडीह में विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सागर पाली के आश्रित ग्राम बांसुलीडीह में 10. लाख 40 हजार से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा किया गया, ग्रामीणों की लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को आने जाने में सुगम रास्ता का लाभ मिलेगा, ग्रामीण जन भारी उत्साह में नजर आए विधायक ने जो वादा किया था उसे बखूबी निभाया मंच ने ही समस्त ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को धन्यवाद दी। इस अवसर पर कलिंद्री लाल चंद अग्रवाल सरपंच सागरपाली, गीता पटेल उपसरपंच सागरपाली, घासीया सिदार सरपंच लोहरिनडीपा दुखी श्याम पटेल आर के पटेल तिरिथ राम मनभजन पटेल मनोज पटेल सेत पटेल हितेश पटेल चिंतामणि विशाल अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब सागरपाली प्रदीप पटेल कामता पटेल पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।


# कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रं./5183/न.पा.नि./स्था. शाखा/2023-24/ बीरगांव, दिनांक 22/09/2023

## // ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call) //

निकाय के विभिन्न शाखाओं के कार्य संपादन हेतु प्लेसमेंट के माध्यम से श्रमिक आपूर्ति बाबत् पृथक-पृथक शाखा समूह के लिए पात्र प्लेसमेंट एजेंसियों/ फर्मों/ ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। System Tender No. 148232, 148233, 148234, 148235, 148236, 148237, 148238, 148239, 148240, 148241, 148242, 148243, 148244, Bid Due Date - 09-10-2023, Physical Submission Last Date - 12-10-2023, Tender Opening Date - 12-10-2023 (Scheduled) - इच्छुक सक्षम निविदाकारा, निविदा प्रपत्र, नियम व शर्ते, धरोहर राशि, बैंक साल्वेंसी, टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा प्रपत्र शुल्क, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/प्राप्त कर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।

आयुक्त

# चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान की बढ़ जाएगी शान होगा 49 लाख रुपए की लागत से बैठक गैलरी का निर्माण

## भूमिपूजन कर महापौर निर्मल कोसरे ने कराया कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

चरोदा के जोन -1 स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान की शान बढ़ जाएगी। इस मैदान में खेल प्रेमी दर्शकों के बैठक व्यवस्था हेतु गैलरी का निर्माण होने से ऐसा होगा। 49 लाख रुपए की लागत से यह काम नगर निगम भिलाई-चरोदा के माध्यम से पूरा होगा। इसके लिए महापौर निर्मल कोसरे ने भूमिपूजन किया। इसके अलावा महापौर ने और भी कुछ वार्डों को विभिन्न विकास की सौगातों से नवाजा है। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास के नए कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। महापौर निर्मल कोसरे अपनी टीम के साथ विभिन्न वार्डों में जाकर भूमिपूजन के साथ ही निर्माण कार्य शुरू करवा रहे हैं। लगातार चौथे दिन महापौर ने निगम क्षेत्र के छह वार्डों में भूमिपूजन किया। इसमें वार्ड क्रमांक 27 जोन -1 चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में 49 लाख रुपए की लागत से दर्शकों की बैठक व्यवस्था के लिए गैलरी निर्माण कार्य प्रमुख है। इस कार्य के पूरा होने से विभिन्न खेल प्रतियोगिता को देखने आने वाले दर्शकों की सहूलियत बढ़ जाएगी। गौरतलब रहे कि चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में फुटबॉल और क्रिकेट की बड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसके अलावा स्थानीय खिलाड़ी प्रतिदिन इस मैदान में अभ्यास के लिए आते हैं। यहां अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा के दम पर कई खिलाड़ी फुटबॉल के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हुए भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र का गौरव बढ़ा चुके हैं। खिलाड़ियों के साथ ही खेल प्रेमियों की ओर से इस मैदान पर दर्शकों के बैठक व्यवस्था हेतु गैलरी निर्माण की मांग महापौर निर्मल कोसरे से की गई थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मोहन साहू, संतोषी निषाद, एम. जॉनी, एस वेंकट रमना, ईश्वर साहू, मनोज डहरिया, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, पार्षदगण टेनेन्द्र ठाकरे, संजय यादव,प्रेमलता चंद्राकर, फिरोज फारूकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद जैन, मिलाप साहू, पूर्व पार्षद पुखराज जैन, आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असफाक अहमद, इंद्रजीत यादव, विनय सिंह, आकाश यादव, फुटबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विमल घोष, जोशी, मधु स्वर्णकार, जग्गू बंछोर, सुनील जैन, नमन जैन संदीप जैन, मोनू जैन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### इन विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

महापौर निर्मल कोसरे ने गुरुवार को कुल छह वार्डों में नए शुरू हो रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड 27 जोन -2 चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में 49 लाख रुपए की लागत से गैलरी निर्माण, वार्ड 25 पंचशील नगर पूर्व में 15.95 की लागत से सीसी रोड एवं 19.52 लाख से बीटी रोड निर्माण, वार्ड 23 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा में 15.91 लाख से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 5 दादर - पथर्रा में 16.03 लाख से नाली एवं 19.12 लाख से बीटी रोड निर्माण, वार्ड 21 चरोदा बस्ती में 5 लाख से ई रिक्शा चार्जिंग हब निर्माण तथा वार्ड 16 भिलाई-3 बाजार में अलग - अलग दो जगहों पर क्रमशः 11.49 लाख व 21.56 लाख रुपए की लागत से बीटी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

# राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करने बढ़ावा दिया जाए : डॉ.व्ही.श्रमन

## जिला को निर्यात केन्द्र बनाने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में जिला को निर्यात केन्द्र बनाने के लिए आज एक निजी होटल में भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) एवं जिला प्रशासन दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विदेश व्यापार नागपुर के अपर महानिदेशक डॉ.व्ही.श्रमन की अध्यक्षता में किया गया। डीजीएफटी नागपुर के अंतर्गत 49 जिले शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के 12 और मध्यप्रदेश के 04 और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को एक निर्यात केन्द्र में बदलने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। डॉ. व्ही. श्रमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नागपुर के अंतर्गत वर्तमान में 49 जिला को निर्यात केन्द्र बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी जानकारी आपको ऑनलाइन अपडेट घर बैठे पंजीयन करने के आसान तरीके है। इसके साथ ही पोर्ट इकोस्पोर्ट, कस्टम ड्यूटी, बैंकिंग कार्य, डाकघर निर्यात, कन्टेनर के माध्यम से निर्यात, ई-कॉमर्स कस्टम ड्यूटी, बिल एंट्री, सिपिंग बिल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि जानकारी दी गई है। जहां विशेषज्ञों के द्वारा ई-कॉमर्स निर्यात घर बैठे ऑनलाईन की जानकारी, बैकिंग सुविधा आदि डीजीएफटी के टीम के द्वारा बताया गया। राज्य में चावल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप से आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए। इस अवसर पर डीजीएफटी डॉ. व्ही. श्रमन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जोनल मैनेजर अभिलाष दास, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी सौरभ वर्मा एवं संग्राम केसरी बिसोई, भारतीय डाक विभाग सीमा श्रीवास्तव, जिला उद्योग विभाग के अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, सोनाली मोरई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# क्षेत्र स्तरीय संगठनों का प्रशिक्षण जरूरीः धीरज बाकलीवाल





पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महापौर धीरज बाकलीवाल एवं लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के द्वारा स्व सहायता समूहों के संगठन (क्षेत्र स्तरीय संगठन) का प्रशिक्षण कार्य आरंभ किया गया है जिससे स्व सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय समावेश की उचित समझ बन सके, बैंको से संपर्क, विभागों से समन्वय तथा समूह संचालन की जानकारी महिलाओं को हो सके। इसके लिए प्रबंधको व सामुदायिक संगठकों द्वारा सामुदायिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास, स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत बैंको से कम व्याज पर ऋण, समूह लोन, स्व सहायता समूहों का बैंक लिंकेज, स्वनिधि से समृद्धि सहित अन्य विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर निगम के डाटा सेंटर में किया गया।अन्य सभी क्षेत्र स्तरीय संगठनों का प्रशिक्षण वार्ड के समुदायिक भवनों में किया जा रहा है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने महिलाओं के विकास हेतु प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए खुशी जाहिर की।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि स्व सहायता समूह,महिलाओ की एकजुटता से आत्मनिर्भरता मिली हैअभी और जागरूक होना होगा।

# 7 वार्डों में सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमिपूजन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छ.ग. अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा ऊर्जा विभाग द्वारा अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा के वैल्पिक स्त्रोतो पर बहुत ही तेज गति से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। क्रेडा जिला कार्यालय दुर्ग के प्रभारी रंजीत कुमार यादव से मिली जानकारी अनुसार सदस्य क्रेडा रायपुर विजय साहू द्वारा वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में रात्रिकालिन प्रकाश व्यवस्था हेतु 20 नग सोलर हाई मास्ट लाईट संयंत्र की अनुशंसा उपरांत 20 में से 07 वार्डो में 24 सितंबर 2023 को सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमि पूजन कार्यक्रम विजय साहू के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें वार्ड नं. 34(वीर शिवाजी नगर), वार्ड नं. 33(गणेश चौक), वार्ड नं. 26(रामनगर मुक्तिधाम), वार्ड नं. 23(मंगल बाजार, घासीदास नगर), वार्ड नं. 21 (कुरूद मुक्तिधाम), वार्ड नं. 19(आजाद चौक, रामनगर) एवं वार्ड नं. 35(जुडो एकेडमी कैम्प-02) शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय साहू (सदस्य क्रेडा), धर्मराज शर्मा (अध्यक्ष गांधी विचार यात्रा छ.ग.), राजेन्द्र यादव (महासचिव कांग्रेस कमेटी), वार्ड पार्षद- जलंधर सिंह, मति एस. शैलजा, मति नेहा साहू, मति उषा शर्मा, इंजीनियर सलमान तथा छाया पार्षद- चवन राम साहू एवं बलदाऊ पिपरिया के साथ-साथ डॉ. विनय शर्मा, प्रकाश रेलवानी एवं विजय रेलवानी सहित क्रेडा के अधिकारी/कर्मचारी तथा सैंकड़ो वार्डवासी उपस्थित थे। भूमि पूजन कार्यक्रम से वार्ड वासियों में भारी उत्साह देखा गया तथा ग्रीन एनर्जी को शहरों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु इस कार्य की वार्ड वासियों द्वारा सराहना एवं भविष्य में अन्य सौर संयंत्रों की मांग की गई तथा आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया।

### 5 अक्टूबर 2023 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण द्वारा ग्राम ननकट्ठी केन्द . 02 एवं ग्राम कुटेलाभाठा केन्द्र . 01 में आंगनबाड़ी सहायिका के कुल 04 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। मूल्यांकन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मूल्यांकन पश्चात तैयार पत्रक मुख्य कार्यालय अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग के कार्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर चस्पा किया गया है। अंतरिम मूल्यांकन पत्रक में वरीयता अथवा प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो 05 अक्टूबर 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण में अपनी लिखित दावा/आपत्ति कार्यालयीन समय में दर्ज करा सकते है। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से मिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 26 सितम्बर 2023 को 09 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले। वर्तमान में 11 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नये मरीज सेक्टर 1 से एक, सेक्टर 6 से 1, शास्त्री नगर से 1, वैशाली नगर से 02, आशिष नगर से 1, एच.एस.सी.एल रुँआबांधा से 1, बी. एम.वाय इंदिरा नगर चरोदा से 1, रावण भाटा कैम्प 2 से एक मरीज मिले। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम क द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण / शहरीय की टीम द्वारा कुल 107387 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या- 147028 जिनमें से 50281 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 86453 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 110123 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

# महापौर ने गणेश उत्सव, जैन धर्म के अनुयायियों को पर्यूषण एवं ईद मिलादुन्नबी पर्व पर शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने भगवान गणेश उत्सव,जैन धर्म के अनुयायियों को पर्यूषण पर्व एवं ईद मिलादुन्नबी पर्व के उपलक्ष्य पर शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि शांति स्नेह की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश शहर सहित घर-घर मे विराजे है। और गणेशोत्सव पर जगह जगह विराजित है।भगवान श्री गणेश सभी की मनोकामना पूरी करे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व जैन समाज का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह आत्मविशुद्धि, संयम, त्याग और आत्मचेतना को विकसित करने का अवसर देता है। यह पर्व अहिंसा, दया, प्रेम की राह पर चलना सिखाता है। मान्यता है कि भगवान महावीर ने इस त्यौहार के दौरान अपनी शिक्षाएं दीं और जैन धर्म के मुख्य सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने ईद मिलादुन्नबी पर्व के उपलक्ष्य पर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी को ईद उल-मिलादुन्नाबी के रूप में मनाते है। मोहम्मद साहब का पूरा जीवन मानवता की सेवा में ही गुजरा और उन्होंने लोगो को हमेशा इंसानियत का पाठ पढ़ाया।

मोहम्मद साहब के द्वारा मानवता के प्रति हमेशा सरल स्वभाव वाले व्यवहार के कारण ही उन्हे रहमत उल आलमीन अर्थात पूरे संसार पर कृपा करने वाला कहा जाता है। मिलाद उल नबी की खुशी तभी सार्थक होगी,जब हम हजरत मोहम्मद के संदेशों व उनके आदर्शो का पालन करेंगे।

# मतदान केन्द्रों के भवन, स्थल व नाम में किया परिवर्तन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने दी सहमति



■ 3 मतदान केन्द्रों का भवन तथा 38 का नाम परिवर्तन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के अनुसार मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति दिया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि क्रमशः सुरेश कुमार, ओंकारनाथ ताम्रकार, मनोज सोनी, करण कुमार कनौजिया, दीपक सिंह, देवेश पानीग्राही, बंटी चौरे, डी.व्ही.एस. रेड्डी और संतोष कुमार वर्मा उपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन तथा नाम परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिस पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत नहीं की, बल्कि प्रस्ताव के अनुसार संशोधन में अपनी सहमति दी है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन में 3 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन किये गये है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण में 4, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर में 17, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर में 4, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशाली नगर में 9, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा में 4 मतदान केन्द्रों का नाम परिवर्तन किये गये है।

# अहिवारा में 77.99 लाख रुपए की लागत से होगा सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक गुरू रूद्र कुमार की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र अहिवारा अंतर्गत 14 निर्माण कार्यो के लिए 77 लाख 99 हजार 847 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत ग्राम पाहरा में शास. नवीन सेवा सहकारी समिति में आहाता निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 859 रूपए एवं ग्राम ढौर के वार्ड क्र. 03 से वार्ड क्र. 07 तक नाली निर्माण हेतु दोनों स्थानों के लिए 4 लाख 99 हजार 988 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम खेरधा में कृष्णा साहू के घर से सार्वजनिक मंच तक नाली निर्माण हेतु, ग्राम बागडूमर में सार्वजनिक कबीर कुटीर भवन निर्माण हेतु, ग्राम कपसदा में सांस्कृतिक मंच के पास डोम शेड निर्माण हेतु, ग्राम पिटौरा के यादव पारा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु, ग्राम करहीडीह में सार्वजनिक मंगल भवन निर्माण हेतु, ग्राम अकोला में भुवनेश्वर शर्मा के घर से पथर्रा तालाब तक नाली निर्माण हेतु एवं ग्राम अहेरी में जय स्तंभ चौक से तालाब तक सीसी रोड निर्माण हेतु, ग्राम मलपुरीकला में भरत लाल साहू के घर से लवंत साहू के घर तक, ग्राम रिंगनी में दिलीप साहू के घर से रिंगनी पुल तक, ग्राम मुर्रा में ताराचंद ठाकुर के घर से निहाल सकेश के घर तक, ग्राम गिरहोला में कुंजलाल बंजारे के घर से धन्नम जांगड़े के घर तक व ग्राम नंदिनी खूंदिनी में देव ऋषि घिंदोड़े के बाड़ी से लेकर शमशान घाट तक प्रत्येक 12 स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 5-5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति की गई है।

### विकास कार्य हेतु 15 लाख 99 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर नगर निगम भिलाई में 2 निर्माण कार्यो के लिए 5 लाख 99 हजार 661 रुपए एवं दुर्ग में निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड . 44 में मंच निर्माण हेतु 3 लाख रूपए एवं वार्ड . 45 सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 2 लाख 99 हजार 661 रुपए की स्वीकृति की गई है। इसी प्रकार के दुर्ग के छातागढ़ में गौशाला में शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## वार्ड 38 में पहुंची प्रगति यात्रा,लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# विधायक ने बौद्ध समाज और आदिवासी समाज को दी बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com





भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोज लाखों की सौगात दे रहे हैं। हर वार्ड में लाखों का विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव 27 सितंबर को वार्ड 38 में प्रगति यात्रा किए। इस दौरान विधायक यादव ने बुद्ध समाज के लोगों को बड़ी सौगात दी है। विधायक यादव की पहल से द बुद्धिष्ट सोसायटी आफइंडिया सेक्टर 6 में 25 लाख की लागत से भवन निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार भारतीय बौद्ध महासभा बाबा साहेब डाक्टर अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में भवन लोकार्पण 13 लाख की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा जंगो लिंगो आदिवासी महिला समिति सेक्टर 7 डोम शेड भूमिपूजन लागत 10 लाख से बनाया जाएगा। इन सभी ?विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ही भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस दौरान पूरे विधि विधान के साथ समाज के प्रमुख लोगों के हाथों से भूमिपूजन का कार्य संपन्न करावाया गया। इस दौरान समाज के प्रभूत्वजनों ने विधायक यादव का दिल से आभार जताया और उन्हें आशीर्वाद भी दिया है। समाज प्रमुखों ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव नेता नहीं बल्की भिलाई का वह बेटा है, जिसने अपनी? जिम्मेदारी, कर्तव्यों को पूरी इमानदारी और निष्ठा से निभाया है। हम सब का अशीर्वाद और प्रेम हमेशा उनके साथ है। ये पहले विधायक हैं जो खुद जनता के दरबार में उनके घरों में जाकर उनका हालचाल और परेशानी पूछते है। पहले के नेता वोट मांगने आते थे तब हाथ जोड़ कर आते और 5 साल तक दोबारा वार्ड में दर्शन नहीं देते। बंगले में बैठकर मतदाताओं से पैर छूआते और प्रणाम करवाते थे। विधायक की प्रगति यात्रा वार्ड 38 में निकाली गई। जहां वे पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और ?वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

### वार्ड 38 प्रगति यात्रा में इन विकास कार्यों का भूमिपूजन

- 2.21 लाख की लागत से पावर हाउस ऑटो स्टैंड में शौचालय निर्माण किया जाएगा। 2.80 लाख की लागत से पावर हाउस शिव हनुमान मंदिर जाणोद्धार किया जाएगा।
- उत्तम टॉकीज के पीछे चबूतरा निर्माण किया जाएगा।
- 4 लाख की लागत से शास्त्री मार्केट शिव हनुमान मंदिर जाणोद्धार किया जाएगा।
- 2.50 लाख की लागत से वार्ड 38 बैक लाइन वर्क एवेन्यू रोड ,सड़क नं- 16,15,14,13,12,11,5,3 निर्माण किया जाएगा।
- 3 लाख की लागत से दुर्गा नगर 2 नग बोर खनन कार्य? किया जाएगा।
- 13.70 लाख की लागत से सिनेमा कॉलोनी दुर्गा मंदिर में टाइल लगाने का कार्य किया जाएगा। दुर्गा नगर पानी टंकी के पास चबुतरे निर्माण कार्य। 10 लाख की लागत से सड़क 5 रोड सिमेंटीकरण किया जाएगा। 10 लाख की लागत से सोनिया गांधी नगर भवन संधारण कार्य किया जाएगा।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में संविदा पद हेतु आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, योजनांतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के रिक्त पदों की पदपूर्ति हेतु संविदा, प्रतिनियुक्ति पदों पर इच्छुक आवेदकों से 6 अक्टूबर 2023 शाम 5:00 बजे तक केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के पते पर आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक संचालन एवं प्रबंधन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाईड से डाउनलोड किया जा सकता हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**न्यायालय-न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जशपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन न्यायाधीश-श्रीमती गीता नेवारे)**

वि.व्य.वा.प्र.क्र.-15/2023

1. लक्ष्मणी प्रधान पति स्व. बितलू राम प्रधान उम्र-55 वर्ष
2. वन्दना प्रधान आ. स्व. सोहन राम उम्र-14 वर्ष, दोनों जाति-नगेसिया, निवासी कदमटोली, जिला-जशपुर (छ.ग.).............आवेदिकागण

**बनाम**

सर्वसाधारण आम जनता
जिला-जशपुर (छ.ग.).............अनावेदकगण

आवेदकगण ने इस न्याया. में अंतर्गत धारा 7 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते संरक्षक घोषित किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः सर्वसाधारण आम जनता जिला-जशपुर (छ.ग.) को यदि कोई आपत्ति हो तो वह खुद या किसी वकील के मार्फत दिनांक 25/10/2023 को 11.00 बजे उपस्थित होकर, अपना दावा प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

नियत तिथि को अवकाश हो जाने अथवा पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने की दशा में आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण लिया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

(श्रीमती गीता नेवारे)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
जशपुर (छ.ग.)

## महिला क्रिकेट उल्लेखनीय उपलब्धि

**एशियाई खेलों** के फाइनल में महिला क्रिकेट टीम को स्वर्ण पदक मिलना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत को महिला क्रिकेट टीम के कारण चीन के होंगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में पहला स्वर्ण पदक मिला है। अटूट प्रतिबद्धता, अदम्य भावना तथा बेजोड़ कौशल का प्रदर्शन करते हुए महिला क्रिकेट अीम ने एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल तें ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। देश ने बड़े गौरव के साथ देखा कि हमारी प्रतिभाशाली क्रिकेटरों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खेलों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। भारतीय महिलाओं की क्रिकेट टीम ने एशियाई खेल, 2023 में अपने 116 रन के जवाब में श्रीलंका की टीम को 19 रन से हरा कर सफलता पाई। इस मैच में ज्यादा स्कोर नहीं बना। एक कठिन पिच पर टाइटस साधु निश्चित रूप से स्टार की तरह उभरीं। उनकी बालिंग बहुत शानदार रही तथा उन्होंने 6 रन पर तीन विकेट ले लिए और इस प्रकार श्रीलंका को 20 ओवरों में केवल 97 रनों तक समेट दिया। बात केवल इतनी ही नहीं है। होंगझाऊ से भारत के लिए और अच्छी खबरें भी आईं। भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकार्ड तोड़ कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रुद्रांश पाटिल व दिव्यांश सिंह पंवार के साथ स्वर्ण पदक में साझेदारी के बाद ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम को भी कांस्य पदक मिला। ये उपलब्धियां भारतीय टीम के लिए कोई सपना पूरा होने से कम नहीं हैं। लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सबका दिल जीत लिया। दशकों से पुरुषों का क्रिकेट महिला क्रिकेट पर हावी रहा है और महिला खिलाड़ियों को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में बहुत कम भत्ते और वेतन मिलता है। लेकिन संभवतः जल्द ही यह स्थिति बदल जाएगी और स्पांसर्स इस ऐतिहासिक व जोरदार विजय के बाद उनके आयोजनों को स्पांसर करने के लिए लाइन लगा देंगे। एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विजय भारत में महिला क्रिकेट के मामले में मील का पत्थर है। इससे न केवल हमारे खिलाड़ियों की अदम्य खेल भावना प्रकट होती है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करती है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का दर्जा लगातार ऊंचा होता जा रहा है और उसने देश में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

एशियाई खेलों के फाइनल में उनकी विजय उनके कठोर परिश्रम व प्रतिबद्धता की प्रतीक है। इन खिलाड़ियों ने अपना पूरा कौशल प्रयोग कर शानदार विजय प्राप्त की है। जोरदार बल्लेबाजी से लेकर असाधारण गेंदबाजी तक खेल के हर क्षेत्र में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। महिला क्रिकेट लीग के उभार, मीडिया में ज्यादा कवरेज तथा ढांचागत संरचनाओं पर ज्यादा निवेश, आदि सभी भारत में खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत हैं। एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल में भारतीय महिला टीम की विजय पूरे देश में उत्सव का विषय है। इन अविश्वसनीय खिलाड़िनों ने न केवल अपनी क्रिकेट शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि उन्होंने भारत में महिला क्रिकेट का भविष्य भी उज्ज्वल कर दिया है। इस ऐतिहासिक विजय का आनन्द मनाते समय यह याद रखना चाहिए कि यह केवल क्रिकेट के क्षेत्र में विजय नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति' की विजय है। भारतीय टीम ने दिखा दिया है कि प्रतिभा तथा अडिग प्रतिबद्धता से क्या हासिल किया जा सकता है। उम्मीद है कि यह विजय भविष्य में खिलाड़ियों की और सफलताओं का प्रारम्भ होगी और इस प्रकार यह समय सचमुच खेलों का 'अमृत काल' सिद्ध होगा।

# सरल टैक्स व्यवस्था आवश्यक

### अनेक संशोधनों के कारण पुरानी व जटिल टैक्स व्यवस्था से न केवल करदाता भ्रमित होते हैं, बल्कि इसके कारण कर चोरी व भ्रष्टाचार भी फैलता है।




सुभाष चंद्र अग्रवाल
(लेखिका, आरटीआई सलाहकार हैं)

भारत में 6 दशक पुराने आयकर कानून, 1961 में अनेक संशोधन किए गए हैं जिसके कारण एक जटिल टैक्स व्यवस्था हमारे सामने है। इसी प्रकार 1 जुलाई, 2017 से लागू वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी कानून के कारण नियमित रूप से कर ढांचा बदल रहा है। इस भ्रामक जीएसटी व्यवस्था तथा बहुत अधिक भ्रामक एवं जटिल प्राविधानों के कारण पूरी व्यवस्था बहुत जटिल हो गई है। निरर्थक एवं लगातार भ्रमित करने वाली छूटों के बजाय एक पूर्णतः नई कर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। राजा चेल्लैया समिति ने उच्चतम कर को 30 प्रतिशत पर रखने का सुझाव दिया था जो दुनिया के अधिकांश देशों में लागू है। इसमें काले धन को सफेद धन में बदलने के प्रयास समाप्त करने के प्राविधान भी शामिल थे। लेकिन अनेक सेस व सरचार्जों के माध्यम से इस उच्चतम स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाने के प्रयासों से प्राप्त हुए लाभ लगभग नष्ट हो रहे हैं। उच्चतम कर की दर 30 प्रतिशत बहाल की जानी चाहिए ताकि लोग खातों में अपनी पूरी आय दिखाना लाभदायक समझें। इसके साथ ही एक स्थाई स्वैच्छिक घोषणा योजना शुरू की जानी चाहिए ताकि टैक्स रिटर्नों में 30 प्रतिशत उच्चतम टैक्स को शामिल कर आय का स्रोत बताए बिना कोई आय दिखाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। इससे खासकर संपत्ति समझौतों में नकदी हस्तांतरण से मुक्ति मिल सकती है। इसके साथ ही संपत्ति के पंजीकरण पर टैक्स घटा कर केवल तीन प्रतिशत किया जाना चाहिए। उच्चतम 30 प्रतिशत कर स्तर के अंतर्गत अपनी आय घोषित करने वाले लोगों के नाम वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि अपने रुतबे की चिन्ता करने वाले लोग अपनी आय घोषित करने की दौड़ में शामिल हों।

मूलभूत कर रियायतों को पांच लाख रुपये तक सीमित किया जाना चाहिए जिसमें दान, राजनीतिक पार्टियों को चंदा तथा कृषि आय भी शामिल हो जिसका ज्यादातर दुरुपयोग होता है। एक आम किसान की आय साल में पांच लाख रुपये से अधिक नहीं होती है। इसमें वे सेलेब्रिटीज़ भी शामिल हैं जो अपनी अघोषित आय को कृषि आय बता देते हैं। कुछ लोग गांवों में जमीन इसी उद्देश्य से खरीदते हैं, जबकि उनसे कोई कृषि उत्पादन नहीं होता है।

आयकर के स्लैब 5-10 लाख व 10-15 लाख आय के लिए 10 व 20 प्रतिशत होने चाहिए, जबकि इससे अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगना चाहिए। एलके झा समिति ने कैलेंडर वर्ष को वित्त वर्ष बनाने की संस्तुति की थी। दुनिया के अधिकांश देशों की तरह इसका क्रियान्वयन होना चाहिए। इस प्रकार वर्तमान समय में वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च की एक और ब्रिटिश विरासत समाप्त होगी। यह हास्यास्पद है कि टैक्स व कार्पोरेट आडिट में डिप्रीसियेशन की अलग-अलग दरें होती हैं। एक अकेले व एकीकृत टैक्स तथा कार्पोरेट आडिट की व्यवस्था होनी चाहिए। छोटे नकदी हस्तांतरणों पर ध्यान देने के बजाय 10,000 रुपये से ऊपर की सभी खरीद-बिक्री अनिवार्य रूप से बैंक लेनदेन के माध्यम से होनी चाहिए।

इसके लिए क्रेडिट कार्डों पर लगने वाले ट्राजैक्शन टैक्स को घटा कर केवल आधा प्रतिशत करते हुए जीएसटी को इसके दायरे से बाहर रखना चाहिए। क्रेडिट कार्डों से खरीद पर सभी प्रोत्साहनों को समाप्त कर केन्द्र सरकार को ट्रांजैक्शन टैक्स का वहन स्वयं करना चाहिए। वर्तमान समय में ट्रांजैक्शन टैक्स दो प्रतिशत होने के कारण व्यापारी इसे खासकर कम मुनाफे वाले मामलों में ग्राहकों से अलग से वसूल करते हैं। इस व्यवस्था से सरकार को उच्च कर राजस्व मिलेगा और वह आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज का वहन कर सकेगी। आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज होने के बावजूद क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को ज्यादा कमाई होगी क्योंकि क्रेडिट कार्डों का प्रयोग कई गुना बढ़ जाएगा। नकदी का प्रयोग करने वाले प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए दो प्रकार की क्रेडिट कार्ड मशीनें रखना जरूरी होना चाहिए ताकि स्वैपिंग मशीन खराब होने के बहाने नकदी लेनदेन से बचा जा सके। क्रेडिट-डेबिट कार्ड से भुगतान लेने से इनकार करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

विनिर्माण में जीएसटी व्यवस्था में इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था करापवंचन की भ्रष्ट व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है जहां सामान्य ग्राहकों द्वारा छोड़ी गई जीएसटी-इन्वायसें व्यापारियों को बेच दी जाती हैं जो विनिर्माताओं या उत्पादकों को गलत इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट दावों के लिए प्रेरित करते हैं। इससे जहां व्यापारी बची जीएसटी-इन्वायसों को नकद देकर खरीदते हैं, वहीं वास्तविक ग्राहक भी व्यवस्था में ज्यादा नकदी लाते हैं। इसी कारण नोटबंदी का मुख्य उद्देश्य विफल हुआ है। उम्मीद थी कि इससे नकदी में कमी आएगी, पर वास्तव में यह बढ़ गई है। विनिर्माताओं-उत्पादकों के इन्पुट-टैकस-क्रेडिट के दावों पर एक वार्षिक फारेंसिक आडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए क्योंकि इन क्षेत्रों में इन्पुट टैक्स क्रेडिट बहुत है। एक अध्ययन किया जाना चाहिए कि यदि बहुत अधिक 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त किया जाए तो विनिर्माण-उत्पादक क्षेत्रों से भी इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट समाप्त कर इसे केवल व्यापार योग्य वस्तुओं तक सीमित किया जाना चाहिए। लेकिन इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था में यह सुधार व्यावहारिक रूप से तभी संभव होगा जब जीएसटी कर ढांचे में व्यापक सुधार किया जा। शुरुआत में सभी वर्तमान जीएसटी दरों को समाप्त कर केवल 6, 12 व 30 प्रतिशत के स्लैब रखे जा सकते हैं।

धीरे-धीरे 6 और 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर केवल 10 प्रतिशत का नया ढांचा लागू किया जा सकता है। शून्य प्रतिशत जीएसटी केवल बिना ब्रांड वाले कच्चे माल तक सीमित होनी चाहिए जिसे बिना परिष्करण के प्रयोग करना संभव न हो। इसमें कृषि उत्पाद, मछली, मांस, सूती धागा, आदि शामिल हो सकते हैं। दीर्घकालीन प्रयोग वाली सभी चीजों, जैसे कार, एयरकंडीशनर, टीवी सेट, रेफ्रीजरेटर, आदि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए, जबकि उनके पुर्जों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए। वर्तमन समय में कन्फेक्शनर्स द्वारा बेची जाने वाली सभी चीजों, जैसे मिठाइयों, बिस्कुटों व नैपकिन, आदि पर अलग-अलग जीएसटी लगता है, जबकि डायबिटीज़ का कारण बनने वाली लक्ज़री मिठाइयों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है।

सोने के जेवरों जैसे उत्पादों पर इन्वायस दो हिस्सों में बनाए जा सकते हैं जिनमें एक धातु तथा दूसरा बनवाई का होना चाहिए। इसमें 12 प्रतिशत केवल बनवाई पर लगना चाहिए। बहुत-शानदार चीजों पर अतिरिक्त जीएसटी 60 प्रतिशत के दायरे में रखा जा सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से सभी राज्यों में पेट्रोल व डीजल की कीमतें समान हो जाएंगी। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त करने की भरपाई 3 व 5 प्रतिशत के जीएसटी स्लैबों को एक 6 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में शामिल करने से हो जाएगी। इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट-आईटीसी व्यवस्था गैर-व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर लागू नहीं होनी चाहिए। इसमें गैर-वाणिज्यिक प्रयोग वाली कारें शामिल हैं। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त होने तथा सेवा क्षेत्र पर केवल 12 प्रतिशत जीएसटी लगने के कारण 10 लाख या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों को जीएसटी व्यवस्था में शामिल किया जा सकता है। वकीलों को जीएसटी व्यवस्था से बाहर रखना अनुचित है। जीएसटी के लिए स्रोत पर कर काटने की व्यवस्था व्यवहार में प्रयोग नहीं होती है, इसलिए इसे समाप्त कर देना चाहिए। सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से बाहर रखना चाहिए। इससे सरकारी खातों में सरकार की एक जेब से टैक्स दूसरी जेब में रखने की अनावश्यक व्यवस्था समाप्त होगी। स्पीडपोस्ट जैसी महत्वपूर्ण डाक सेवाओं पर टैक्स लगाना तथा दूसरों को इससे बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है। इन्लैंड व विदेशी पोस्टल दरों में सुधार होना चाहिए। वर्तमान समय में 200 ग्राम की वस्तु को स्पीड पोस्ट से भेजने पर 30 रुपये, जबकि सामान्य पोस्ट से भेजने पर 50 रुपये लगते हैं। इसी प्रकार विदेश भेजे जानी वाली डाक की दरें 20 ग्राम के आधार पर तय होनी चाहिए फिर चाहे इसे सी-सरफेस मेल से भेजा जाए या एयरमेल पोस्ट से।

# विश्वविद्यालयों में चिकित्सा सुविधाएं आवश्यक


शिवानी शर्मा

निमरत कौर

यह वास्तव में एक गंभीर चिंता का विषय है कि विभिन्न राज्यों के छात्रों को विश्वविद्यालय में चिकित्सा उपचार सुविधाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। छात्रों को अक्सर निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो हर किसी के लिए वहनीय नहीं हो सकता है। इसके अतिरिक्त, भाषा की बाधा समस्या को और बढ़ा देती है, क्योंकि ज्ञान की कमी के कारण छात्रों का फायदा उठाया जा सकता है। इन चुनौतियों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय को परिसर के भीतर ही पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के प्रावधान को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइट पर चिकित्सा सेवाएं स्थापित करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक आसान पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं होने से न केवल छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ होगा, बल्कि उनके मानसिक शांति और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी योगदान मिलेगा।

इसके अलावा, इस मुद्दे को संबोधित करके, विश्वविद्यालय छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है और एक समावेशी और सहायक वातावरण बनाता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें पूरी हों, जिससे वे परिसर के बाहर चिकित्सा देखभाल लेने के अतिरिक्त बोझ के बिना अपनी पढ़ाई और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

विश्वविद्यालय के भीतर उचित चिकित्सा सुविधाओं में निवेश करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक सुविधाजनक और किफायती पहुंच प्राप्त होगी। यह कदम छात्र आबादी की विविध आवश्यकताओं को स्वीकार करता है और उनकी भलाई के मूल्य पर जोर देता है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो एक स्वस्थ, संपन्न विश्वविद्यालय समुदाय को बढ़ावा देती है।



विश्वविद्यालय परिसरों में छात्रों को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक अहम मुद्दा परिसर में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विश्वविद्यालय परिसर विशाल और हलचल भरे हो सकते हैं, जिससे छात्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच आवश्यक हो जाती है। छात्रों के सामने एक आम चुनौती सुविधाजनक स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों की कमी है। कई परिसरों में सीमित चिकित्सा सुविधाएं हैं, या वे छात्र आवासों या शैक्षणिक भवनों से बहुत दूर स्थित हो सकते हैं। इससे कठिनाइयाँ पैदा हो सकती हैं, विशेष रूप से आपात स्थिति में या जब छात्रों को बीमारी या चोटों के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता चिंता का विषय हो सकती है। विश्वविद्यालय के छात्र अद्वितीय स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के साथ विविध पृष्ठभूमि से आते हैं। इन विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिसरों को कई प्रकार की चिकित्सा सेवाओं की पेशकश करने की आवश्यकता है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी स्थितियों के लिए विशेष देखभाल शामिल है। विचार करने योग्य एक अन्य पहलू स्वास्थ्य देखभाल की लागत है। विश्वविद्यालय के छात्रों को अक्सर वित्तीय तनाव का सामना करना पड़ता है, और चिकित्सा खर्चों का बोझ उनकी चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को कम लागत वाले परामर्श, दवा और परीक्षण जैसे किफायती या रियायती स्वास्थ्य देखभाल विकल्प प्रदान करके इसे ध्यान में रखना चाहिए।

स्वास्थ्य देखभाल अंतर को पाटने के लिए विश्वविद्यालय सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे छात्रों के व्यस्त कार्यक्रम को समायोजित करने के लिए विस्तारित संचालन घंटों के साथ परिसर में चिकित्सा क्लीनिक या स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर सकते हैं। इसके अलावा, स्थानीय अस्पतालों या स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी विशेष सेवाएं या तत्काल देखभाल सुविधाएं प्रदान करके पहुंच बढ़ा सकती है।

छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय परिसरों में सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। चुनौतियों का समाधान करके और व्यापक, किफायती और सुविधाजनक रूप से स्थित स्वास्थ्य सेवाओं की पेशकश करके, विश्वविद्यालय छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और अकादमिक रूप से आगे बढ़ने में सहायता कर सकते हैं।

निष्कर्षतः, विभिन्न राज्यों के छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर के भीतर चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान एक तत्काल आवश्यकता है। यह कदम न केवल उनकी शारीरिक भलाई को बढ़ाएगा बल्कि विश्वविद्यालय में उनके समय के दौरान उनकी समग्र सफलता और खुशी में भी योगदान देगा। आइए हम एक स्वस्थ और अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रयास करें जहां छात्रों के स्वास्थ्य पर वह ध्यान दिया जाए जिसका वह उचित हकदार है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### भारत की सफलता

**वर्ष 2023** भारत के लिए हर दृष्टि से सफल और ऐतिहासिक वर्ष रहा है। भारत ने अब तक चीन के हांगझू में आयोजित एशियाई खेलों में 11 पदक जीते हैं- दो स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य। इसी तरह सफल जी20 शिखर सम्मेलन, एशिया कप पुरुष व महिला आदि इन उपलब्धियों में शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम लगातार मैच जीत रही है और अब उसने 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह हराकर श्रृंखला भी जीत ली है। यह इसके बावजूद हुआ कि प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, बुमराह और सिराज आराम कर रहे हैं। इससे भारतीय खिलाड़ियों में साहस बढ़ेगा, आत्मविश्वास बना रहेगा और यह उन्हें आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए तैयारी और उत्साह से भर देगा। उम्मीद है कि यह 2011 की जबरदस्त जीत का एहसास दिलाएगा और राष्ट्र को राहत की सभी सुखद अनुभूतियों का एहसास होगा। भारत में खेलों का विश्वस्तरीय ढांचा तैयार हो रहा है जिससे सुदूर ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों के नौजवानों व नवयुवतियों को भी खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। खेलों में अधिकाधिक लोगों के भाग लेने से सामाजिक एकजुटता, भाईचारा व मेल-मिलाप की भावना भी मजबूत होगी।

**- मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

### बदलती दुनिया

**दुनिया** तेजी से बदल रही है। पुराने मित्र और खेमे अब पहचान नहीं रह गए हैं। व्यापारिक जरुरत एवं आर्थिक संबंध एक दूसरे को करीब लाते हैं या दूर ले जा रहे हैं। वयस्क लोगों के लिए यह कल्पना करना भी असंभव था, लेकिन आज इसराइल के पर्यटन मंत्री संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने के पहले सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले रियाद के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि इज़राइल के साथ चल रही बातचीत का अर्थ सामान्य संबंधों की संभावना का निकट आना है। अन्य इस्लामिक देश, जैसे बांग्लादेश, सूडान, ब्रूनेई, सोमालिया, मोरक्को, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात भी इज़राइल के साथ अपने संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं । सवाल है कि ऐसे में अब फिलिस्तीनियों का क्या भविष्य रह जायेगा? इसराइल के साथ नफरत और दूरी वाले पिछले 7 दशकों के संबंध से फिलिस्तीनियों को कुछ हासिल नहीं हुआ। फिलिस्तीन समस्या दुनिया की शायद सबसे पुरानी ऐसी समस्या है जिसका समाधान आज तक नहीं हुआ है। सवाल यह भी है कि भावी दुनिया में दबंग देशों द्वारा उत्पीड़ित जनता व छोटे देशों का क्या हाल होगा?

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### उत्तर प्रदेश की प्रगति

**उत्तर प्रदेश** की प्रगति उल्लेखनीय है। एक बीमारू राज्य की श्रेणी से उठकर निवेशकों की पसंद वाला राज्य बनना निसंदेह एक सुखद समाचार है। फिल्म जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां हों या बैंकों के चेयरमैन या मुकेश अम्बानी जैसे बड़े उद्योगपति, सभी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात करके प्रदेश में हो रहे विकास को सराहा है और वहां निवेश की बात की है। इसके पीछे दो सबसे प्रमुख कारण हैं, सर्वप्रथम सुधरी हुई कानून एवं व्यवस्था और सड़कों व एक्सप्रेसवे का बढ़ता हुआ जाल। इससे अब राज्य के एक शहर से दूसरे शहर में जाना बेहद आसान हो गया है। श्रमिक वैसे भी उत्तर प्रदेश में सस्ते ही मिलते थे जिन्हे अब अपना प्रदेश छोड़कर दूसरे प्रदेश जाने की जरूरत नहीं है। ऐसे परिदृश्य में यह निवेशकों, राज्य और यहाँ के लोगों सभी के लिए अच्छी खबर है। विकास, रोजगार और प्रगति सब एक दुसरे से जुड़े हुए हैं। प्रदेश की प्रगति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की क्षमता, लगन व दृढ़ता तथा केन्द्र सरकार के संपूर्ण सहयोग का प्रमुख स्थान है। उम्मीद करनी चाहिए कि भविष्य में भी यही स्थिति बनी रहेगी।

**-बाल गोविंद,** नोएडा

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के हर वर्ग का किया समुचित विकासः विधायक आशीष

## विधायक ने किए ग्राम खर्रा में 72.55 लाख रुपए के विभिन्न वार्डो में सी.सी.रोड निर्माण की घोषणा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्रा में आयोजित भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य की नारियल तोड़ भूमिपूजन किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की शहरी एव ग्रामीण आधारित योजनाओ से शहर से लेकर ग्रामीण जनता आर्थिक रूप से हुई है मजबूत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इन पौने 5 सालो में जो विकास कार्य हुए है वह काबिले तारीफ है, पौने 5 सालों में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव से लेकर शहरो की तस्वीर बदल गई है यह काम सिर्फऔर सिर्फ आप सभी कांग्रेस पार्टी के जबाज साथियों के सहयोग के बदौलत ही संभव हुआ है. एक एक गांव का विकास होने के साथ साथ एक एक ग्रामीणों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से सभी खुशहाल है, आप सभी ग्रामवासियो के कड़ी मेहनत,कड़ी परिश्रम के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 2018 में 36 वायदे के साथ आयी थी, उसमें से अधिकतर वायदे पूरे हो गये है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया, सबसे पहले राज्य सरकार ने किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफकरेंगे। 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों



का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफकिया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे,प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा,साथ ही 20 क्विंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है,पहले भाजपा सरकार के समय 16 लाख किसान धान बेचते थे,अब कांग्रेस पार्टी के सरकार बनने से 24 लाख किसान साथी धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है, कृषि क्षेत्र , व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है। सभी विभागों में बहुत सारी नौकरिया निकाली गयी है। मजदूर, जनता, महिलाये, युवा सभी वर्ग बहुत खुश है। ग्राम खर्रा विकास की नई नई गाथा लिख रहा है,बात करे सबसे बड़ी उपलब्धि जिला सहकारी बैंक की स्थापना पहले हमारे किसान भाइयों को कृषि कार्य के लेन देन के लिए बेरला जाना पढ़ता था,जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ता था, इन सभी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए किसान भाइयों को लाभ मिले इसके जिले ग्राम खर्रा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोली गई जिससे आस पास के हजारों किसान भाइयों को कृषि कार्य लाभ मिला था, पूर्व में धान बेचने कुसमी जाना पढ़ता था, लंबी लाइन लगाना पढ़ता था,हमारे किसान भाइयों को अनेको परेशानियों का सामना करना पढ़ता था जिसे ध्यान में रखते हुए कुम्ही, खर्रा के किसानों के लिए धान खरीदी उपकेंद्र खोला गया जिससे हमारे हजारों किसान भाई सरलता, आसानी से पाने धान को बेच रहे है। अगर किसानो को कोई चिंता करने वाली पार्टी है किसानो की खुशहाली की सोचने वाली अगर कोई पार्टी है ओ कांग्रेस पार्टी है की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के मांग के अनुरूप प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है, प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छत्तीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है।

## शहीद शंकर गुहा नियोगी को दी गई श्रद्धांजलि




पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा किसान , श्रमिकों के नेता कामरेड शहीद शंकर गुहा नियोगी को उनके शहादत दिवस पर शहीद स्मारक पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह, सेक्टर अध्यक्ष काशीराम निषाद, युवराज साहू, बूथ अध्यक्ष विजय जोगदंड, रूबी एंथोनी, सुदामा शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव विलसन मैथ्यू,किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष नोमेश रामटेके, आदिल खान, वरिष्ठ नेता हीरालाल पवार उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो प्रतियोगिता को लेकर बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा हितग्राही कार्ड कैम्पेन भूपेश है तो भरोसा है एवम भारत जोड़ो प्रतियोगिता को लेकर राजनादगांव प्रभारी मनप्रीत सिंह की उपस्थिति में कवर्धा विधानसभा में बैठक हुआ। सर्वप्रथम छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आकाश शर्मा,संभाग प्रभारी मानस सुमन पांडे,सह प्रभारी भावेश शुक्ला, जिला प्रभारी चेतन भानुसाली,विधानसभा प्रभारी प्रतीक यदु, रामेश्वरपुरी गोस्वामी,युवा कांग्रेस अश्वनी वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में हितग्राही कार्ड को लेकर बताया कि कवर्धा विधानसभा के गांव-गांव में जाकर 7364 हितग्राही कार्ड 9090029090 में मिस कॉल करके भरे है।छत्तीसगढ प्रदेश में कवर्धा चौथे स्थान पर है।जिसमे अमजानो से सीधे संवाद एवं राय सुझाव हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय से 72 घंटो के अंदर बात होती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए जन कल्याणकारी योजनाएं किसानों का कर्जा माफ, धान का समर्थन मूल्य 2640, बिजली हाफ प्रत्येक परिवार को राशनकार्ड, भूमिहीन परिवार को प्रति वर्ष 7000 सलाना, बहुत विभागो में काम करने वालो का मनोदय बढ़ाया, युवाओं के लिए शिक्षक भर्ती,विभिन्न विभागों में नौकरी के अवसर, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा, सभी वर्गो के हित मे काम कर रहे है, कवर्धा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के प्रयास से जो काम भाजपा के रमन सरकार ने 15 वर्षो में नही किया उसे महज 3 वर्ष में ही कवर्धा सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण, देश के प्रथम एथेनॉल प्लांट की कवर्धा में स्थापना, छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज की सौगात, भोरमदेव में जंगल सफारी, किसानों के लिये करियाआमा में जलाशय निर्माण, तीन नए सहकारी बैंक की स्थापना, 20 नए धान खरीदी केंद्र की सौगात, सिल्हाटी में 132 केवी सब स्टेशन की सौगात, 9 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की सौगात सहित अन्य योजनाओं का अंबार है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनराज वर्मा, प्रकाश चंद्रवंशी, माधवेश चंद्रवंशी, जीवन लाल मरकाम, विष्णु सिंह नेताम, लक्ष्य कुमार वर्मा, गजेंद वर्मा, लोकेश जायसवाल, पहलाद धुर्वे, महेश वैष्णव, भागीराम साहू, लुकेश वर्मा, बृजेश कौशिक, रामानुज श्रीवास, अयोध्या साहू, रामगोपाल वर्मा, हेमंत कुमार वर्मा, बसंत जासवाल, चंद्रहास बंजारे, भोला चंद्रवंशी, मिथुन कश्यप, अजय लांझी, अजय, रामू लांझी, फागु साहू, पप्पू चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, शैलेंद्र कुमार वर्मा, सूरज चंद्रवंशी, नितेश वर्मा, निलेश वर्मा, राजेंद्र साहू, संजय जायसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चार परिवार को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**बेमेतरा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर पी एस एल्मा द्वारा जिले के चार विपत्तिग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रुपये की मान से 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील नांदघाट के ग्राम कातलबोड़ निवासी कुंतीबाई की पानी मे डुबने से मृत्यु होने पर परिजन उत्तम सिंह को चार लाख रुपये व तहसील नांदघाट के ग्राम संबलपुर निवासी रामजी बघेल का सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन पुन्नीबाई बघेल (पत्नी) को चार लाख रुपये व तहसील भिंभौरी के ग्राम भिंभौरी निवासी कु. रूबी साहू का सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन बलराम साहू को चार लाख रूपए एवं तहसील नांदघाट के ग्राम घूरसेना निवासी संतोष यादव का तालाब में डुबने से मृत्यु होने पर परिजन शिवकुमार यादव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## हज़रत मौलाना इरफान मिस्बाही की सरपरस्ती में आल छत्तीसगढ़ नातिया इनआमी मुकाबला का समापन



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

ईद मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर पोंडी ज़िला कबीरधाम (कवर्धा) में सीनियर जूनियर का नातिया प्रोग्राम रखा गया था जिसमें प्रदेश के 10 जिले से लोग इस प्रोग्राम में शामिल हुए सीनियर और जूनियर का अलग-अलग कंपटीशन कराया गया फाइनल राउंड में सीनियर से 15 लोग और जूनियर से 10 लोगों ने जगह बनाई जूनियर में प्रथम पुरस्कार अहमद रजा पिता मोहम्मद निजाम कवर्धा सेकेंड पुरस्कार शेख इमाम हमजा पिता शेख निजामुद्दीन कवर्धा तीसरा पुरस्कार शेख अरशद पिता शेख नईम कवर्धा सीनियर में प्रथम पुरस्कार मंसूर रजा पिता शरीफ खान शरीफ खान कवर्धा सेकेंड पुरस्कार मोहम्मद अकरम लोरमी जिला मुंगेली तीसरा पुरस्कार अख्तर रजा पिता कलीमुल्लाह अंबिकापुर को दिया गया 2 दिन के समारोह में पहले दिन केवल लोकल छोटे बच्चे और बच्चियों का कार्यक्रम था और कल 26 सितंबर की रात में आल छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम था इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा बालिगान के बच्चों ने सवालो जवाब में हिस्सा लिया और दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी इस कार्यक्रम में तीन जज बुलाए गए थे मुख्य जज मुफ्ती मारूफकवर्धा दूसरे जज कारी सज्जादुल कादरी जमुनिया तीसरे जज हाफिज इकबाल भिंभोरी ने बच्चों का खूब हौसला बढ़ाया संचालन कर रहे मास्टर रियाज़ कादरी ने बताया के इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में एक ताकत आती है। इस कार्यक्रम में भरपूर योगदान करने वाले निस्सू, राजा, गुलाम, अब्दुल, इरफान, हफीज, सादिक, अज़ान, रिज़वान, जिशान, इजराइल, रियाज़, अनस, अन्ना, सोना, हुसैन, सलीम , रज्जू, राजू, मुशाहिद, जुनैद, सुहैल, साहिल, मदरसा बालिगान के तमाम स्टूडेंट्स का भरपूर सहयोग रहा।

## कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र धुरूवाटोला विकास खण्ड डौण्डी के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों में गितेश कुमार कक्षा आठवीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धुरूवाटोला द्वारा निर्मित ग्रास कटर मशीन, कुमारी तान्या प्राथमिक शाला गिधाली द्वारा एफएल एन पर आधारित मॉडल प्रथम स्थान पर रहा। संकुल समन्वयक टी आर साहू ने बताया की शिक्षकों के मार्गदर्शन पर बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ मॉडल वैज्ञानिक रुचि को बढ़ावा, देने के साथ खेल-खेल में शिक्षा प्रभावी संप्रेषण एवं अपने परिवेश से जुड़कर सीखने के प्रति उत्साह व दक्षता हासिल करने का साधन है। क्विज प्रतियोगिता में कुमारी मेधावी कक्षा आठवीं प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम में सी एस भुआर्य, तिलक राम सहारे,उत्तम भुआर्य, ,डी नागेन्द्र,विजय मण्डले,आर के फेर , उमेन्द्र कौशिक, मनभावन साहू,रोहित साहू, प्रदीप रांडे,भूपत कुमार धनेन्द्र का सहयोग रहा।

## भूपेश सरकार सभी वर्गों को लेकर काम कर रही है फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा के युवा स्थानीय नेता इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कमान संभाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के विकास के लिए विशेष पहल किया चाहे बाद ग्रामीण इलाकों की हो या बस्तर के आदिवासियों के हो या शहर में रहने वाले लोगों के लिए गांव में रहने वाले के लिए योजना बनाई है इन योजनाओं से प्रदेश की जनता काफी खुशी है,एवं सुख सुविधा मिल रही है आज भूपेश बघेल नागरिकों की समस्या का निवारण किया गया है खानपान,मे बिजली बिल पानी की समस्या शिक्षा बेरोजगारी खेत खलियान नरवा गरुवा, घूरवा, बारी से ग्रामीणों की हर परेशानी दूर किया है जिसके लिए छत्तीसगढ़,की जनता कभी सपना देख रहा था वह भूपेश बघेल ने अपनी विभिन्न योजनाओं से छत्तीसगढ़ वासियों को राहत दी है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष पहल से प्रदेश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं महात्मा गांधी ग्रामीण और इंडस्ट्रियल पार्क महिला समूह को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने और अभी जीविका से जोड़ने के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है राज्य सरकार ने गांव के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का सपना पूरा किया है जिससे गांव के परंपरागत व्यवसाईयों को एक शुभ अवसर मिला है वह अपने परंपरागत व्यवसाय के जरिए आत्मनिर्भर बनके साथ-साथ गांव को भी आत्मनिर्भर बना रहे हैं इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के राज्य में विकास की गंगा बह रही है इसलिए छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस सरकार बनेगा।

# जनमुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में मनाई गई नियोगी की शहादत दिवस



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

28 सितंबर को स्त मजदूर नेता स्व. शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर छत्तीसगढ़ सहित देश भर के मजदूर नेताओं का दल्लीराजहरा में जमावड़ा रहा। जन मुक्ति मोर्चा के हजारों मजदूरों द्वारा शहादत दिवस पर बड़ी रैली निकाली गई। रैली में लालहरा झंडा जिंदाबाद, स्व. शंकर गुहा नियोगी अमर रहे, जन मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद सहित अनेक नारे लगाए गए रैली में मुख्य आकर्षण मादरी,रिलो,डांडिया नृत्य,छत्तीसगढ़ी कवाली, रहे जिसके द्वारा रैली में पूरा गर्मजोशी माहौल बना कर रखा गया रैली में अधिकतर सदस्य लाल हरा कपड़ा पहने हुए थे । जिससे पूरे शहर का माहौल लालहरा रंग से सराबोर हो गया था। रैली पूरे शहर का भ्रमण कर जैन भवन चौक पर आमसभा के रूप में परिवर्तित हुई। स्व. शंकर गुहा नियोगी के बेटे जीत गुहा नियोगी ने कहा की 32 साल पहले आज ही दिन किसान मज़दूरों के मसीहा स्व. शंकर गुहा नियोगी को छत्तीसगढ़ के शोषणकर्ताओं के समूहों द्वारा गोली मार कर हत्या करवाने जैसा अपराध किया गया। परन्तु ये लोग यह भूल गए कि शंकर गुहा नियोगी एक व्यक्ति नहीं एक धारा थी धारा है। किसी व्यक्ति को मारा जा सकता है, पर विचारधारा को मारना असम्भव है। आज स्व.नियोगी के शहादत के 32 साल बाद भी उनका विचार छत्तीसगढ़ के मजदूर किसानों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी फैल रहा है व नवजवान शहीद शंकर गुहा नियोगी का रास्ता अमल कर अपने नए छत्तीसगढ़ को गढ़ने का सपना सजाये जनता के बीच कार्य कर रहे है और हमे पूरी उम्मीद है। कि एक दिन नियोगी के सपनो का छत्तीसगढ़ जरूर बनेगा जहाँ किसान,मजदूर राज करेगें, व सभी को समान काम समान रोजगार प्राप्त होगा। इस रैली में भिलाई ,दुर्ग,जामुल राजनांदगांव, रसमड़ा, टेडेसरा, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, बीजापुर, गरियाबंद, मानपुर,मोहला, डोंगरगांव,चौकी आदि जगह के किसान मजदूर शामिल हुए। इस रैली को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने भी अपना समर्थन देकर इनके साथ सँयुक्त आमसभा किया जिसमें लाल हरा परिवार छत्तीसगढ़ के सभी मोर्चा संगठन शामिल हुए।

# झूठा आरोप पर होगा मानहानि का मुकदमा



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा क्षेत्र के विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि उनके विरुद्ध झूठा आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा इस संबंध में अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक आशीष छावड़ा ने कहा कि बीते दिनों सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम में कुछ लोगों के उपस्थिति में सनातन हिंदू समाज के अध्यक्ष राजीव लोचन श्रीवास्तव ने बेमेतरा विधायक के रूप में मुझ पर आरोप लगाया गया है कि राम मंदिर भूमि ट्रस्ट के भूमि का पर अपनी पद का दुरुपयोग करते हुए अपने रिश्तेदारों के नाम पर राम जन्म ट्रस्ट के भूमि को अंतरण किया गया है जिसे मैं स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दबाव पूर्व पूर्वक राम मंदिर न्यास की भूमि का अंतरण करने का जो बात कही गई वह बिल्कुल निराधार एवं मिथ्या है उनका कहना है कि इस संबंध में यदि कोई सबूत हो गवाह हो या किसी तरह से कोई प्रमाण हो तो उन्हें सामने लाना चाहिए विधायक ने कहा कि आने वाले समय में चुनाव होने वाला है जिसको ध्यान में रखते हुए इस तरह से मेरे छवि को धूमिल करने का जो कुषित प्रयास किया किया गया है इसके खिलाफमें अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में परिवारवाद दायर किया जाएगा उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से काम चला है और लोगों का विश्वास भूपेश के ऊपर करना किया गया है उससे भाजपा भयभीत हो गई है और खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने की तरह इस तरह से काम कर रही है उन्होंने कहा कि उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति का इस मामले में लेना-देना नहीं है इसके साथ यह भी यह भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि सन 2000 का यह मामला है राम मंदिर ट्रस्ट का यह जगह है पर जिस पर जिसकी सुमित कौर के द्वारा राम मंदिर का जमीन 4.42 एकड़ को लेकर दिया गया है और उसके स्थान पर 5.25 एकड़ राम जन्म राम मंदिर ट्रस्ट को दिया गया है विधायक ने आगे बताया कि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार मंदिर के समिति के ट्रस्ट समिति के सदस्यों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है और उनके निर्णय के बाद ही ऐसा इस तरह से करवाई किया गया है इसके साथ ही इस संबंध में दावा आपत्ति के लिए समाचार पत्र में भी इश्तहार प्रकाशित हुआ था लेकिन उसे समय को भी दावा आपत्ति नहीं किया गया केवल यह राजनीतिक लाभ लेने के लिए षड़यंत्र पूर्वक काम किया गया है और मेरे छवि को धूमिल करने का यह कुषित प्रयास किया गया है जिसका निंदा जितना निंदा किया जाए कम है।

# मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी गौठान योजना का बुरा हाल चारा है न पानी, तड़पकर गोवंश की हो रही दर्दनाक मौत



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक नरवा गरुवा घुरवा बारी के तहत बनाई गई गौठाने शो पीस बनकर रह गई हैं। लाखों रुपए की लागत से गौठाने तो बनाए गए लेकिन आज उनके हाल बेहाल है। एक ऐसा ही मामला सामने आ रहा है ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में स्थित गौठान में भूख प्यास से तड़पकर एक साथ 5 से 7 गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में गौठान संचालित है। जो गौठान सिर्फ नाम का ही गौठान है। जहां गौठान योजना के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यहां गोवंश के लिए ना चारा है, ना पानी है और ना ही बिजली व शेड की व्यवस्था है भी नाम मात्र है। सिंवार में ग्रामवासी का कहना है कि चारा पानी नहीं होने से रोजाना एक दो गोवंश की मौत हो रही है।बात यही की सिंवार यहाँ के गौठान में कोई देख रेख नही है बता दे की गौठान में जो गाय माता की मौत हुई है वही के वही पड़ा है उसका कंकाल टाइप दिख रहा है दूसरा अधिकारी लोग देख तक नही रहे है ग्रामीणों का कहना है जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो एक ड्क एक करके सभी गोवंश की मौत होने से नकारा नहीं जा सकता।

## डेंगू बुखार के प्रति चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान

**दल्लीराजहरा।** डेंगू बुखार के प्रति दल्लीराजहरा में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा। जिसमें रेलवे कॉलोनी की साफसफाई का निरीक्षण किया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों द्वारा रोड, नाली व रेलवे स्टेशन, इंस्टीट्यूट क्षेत्र के आसपास



विशेष ध्यान रखने कहा गया ताकि गंदगी ना फैले जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो सके। इस प्रकार 2 अक्टूबर तक वार्ड नंबर 26 के समस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा जहां सफाई क्षेत्र में कमी दिखे नगर पालिका अधिकारी के समक्ष बात रखा जाएगा जिससे वार्ड में साफसफ ई का निवारण हो सके।

## गायत्री मंडावी को मिला श्रेष्ठ प्रधानपाठक का पुरस्कार




पायनियर संवाददाता थान खमरिया
www.dailypioneer.com

संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दुर्ग शहर में किया गया जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अरुण वोरा जॉइंट डायरेक्टर आर एल ठाकुर की उपस्थिति में जिला बेमेतरा जिला कबीरधाम जिला दुर्ग जिला बालोद के शासकीय शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह में विकासखंड सहसपुर लोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला भीखमपुर में कार्यरत श्रीमती गायत्री मंडावी प्रधान पाठक को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा, खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पालकों की सहभागिता तथा अन्य गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसके लिए ग्राम स्तर, विकास खंड स्तर व जिला स्तर पर कई सम्मान पुरस्कार मिले हैं। 26/ 9 /2023 को संभागीय स्तरीय में मुख्यमंत्री शिक्षक गौरव पुरस्कार में उत्कृष्ट प्रधान पाठक के लिए गायत्री मंडावी को सम्मानित किया गया। जिसमें संभाग स्तर पर दुर्ग के विधायक अरुण वोरा, आर.एल. ठाकुर संयुक्त संचालक, जनक प्रसाद पाठक संभागायुक्त, के.के. शुक्ला ए.डी. एवं जिला शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया भीखमपुर की प्रधानपाठक गायत्री मंदावी को सम्मानित किए जाने पर शिक्षक भागवत साहू, राजकुमारी जांगड़े, उदय राम मांडवी, गुलाब साहू, देवानंद त्रिपाठी, महेश मिर्जा, गजानन पाटिल हेमंत पाटील, परमानंद साहू सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की

# सक्ति में ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मुस्लिम समाज ने निकाला भव्य जुलूस

## पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





सक्ति शहर में 28 सितंबर को मुस्लिम समाज के पवित्र पर्वत ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर के जामा मस्जिद से भव्य जुलूस समाज बंधुओ ने निकाला, यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए गौरव पर मार्ग स्थित नगर पालिका कार्यालय के पास पहुंचा, जहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस जनों, समाज बंधुओ एवं गणमान्य नागरिकों ने इस जुलूस का जोरदार स्वागत किया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, कांग्रेस नेता पिंटू ठाकुर, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया, चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के वरिष्ठ श्यामसुंदर अग्रवाल चूड़ी वाले, एवं कांग्रेस नेता अमीर अनिरुद्ध अग्रवाल ने मुस्लिम समाज के बंधुओ को माला पहनकर मुंह मीठा कराया तथा उन्हें ईद की मिलादुनबी की बधाई दी,इस अवसर पर स्वल्पाहार तथा शरबत की व्यवस्था की गई थी एवं ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु महिलाएं एवं यूवतियां भी मौजूद थी, तथा पूरे जुलूस का उत्साह देखते ही बन रहा था एवं ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज के प्रमुख महबूब भाई ने भी इस यात्रा के स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज शक्ति शहर में आपसी भाईचारा एवं समन्वय एक मिसाल है तथा हम मुस्लिम समाज की ओर से आप सभी का आभार व्यक्त करते हैं कि आपने इतनी आत्मीयता के साथ हमारे इस पर्व पर हमारा उत्साह वर्धन किया, वहीं इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल सहित उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं समाज बंधुओ ने भी कहा कि ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज का एक पवित्र पर्व है तथा इस पर्व पर हम सभी आपको हार्दिक बधाई एवं दिली मुबारकबाद देते हैं, ज्ञात होगी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल द्वारा प्रतिवर्ष मुस्लिम समाज के प्रमुख त्योहारों पर निकलने वाले जुलूस में यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाता है, तथा इस वर्ष भी इस यात्रा का स्वागत किया गया,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के कार्यालय में आयोजित जुलूस के स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से भारत स्काउट गाइड शक्ति जिले के जिला मुख्य आयुक्त तनवीर अहमद सोनू कुरेशी, कांग्रेस नेता राहुल अग्रवाल, चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के शंकर लाल अग्रवाल अमलड़िहा, राकेश टंडन, रजत गोयल, जायसवाल, कांग्रेस नेता कमल शर्मा, कांग्रेस नेता अमीर अनिरुद्ध अग्रवाल, अनीस अरमान, पूर्व पार्षद माजीद खान, इब्राहिम खान, जावेद खान, शेख नजीर खान कल्लू, जहीर भाई,सहित काफी संख्या में मुस्लिम समाज के बंधु भी मौजूद रहे।

# नेत्र रोगियों की नि :शुल्क जांच कर चश्मा वितरण, 95 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

## मोतियाबिंद मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया रायपुर

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



हाईकोर्ट अधिवक्ता व प्रदेश विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस महामंत्री कमल पटेल के द्वारा सद्भावना भवन जैजैपुर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्र के 95 मरीजों ने जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर के चिकित्सकों ने मशीनों से मोतियाबिंद, आइफ्लू, आंखों के पॉवर की जांच कर दवा व चश्मा वितरण किया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर पहुंचे हुए थे।इलाज के लिए पहुंचे लोगों का कहना था कि किसी भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस प्रकार का फ्री में इलाज नहीं कराया जाता है, मगर सामाज सेवा के लिए आगे आए हाईकोर्ट अधिवक्ता कमल किशोर पटेल के द्वारा नेत्र रोगियों के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए यहां नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जैजैपुर क्षेत्र के आसपास के लोग अपनी नेत्र का जांच करने के लिए आए ।इलाज के लिए मुक्ता के वृद्धा महिला ने कहा कि मुझे बहुत दिनों से आंख मैं परेशानी हो रही थी और ऑपरेशन के लिए पैसे नहीं होने का कारण इलाज भी नहीं करा पा रही थी, जैसे फ्री में इलाज की जानकारी हुई तब यहाँ आई हूं और आज नि:शुल्क में इलाज हो गया। शिविर के सहयोगी लोकेश्वर चंन्द्रा ने कहा कि सामाजिक सेवा के लिए आए कमल पटेल के द्वारा लगातार नि: स्वार्थ भाव के इस तरीके से कार्य किया जा रहा है और आज भी उनके द्वारा नेत्र रोगियों के लिए शिविर का आयोजन किया ।जिसमे क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर नेत्र का जांच कराए हैं।

# कलेक्टर स्कूलों में चल रहे साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन का स्वयं स्कूल पहुंचकर कर रही निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में चल रहे साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन का स्वयं स्कूल पहुंचकर निरीक्षण और समीक्षा कर रही है। कलेक्टर द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरदा में औचक पहुंचकर 10वी, 12वी के छात्र-छात्राओ के चल रहे सभी विषयों के साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा ग्राम लवसरा तथा पोरथा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण और समीक्षा किया गया है। जिसमें शिक्षक, पालक एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे, समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों के मूल्यांकन कॉपी, फेयर कॉपी को चेक किया और जिन विद्यार्थियों के नंबर कुछ कम है या मूल्यांकन में उपस्थित नही है उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा की यदि किसी कारणवश कोई विद्यार्थी मूल्यांकन के दिन उपस्थित नहीं हो पाते है तो जिस दिन वह छात्र स्कूल आए उस दिन उनका मूल्यांकन जरूर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने पालकों को रोजाना बच्चों के स्कूल बैग एवं कापी किताब को जांच करने का आग्रह किया और साथ ही साथ घर में पालकों को बच्चों के पढ़ाई के समय कम से कम एक दो घंटे का समय जरूर देने का प्रयास करने कहा। जिससे बच्चें क्या पढ़ाई कर रहे हैं उसकी जानकारी पालकों को हो सके, जिससे पालक अपने बच्चों को उचित मार्गदर्शन भी दे सकें । निरीक्षण सह समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल खरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.पी राठौर, सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, स्कूल के समस्त शिक्षक सहित छात्र छात्राए और छात्र छात्राओं के पालक उपस्थित थे।

# मृत व्यक्ति के नाम केसीसी लोन निकालने के मामले ने पकड़ा तूल

## उप पंजीयक ने दिए पूरे मामले में जांच के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



मृत व्यक्ति के नाम 1 लाख 35 हजार केसीसी लोन निकालकर हजम करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बताया जा रहा है मामला मीडिया में आने के बाद प्रबंधक गायब है तो वहीं अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। आपस में सुलह करने की और देखने दिखाने तक की बात शुरू हो गई है। इधर, इस पूरे मामले में सहकारी संस्थाए जांजगीर के उप पंजीयक ने जांच बैठा दिया है। जांच का जिम्मदा वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को दिया गया है।आपको बता दें कि सिवनी चांपा गांव के सेवा सहकारी समिति मृत व्यक्ति सागर सिंह पिता धावन सिंह की मृत्यु 18 सितंबर 2021 को हो गई थी। इसके बावजूद वर्ष 2022-23 में उसके नाम से 1 लाख 35 हजार केसीसी निकालकर हजम कर लिया गया है। बैंक ने जब केसीसी लोन वसूली लिस्ट जारी किया तो उसमें नंबर 26 में मृत व्यक्ति सागर सिंह का नाम दर्ज है। इतना ही नहीं, केंद्रीय बैंक शाखा चांपा में खाता क्रमांक 60602 7038255 केसीसी की राशि 1 लाख 35 हजार रुपए डाला गया था। बाद में उस खाते से उक्त राशि भी आहरण हो गई। इधर, मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है सेवा सहकारी समिति सिवनी का प्रबंधक गायब है। उससे संपर्क भी नहीं हो रहा है। वहीं सोशल मीडिया में भी मामले का निपटारा आपस में करने के बजाय सार्वजनिक करने को लेकर वाकयुद्ध चल रहा है। इधर, इस पूरे मामले में सहकारी संस्थाएं जांजगीर के उप पंजीयक ने जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### जांच में लापरवाहीं बर्दाश्त नहीं

जिस तरह यह मामला सुर्खियां बटोर रहा है, उसे लेकर यदि जांच में थोड़ी सी लापरवाही बरती गई तो इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। क्योंकि सागर सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र, केसीसी खाता क्रमांक 606027038255 केसीसी की राशि 1 लाख 35 हजार रुपए डालने और वसूली लिस्ट से आहरण होना साबित होता है। जांच के लिए इतना दस्तावेज पर्याप्त है, फिर भी विभागीय प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए जांच रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### अपराधिक श्रेणी का है प्रकरण

कानून के जानकारों का कहना है कि मृत व्यक्ति के नाम साजिश कर केसीसी लोन निकालकर हजम करने का मामला अपराधिक है, जिसमें विभागीय कार्रवाई के साथ ही एफआईआर भी पजीबद्ध होनी चाहिए। लेकिन इस पूरे मामले को आपस में बैठकर निपटाने पर ज्यादातर सहमत दिख रहे हैं। इससे जाहिर है इस तरह का और कई मामला हो सकता है, जिसमें से पर्दा उठना बाकी है। ऐसे मामलों के लिए सिरे से जांच की जरूरत है।

# जिले के समस्त परियोजना अंतर्गत पोषण माह कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के समस्त परियोजना अंतर्गत पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी 1 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है । आज का थीम पंचायती राज संस्थाओं हेतु एनीमिया विषय पर संवेदीकरण प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव पश्चात देखभाल आदि पर संवेदीकरण सत्र का आयोजन - पोषण पंचायत सामुदायिक बैठक किया गया हितग्राहियों की एनीमिया जाँच की गई एवं एनीमिया से रोकथाम पर चर्चा और पौष्टिक आहार एवं मिलेट्स से बने व्यंजन एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई ।

# पानी टंकी चोरी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



पानी टंकी चोरी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार। कन्हैया अग्रवाल पिता मनोज अग्रवाल साकिना अकलतरा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 14 सितंबर को करीब 02-03 बजे दोपहर अपने गोदाम मे ताला लगाकर वापस घर चला गया था जो दिनांक 26 सितंबर को सुबह 11.00 बजे जाकर देखा गोदाम का ताला टूटा हुआ था गोदाम के अंदर जाकर देखने से गोदाम अंदर रखे जिगमा कंपनी के सिनटेक्स टंकी, वाईबरेटर मशीन, डीजल पंप, टाईल्स एंव नल का प्लास्टिकक पाईप जुमला कीमती करीब 80,000 रूपये का समान को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान खिलेश दास साकिन संजय नगर अकलतरा को तलब कर पूछताछ किया जिन्होने अपना 01अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किए तथा उसके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर 04 नग सिनटेक्स कीमती 40,000 रूपये को ग्वाहो के समक्ष बरामद किया गया है. आरोपी खिलेश दास साकिन संजय नगर अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 27 सितम्बर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है, तथा अन्य आरोपी की पातासाजी जारी है. उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टी.एस पटटावी सउनि अरूण सिंह,प्र.आर. संतोष यादव आर. प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र धृतलहरे, बृजपाल बर्मन, विवेक ठाकुर टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# जीएससी स्कूल के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निकाली जन जागरूकता रैली





पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्धता, सुशील कुमार एक्का, समन्वयक रासेयो इकाई के मार्गदर्शन में हमारे विद्यालय जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल, जैजैपुर, सक्ती के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा दिनांक 15 सितंबर 2023 को स्वयं सेवकों ने स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली एवं निबंध एवं चित्रकला का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्य चन्द्रा/ प्रमोद चन्द्रा, द्वितीय स्थान पर छत्रदेव साहू/ संतराम साहू रहें। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती आदित्य/ मीनाक्षी कुमार आदित्य एवं द्वितीय स्थान पर दीक्षा जायसवाल/ संतोष कुमार जायसवाल रहें। इसके तहत् विद्यालय प्रांगण से नगर पंचायत जैजैपुर बस स्टैण्ड तक स्वच्छता जागरूकता अभियान के जागरुकता रैली निकाली गई। स्लोगन और नारा के द्वारा लोगों स्वच्छता के बारे में बताया गया। रैली के बाद नगर पंचायत स्थित दशहरा मैदान और विद्यालय प्रांगण की साफ- सफाई की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार यादव, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कु. रीमा रानी पलांगे, सहा. कार्यक्रम अधिकारी सुदाम बेहेरा, कैलाश दास, बबीता गोस्वामी, रामेश्वर प्रसाद धीवर, लखेश्वरी देवांगन, शकुन्तला चौहान, सुरेश नायक, राधेश्याम कुर्रे, महेश नारंग, बलराम कर्ष, लव कुमार चन्द्रा आदि शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के रासेयो इकाई के स्वयं सेवक देवेंद्र, कमलेश, भावेश, आशीष, दुर्गेश चन्द्रा, कपिल साहू, लक्ष्मी नारायण, विनोद, ईश्वर, काव्यांश, गोवर्धन, विवेकानंद, हर्ष कुमार चौहान, सूरज चन्द्रा, मनीष, राजू, प्रीतम, देवेंद्र चौबे, प्रणव, लक्ष्मी कुमार, नागेश्वर, महेश, विवेक चन्द्रा, प्राची चन्द्रा, दीप्ति जायसवाल, आरती, आर्या, अंजली सिदार, निधि, दिव्या, अंजली कुर्रे, चांदनी, तान्या, कंचन, अंजली चन्द्रा, साक्षी चन्द्रा, प्रेमलता, नैना, कामिनी, नंदनी, पूजा, मालवी, मुस्कान, आशा, आदि एवं विद्यालय के समस्त छात्र/ छात्राओं उपस्थित में कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## गांव भी अब होंगे शहरो की तरह प्रकाश से चकाचोंध : गिरधर जायसवाल

# 100 ग्रामीण इलाकों में लगेगी विधानसभा अध्यक्ष महंत की पहल पर हाईमास्क लाइट

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महन्त ने विधानसभा क्षेत्र सकती के विभिन्न ग्रामो के चौक- चौराहे में प्रकाश व्यवस्था करते हुए 100 स्थानों पर हाईमास्क लाइट स्वीकृति कराई हैं, इस सम्बंध में वरिष्ठ कॉग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने बताया कि पूर्व में विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में हाई मास्क लाइट का कार्य हो गया हैं, शेष बचे स्थानों पर ग्रामीणों के मांग पर उक्त हाईमास्क लाइट स्वीकृत कराया गया है विधानसभा क्षेत्र शक्ति के कुछ ग्रामों को छोड़कर सभी ग्रामों में विद्युतीकरण पूर्ण किया जा चुका है शेष बचे ग्रामों में भी अति शीघ्र सड़क विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होगा शक्ति विधानसभा को उजाले की ओर ले जाने के लिए या सराहनीय कदम डॉक्टर चरण दास महंत ने सभी ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य कर कर किया है,छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रतिनिधि जायसवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सकती के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी हाई मास्क लाइट लगने का कार्य प्रारंभ हो गया है,शहरों में लगाया जावेगा ग्रामीण इलाकों एवं जहां चौक चौराहे में ग्रामीण जन उत्सव का आयोजन करते है वैसे स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने पर क्षेत्र के मतदाताओं पंचायत प्रतिनिधियों एवं कांग्रेस जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद शक्ति विधानसभा क्षेत्र में पहली बार ग्रामीण इलाकों में उजाला हुआ है अब तक लोग खाबो में बिजली के लिए तरसते थे जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह ने कहा कि शक्ति विधानसभा छत्तीसगढ़ में पहले विधानसभा होगा जिसमें सभी ग्रामों में ग्रामीण विद्युतीकरण के माध्यम से विद्युतीकरण किया गया है ग्रामीणों की मांग पर गांव के चौक चौराहों पर हाई मास्क लाइट स्वीकृत कराई गई है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जयसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन, जिला किसान कॉग्रेस अध्यक्ष साधेश्वर गवेल, जिला जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस गीता देवांगन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महबूब खान नगर कॉग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर चोबे रविंद्र शर्मा शस्वतधर दीवान बाबू लाल जायसवाल केदारनाथ राठौर राघवेंद्र नामदेव दीपक बरेठ विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल अमित राठौर हेमंत डड़सेना डॉक्टर लखन राठौर प्रकाश अग्रवाल सुरेश अग्रवाल सरपंच संघ के अध्यक्ष डमरू दर साहू कृषि उपज मंडी शक्ति के अध्यक्ष रूप नारायण साहू सदस्य जागेश्वर सिंह राज धनेश्वर जायसवाल रेशम पटेल। अमृत सोनहर जागेश्वर सिदार सरवन सिदार राजीव जायसवाल पिन्टू ठाकुर उगेन्द अग्रवाल भुरू अग्रवाल रथ राम पटेल गुरुदेव चौधरी रामेश्वर बरेठ विशाल जांगड़े लेख राज गवेल रिक्की सेवक रामसजीवन देवांगन गजाधर यादव चांदनी सहिस अलका जायसवाल कौशल्या कमलेश वन्दना राज नवदुर्गा कन्हैया सिदार मोहगांव सम्मेलाल गवेल लाला सोनी चिंटू ठाकुर समीर बनाफ़र अशोक यादव सुरेश देवांगन श्यामराठौर मुरली राठौर विजय सुयवंशी हेमन्त डडसेना लीलाधर जायसवाल दीपक राठौर दिगम्बर सिदार लव सोनी घनश्याम जायसवाल मनोज जायसवाल पीयूष राय चन्द कुमार देवांगन पिन्टू यादव मोहन जायसवाल मनीष कथूरिया तनवीर कुरैशी कमल शर्मा दिनेश जायसवाल अनिल रौतिया मनोहर खूंटे दीपक सरपंच उमेश साहू प्यारेलाल पटेल रन साय बरेठ सहित सभी ने डॉ चरण दास महन्त को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# 60 लीटर महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार। जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।* दिनांक 28.09.2023 को मुखबीर सूचना मिला की थाना मुलमुला, शिवरीनारायण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर पाया गया कि आरोपी (01) दीना कश्यप उम्र 40 साल निवासी जेवरा थाना मुलमुला के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 6,000/रूपया (02) प्रवीण कुमार खटकर उम्र 23 साल निवासी मेंहदी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1000 / रूपया (03) मोहन पटेल के उम्र 50 साल निवासी मेहन्दी के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 2000 / रूपया बरामद किया गया है। आरोपी दीना कश्यप उम्र 40 साल निवासी जेवरा के विरूद्ध थाना मुलमुला में तथा आरोपी प्रवीण कुमार खटकर उम्र 23 साल, मोहन पटेल उम्र 50 साल निवासी मेहन्दी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में अलग- अलग अपराध धारा पंजीबद्ध किया जाकर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में यदुमणि सिदार स्थ्ह्लक्क चॉपा, निरी. रंजीत सिंह कंवर, उपनिरी कृष्ण पाल सिंह, प्रआर अनिल अजगल्ले, आर सुरेश कुर्रे, हेमंत खरे का सराहनीय योगदान रहा।

# नौकरी लगाने के नाम से रिश्वत लेते आरएमए का वीडियो वायरल

## मामला स्वास्थ्य विभाग का

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



नौकरी लगाने, कोई काम करने या कराने के नाम पर रिश्वत लेने का खेल लंबे समय से चल रहा है। कई मौकों पर रिश्वतखोरी में लिप्त लोगों का फोटो व वीडियो भी बना लिया जाता है। ऐसा ही एक मामला प्रतापपुर विकासखंड से सामने आया है। यहां एक डॉक्टर ने एक युवती को कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर उसके पिता से 1 लाख 20 हजार रुपए लिए थे। रुपए देते समय घर के सदस्यों ने वीडियो भी बना लिया था। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वीडियो देख क्षेत्र के लोग आक्रोशित हैं और डॉक्टर की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। युवती के पिता ने मामले की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर से भी की है। गौरतलब है कि प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाडीह अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडारी में जीवनदीप समिति के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती चल रही है। पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही अभ्यर्थी की पदस्थापना होनी है। इसी बीच यहां पदस्थ आरएमए (ग्रामीण चिकित्सा सहायक) डॉ. विकास मिंज द्वारा ग्राम पेंडारी निवासी हीरा पैंकरा से उसकी बेटी कशीला पैंकरा की नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरएमए डॉ. विकास मिंज ग्रामीण के आंगन में कुर्सी पर बैठा है और उसके हाथ में 500-500 रुपए के 2 बंडल तथा 200 रुपए के एक बंडल हैं। इसमें डॉक्टर द्वारा कहा जा रहा है कि यदि नौकरी नहीं लगी तो रुपए वापस कर दिए जाएंगे। पहले ऐसा होता आया है कि रुपए देने के बाद नौकरी भी नहीं लगती है और रुपए भी वापस नहीं होते, लेकिन यहां ऐसा नहीं होगा। हम कोशिश कर रहे हैं कि नौकरी लग जाए। इस बीच ग्रामीण हीरा पैंकरा व उसकी बेटी डॉक्टर से कहते हैं कि पूरी कोशिश करिएगा कि नौकरी लग ही जाए। वीडियो में आरएमए के साथ ड्रेसर भगवान दास भी है, जो डॉक्टर के साथ रुपए लेने पहुंचा था। इस मामले में क्षेत्रवासियों ने आरएमए के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### रिश्वत लेने की बात स्वीकारते ऑडियो भी वायरल

आरएमए द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेने की बात स्वीकार करते सोशल मीडिया पर एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में एक ग्रामीण द्वारा डॉक्टर को फोन कर कहा जाता है कि उन्होंने हीरा पैंकरा से उसकी बेटी की नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपए लिए हैं। इस पर डॉक्टर 1 लाख और कुछ रुपए लेने की बात स्वीकार कर रहा है। डॉक्टर यह भी कह रहा है कि हीरासाय ने बेटी की नौकरी लगवाने पर रुपए देने की बात कही थी। फिर उसने घर बुलाकर रुपए दिए हैं। डॉक्टर ने ड्रेसर भगवान दास का भी नाम लिया है। डॉक्टर ये भी कह रहा है कि हम दोनों ने रुपए लिए हैं।

### ग्रामीण ने की उच्च अधिकारी से शिकायत

मामले की शिकायत ग्रामीण हीरा पैंकरा ने सूरजपुर सीएमएचओ से भी की है। उसने बताया है कि आरएमए द्वारा उसकी बेटी की नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 20 हजार रुपए के अलावा दारू-मुर्गा भी लिया गया है। उसने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी मात्र 3 हजार रुपए प्रतिमाह की है। उसने ये रुपए कर्ज लेकर दिए हैं, प्रलोभन में आकर उसने ये रुपए दे दिए। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तो वहीं जिले के सीएम एच ओ डाक्टर आर एस सिंह ने कहा कि मामला अति गंभीर है, मैं तत्काल मामले की जांच करवाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दूंगा। यह शर्मसार करने वाली घटना है, किसी भी हालत में ऐसे कृत्य करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। आरएमए को तत्काल सस्पेंड करने का आदेश देता हूं।

# संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने विभिन्न निर्माण कार्यो का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े कुदरगढ़ पहुंचे माँ कुदरगढ़ी के चरणों में माथा टेक इन्दरपुर चौक से कुदरगढ़ पहुंच मार्ग सड़क चौड़ीकरण 7.74 किलोमीटर एंव पुलिया निर्माण लागत 31 करोड़ 29 लाख रुपए के लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जिसके बाद कर्री कुप्पी से धरसेड़ी पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य के शुभारंभ हेतु रवाना हुए। कर्री कुप्पी में निवासरत लोग ने अपनी समस्या पारसनाथ राजवाड़े के पास रखी जिसे उन्होंने गंभीरता से सुना। उन्होंने उपस्थित जनों से कहा कि आपके राषन आपके गांव पहुचेगा आपको 6 किलोमीटर दूर राशन लेने हेतु अन्य ग्राम में नहीं जाना पड़ेगा जिस पर तत्परता पूर्वक कार्य करते हुए विधायक राजवाड़े ने कार्य स्वीकृत कराया टेंडर पश्चात 16 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाले सड़क की लम्बाई 14.10 किलोमीटर के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ पूजन में विधायक राजवाड़े के पंहुचने पर क्षेत्र की जनता ने उत्साह के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया कार्यक्रम में मनिहारिलाल पैकरा जनपद अध्यक्ष, ओड़गी उपाध्यक्ष शिवबालक राम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, गोवर्धन सिंह, मुकेश अग्रवाल, अवधेश गुर्जर,प्रदीप राजवाड़े, लवकेश गुर्जर, सर्वेश चौबे, राजू यादव, चन्द्रभान राजवाड़े, हिमेन्द्र गुर्जर, विक्रांत पांडेय, दिलीप जायसवाल, पार्थ सिंह, नमस्ते सिंह, राजू सिंह,राजेश साहू, धर्मप्रसाद पटेल, मुनेश्वर राजवाड़े, धर्मजीत सिंह, दीपक, धर्मेंद्र, निरंतर राजवाड़े सहित क्षेत्र के सभी पंचायतों के सरपंच सचिव पी.डब्लू.डी. इंजीनियर मुख्यकार्यपालन अधिकारी ओड़गी रणवीर साय पैकरा सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गणेश समिति द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



शहर हृदय स्थल फुहारा चौक में इंडियन बॉयज क्लब गणेश पूजा समिति द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस कम्पटीशन एवं डांस कम्पटीशन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं पूर्व न्यायधीश व्यंकटेश सिंह उपस्थित रहे.सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने भगवान श्री गणेश का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही कमेटी के सदस्यो द्वारा स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा धारण कर अपनी भूमिकाओं को निभाया जिसे काफी सराहना मिली जिससे बच्चों में आत्मविश्वास दिखा.वहीं इस अवसर पर कई तरह के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व्यंकटेश सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रशंसा की और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को आगे भी इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। वहीं निदेशक ने कहा की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को उभार कर सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक मूल्यों का विकास कराती है। उन्होंने आगे कहा कि समय बहुत मूल्यवान होता है। जो इसके महत्व को समझता है उसका जीवन मूल्यवान बन जाता है।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारत के निवेशकों में 'जोखिम की समझ' के बारे में किये गए सर्वेक्षण के परिणाम का किया अनावरण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज करती म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारतीय निवेशकों के बीच 'जोखिम की समझ' (रिस्क कॉम्प्रिहेंशन) का पता लगाने के लिए एक निवेशक सर्वेक्षण (इन्वेस्टर सर्वे) किया। सर्वेक्षण में एक्सिस एमएफ के देश भर के 1700 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था, म्यूचुअल फंड में निवेश से जुड़े जोखिम के बारे में निवेशकों के दृष्टिकोण और समझ के बारे में जानकारी प्राप्त करना। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, बी. गोपकुमार ने सर्वेक्षण से निकले निष्कर्ष पर अपनी टिप्पणी में कहा, म्यूचुअल फंड उद्योग, एक दिलचस्प मोड़ पर है, जो इस श्रेणी में निवेशकों की बढ़ती तादाद से स्पष्ट है। हम एक उद्योग के रूप में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन निवेशकों को समझ-बूझकर निवेश का फैसला करने के काबिल बनाना भी हमारी ज़िम्मेदारी है। इसलिए, यह सर्वेक्षण निवेशकों में जोखिम की समझ और म्यूचुअल फंड निवेश से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए उनके पास उपलब्ध तरीकों के बारे में जागरूकता के बारे में पता लगाने के लिए किया गया था।

# मुख्यमंत्री ने जिले में विकास कार्य हेतु दी करोड़ों रुपए की सौगात

पायनियर संवाददाता < बलरापुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिले को 393 करोड़ 22 लाख 47 हजार रूपए की लागत के 65 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 8829.40 लाख रूपए की लागत के 33 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 30493.07 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने कहा कि जिले में 65 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। विभिन्न विकास कार्यों के पूर्ण हो जाने से सुविधाएं तथा यातायात के सुगम साधन बढ़ेंगे। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी विवेकानंद झा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भारतीय ग्राहक त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी करने बेहद ज्यादा उत्साहित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के मुताबिक,पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है; 78प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुए, अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा,त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि पूरे भारत में उपभोक्ता Amazon.in को सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य मानते हैं।

# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 18 पदक हासिल कर रोशन हुआ सूरजपुर

## 06 गोल्ड, 04 रजत और 08 कांस्य पदक, सरगुजा संभाग के जिलों में सूरजपुर रहा प्रथम




पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन 27 सितंबर को रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में संपादित हुआ। जिसमें सूरजपुर जिले के 141 खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसमें 65 पुरुष व 76 महिला खिलाड़ियों ने 16 खेलों में अपनी प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें खिलाड़ियों द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 पदक हासिल किया गया। जिसमें 06 गोल्ड, 04 रजत और 08 कांस्य से पदक खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्राप्त हुए। जिले के लिए यह भी उपलब्धि रही कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाली जिलों में सूरजपुर में सबसे ज्यादा 18 पदक हासिल किया। संभाग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों स्तर में सर्वाधिक पदक सूरजपुर जिले ने प्राप्त किया। जिले का रस्सी कूद, बांटी कंचा, सांगली, लंगडी दौड़ और बिल्लस जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा। छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के खिलाड़ी सम्मिलित हुए जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने 18 पदक हासिल कर सूरजपुर का मान बढ़ाया है। जिसके लिए उन्होंने खेल विभाग व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन को सफल बनाने वाले सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों की सराहना भी की।

# मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने लेज़र प्रिंटर्स का स्मार्ट रेंज उतारा, मोनो और कलर दो सेगमेंट बाजार में उपलब्ध

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत में रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी, मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं - मोनो और कलर। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर्स के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनर्स का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेज़र प्रिंटर रेंज की कीमत 30,000/- रुपये से शुरू हो रही है। मिहोशा इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, अतुल ठक्कर के अनुसार - मिनोशा इंडिया की स्थायी विरासत गुणवत्ता, भरोसे और पहुँच की बुनियाद पर खड़ी है। करीब तीन दशकों में इन सिद्धांतों ने हमारी पहचान को परिभाषित किया और उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर वचनबद्धता का मार्गदर्शन किया। रिको एशिया पैसिफिक के वाइस प्रेसिडेंट एवं जनरल मैनेजर मार्केटिंग और टेक्नोलॉजी के अनुसार भारत के तेज गतिशील और लगातार विकसित होते बाज़ार में टेक्नोलॉजी का अगुआ बना रहना महज एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रिको में हम लोगों ने इस आवश्यकता को पूरे मन से अपनाया है। हम ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने और उनसे आगे निकलने के प्रति अपनी दृढ़ वचनबद्धता से संचालित होते हैं।

# स्कोडा ऑटो ने अंतरराष्ट्रीयकरण की प्रमुख उपलब्धि का जश्न मनाया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




स्कोडा ऑटो ने वियतनामी बाज़ार में अपने प्रवेश के साथ अपनी अंतरराष्ट्रीयकरण रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर वियतनामी और चेक सरकारों के प्रतिनिधियों और स्कोडा के स्थानीय वितरण एवं उत्पादन सहयोगी, टीसी ग्रुप के साथ एक उत्सवी समारोह आयोजित किया गया। स्कोडा ऑटो ने अपने तेज विस्तार के लिए 30 साझीदारों का डीलर नेटवर्क तक करने और वर्ष 2030 तक वार्षिक 40,000 वाहनों की बिक्री का लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है। कैरोक और कोडिएक के साथ पहले मॉडल को यूरोप से आयातित किया जाएगा। स्थानीय सीकेडी उत्पादन, जिसे अगले साल से आरम्भ करने की योजना है, का लक्ष्य भारत के साथ इस देश की निकटता के कारण सहकार्यों का लाभ उठाना है। स्कोडा वियतनाम को संभावनाशील आसियान क्षेत्र के लिए एक प्रवेशद्वार के रूप में देखती है। स्कोडा ऑटो के सीईओ, क्लाउस ज़ेल्मर ने कहा कि, हम वियतनाम की गतिशील अर्थव्यवस्था और इस तेज वृद्धिशील बाज़ार में ग्राहकों के एक नए समूह के साथ सहभागिता के लिए अत्यंत उत्साहित हैं। यह हमारी त्वरित अंतरराष्ट्रीयकरण रणनीति में अगला कदम भी है, जिससे आसियान क्षेत्र में हमारे ब्रैंड को मजबूती मिलती और भारत तथा यूरोप के हमारे दो प्रमुख बाज़ारों के बीच सहकार्य में तेजी आयेगी। तैयारियों के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि टीसी ग्रुप हमारे आकर्षक मॉडल पोर्टफोलियो के उत्पादन और बिक्री के लिए एक शानदार सहयोगी है। हमें मिल-जुल कर एक सफल भविष्य की शुरुआत करने की उम्मीद है। विक्रय और विपणन के लिए स्कोडा ऑटो के बोर्ड मेम्बर, मार्टिन जान ने कहा कि,''आज का दिन स्कोडा ऑटो के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। वियतनामी बाज़ार में प्रवेश करके, हम वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग में अपनी स्थिति और मजबूत कर रहे हैं।

# अनंत चतुर्दशी व्रत का उपवास रख श्रद्धालुओं ने सुनी कन्हर नदी के तीर पर कथा

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



कन्हर नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में भक्त श्रद्धालुओं ने भाद्र मास के शुक्ल चतुर्थ तिथि में अनंत चतुर्दशी का व्रत उपवास श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया। इस दिन भक्तों ने भगवान श्रीहरि विष्णु की पुरोहितों से कथा श्रवण के बाद अनंत डोरे को धारण किया। तत्पश्चात दोपहर में व्रत का उद्यापन प्रसाद ग्रहण के बाद किया। इस व्रत को धारण करने वाले भक्तों को कथा श्रवण में पुरोहित यश पाल दुबे ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों को जुए में अपनी राज्य हार जाने के पश्चात बारह वर्ष को मिले बनवास के कष्ट से छुटकारा पाने के लिए अनंत व्रत करने को कहा तथा इस व्रत की महत्ता बताते हुए कहा कि प्राचीन काल में सुमंत नामक ऋषि की पुत्री सुशीला ने किया था। जिसका कौडिंय ऋषि के साथ विवाह हुआ था। वहीं सर्वप्रथम नदी किनारे अनंत चतुर्दशी को अनंत भगवान की पूजा आराधना विधिवत किया। जिसके उपरांत उसे सभी प्रकार के धन्य धान्य सुख प्राप्त हुई। वैसे तो यह व्रत पूर्ण निष्ठा के साथ चौदह वर्ष धारण करने चाहिए। अनंत डोरे में इसी कारण चौदह गांठ होता है जिसे व्रती पुरुष दाहिने और महिला बाएं हाथ धारण करती है। कथा में भगवान भगवान श्री कृष्ण पांडवों को कहते है कि युधिष्ठिर यदि अनंत व्रत को एक वर्ष भी कर ली तो निश्चित ही सारे कष्टों से मुक्ति मिल जाएगी। कथा श्रवण कर अंत में भक्तों ने क्षीर समंदर का मंथन उपरांत आरती कर विसर्जन किया गया कथा श्रवण करने वाले भक्तों ने अपने समर्थ अनुसार ब्राह्मण को दान दक्षिणा देते हुए चरण बंधन किया। शास्त्र विधि के अनुसार जो भी भक्त अनंत व्रत का उपवास करता है,निश्चित ही उस पर श्रीहरि भगवान विष्णु की सदा कृपा बनी रहती है। वैसे जिले भर में अनंत चतुर्दशी का पर्व धूमधाम से भक्तिमय वातावरण में मनाया गया।

# छत्तीसगढ़-झारखंड सरहद पर चावल लोड ट्रक लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## चालक को मारपीट कर सड़क किनारे फेंका और ट्रक लेकर हो गए फरार,रामानुजगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < बलरापुर
www.dailypioneer.com



ट्रक ड्रायवर के साथ मारपीट कर चावल लोड ट्रक को लूटकर फरार होने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा के सरहदी क्षेत्र गोदरमाना में लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी यह सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सरहद पर बसा रामानुजगंज थाने में प्रार्थी मो.रियाज खान पिता कल्लू खान जाति मुसलमान उम्र 38 वर्ष निवासी रायपुर लाखेनगर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़ ने थाना प्रभारी संतलाल आयाम को बताया कि मेरे साले अब्दुल हयात के नाम से ट्रक क्रमांक CG04-NJ-0595 रजिस्ट्रर्ड है। ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम करता है। चालक शिवकुमार साहू पूर्व में इसके यहां तीन माह काम कर चुका था,कुछ दिन छोड़ने के बाद इसी माह 9 सितंबर 2023 से लगातार गाड़ी चला रहा है। 22 सितंबर 2023 को जिला धमतरी कुरूद माहामाया राईस मिल से चावल लोड कर हाजीपुर बिहार के लिये निकला था। 23 सितंबर 2023 के रात 11.00 बजे के बाद वाहन मालिक का ट्रक चालक शिवकुमार साहू के साथ कोई संपर्क नहीं हुआ तथा ट्रक का जीपीएस लोकेशन ट्रेस भी नहीं हो पा रहा था। 25 सितंबर 2023 को 12.00 बजे दिन में वाहन मालिक के स्टॉफकमल यादव के पास ट्रक चालक के भाई राजकुमार साहू का फोन करके बताया कि 24 सितंबर 2023 के रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रक क्रमांक CG04-NJ-0595 के चालक शिवकुमार,निवासी ग्राम पवई,जिला सिंगरौली को जान से मारने की नीयत से मारपीट कर बटालियन के पास रामानुजगंज सड़क किनारे फेंक दिये है जो बेहोश पड़ा है। मारपीट करने वाले लोग ट्रक क्रमांक CG04-NJ-0595 जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 40 लाख रुपए व ट्रक में लोड चावल जिसकी कीमत 12 लाख रूपये इस तरह से कुल 52 लाख रूपये को लूट कर ले गये है। थाना प्रभारी संतलाल आयाम ने तत्काल अपराध क्रमांक 214/2023 अंतर्गत धारा 394 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए उक्त आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डा.लाल उमेद सिंह को दी उन्होंने तत्काल बलरामपुर से घटनास्थल पहुंचकर मौका मुयाना करते हुए मार्गदर्शन दिए उसके बाद पुलिस जी जान से कार्रवाई के लिए जुट गई। मुक्त मांगने में जुड़े हुए आरोपियों की तलाश कर ही रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि गोदरमाना में एक ट्रक में से माल अनलोड किया जा रहा है। मौके से संतोष गुप्ता साव गोवरमाना व जितेन्द्र गुप्ता,राजू गुप्ता दोनो निवासी जनेवा थाना भण्डरिया को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उन लोगों ने बताया कि रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 06 निवासी राजू गुप्ता एवं वार्ड क्रमांक 12 निवासी अजय गुप्ता आकर बोले कि एक ट्रक में हमारा माल है ट्रक का ब्रेक डाउन है माल को कहीं दो-चार दिन के लिये रखवा दो हम उसका भाड़ा दे देंगे, इनका विश्वास कर ट्रक को मनोज ठाकुर अपने साथी मोहन सोनी के साथ लाया वहां राजू और अजय भी थे जब माल उतारने लगे तब संतोष गुप्ता लोग देखे कि उतारे जा रहे माल के बोरा में सहकारी विपणन संघ लिखा है यह तो सहकारी माल है इतना सुन चारों भाग गये नाम का खुलासा होने पर विवेचना के दौरान इनके तलाश किये जाने पर कन्हर नदी के पास दोनों आरोपियों को पकड़ा गया,पूछताछ पर उन्होने अपना नाम राजू गुप्ता पिता दिलीप गुप्ता जाति रौनियार उम्र 44 वर्ष वार्ड क्रमांक 6 एवं अजय गुप्ता पिता रामवृक्ष गुप्ता उम्र जाति रौनियार उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 दोनो निवासी रामानुजगंज से पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना अपराध करना कबूल कर लिया। तत्पश्चात 40 लख रुपए का ट्रक एवं 12 लख रुपए का चावल कल 52 लख रुपए की जपति बनाकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक के.डी. लकड़ा, बी.एन.शर्मा, प्रधान आरक्षकों में अतुल दुबे, नारायण तिवारी,आरक्षक रूपेश गुप्ता शामिल रहे।

### विधायक ने कहा पुलिस प्रशासन की कार्य प्रसंशनीय

उक्त मामले में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह, ने जिले के पुलिस प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि रायगढ़ में हुई डकैती ममाले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर चार करोड़ नगद और सोना जब्त करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यही नहीं जिले की पुलिस ने सोमवार को म.प्र.से चावल लोडकर ला रहे ट्रक चालक के साथ मारपीट कर ट्रक ले जाने वाले आरोपियों को झारखण्ड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे जाहिर होता है कि यहां की पुलिस तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर रही है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# सीग्राम रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने किया 'अ बिलियन फिल्म्स फॉर अ बिलियन फैन्स' का अनावरण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्लोबल स्तर पर क्रिकेट के साथ अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाते हुए सीग्राम रॉयल स्टैग दर्शकों के लिए लेकर आए हैं एआई-उन्मुख 'अ बिलियन फिल्म्स फॉर अ बिलियन फैन्स'। इस कैंपेन में क्रिकेट जगत के तीन चेहरे नज़र आएंगे कैप्टन रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव। क्रिकेट की भावना के साथ ब्राण्ड ने युवा क्रिकेट प्रशंसकों के साथ जुड़ने का लक्ष्य तय किया है, जिनमें से ज़्यादातर व्यस्क के रूप में अपना पहला वर्ल्ड कप देखने जा रहे हैं। यह वर्ल्ड कप भारत में होने वाला है और 'अब तक सबसे महान वर्ल्ड कप' होगा। ब्राण्ड के दृष्टिकोण 'लिव इट लार्ज' के अनुरूप एआई उन्मुख यह अभियान हर प्रशंसक को इस पर्सनलाइज़्ड फिल्म में शामिल होने का मौका देगा। क्रिएटिव एजेन्सी पार्टनर्स एफसीबी इंडिया, डिजिटल एजेन्सी पार्टनर्स डेंटसु इंडिया, टेक्नोलॉजी पार्टनर आर्टीज़ेन्स इवेन्ट्स तथा एक्सपेरिएंशियल सोल्युशन्स एवं मीडिया पार्टनर्स वेवमेकर के सहयोग से तैयार किया गया यह कैंपेन हर प्रशंसक को लुभाएगा। पूरे कैंपेन को युवा प्रशंस्कों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एक सेल्फी और एक वॉइस सैम्पल तथा रीजनरेटिव एआई की पावर प्रशंसकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करती है। इन टूल्स के साथ यह कैपेंन एआई टेक्नोलॉजी एवं मशीन लर्निंग का उपयोग कर ऐसा प्लेटफॉर्म बनाता है, जिसके द्वारा हर प्रशंसक अपने आप को रॉयल स्टैग लिव इट स्टार कास्ट का हिस्सा महसूस करता है। इस इनोवेशन के साथ हर प्रशंसक फिल्म के लिए पर्सनलाइज़्ड एडिट करता है। फेस मिररिंग एल्गोरिदम, फेशियल फीचर्स को पहचान कर इसे मेन फिल्म में डाल देता है। इसी तरह वॉइस सैम्पल की बात करें, तो प्रशंसक की आवाज़ की टोन और पिच इसमें शामिल हो जाती है। कुल मिलाकर यह कैंपेन उपभोक्ताओं को एकदम पर्सनलाइज़्ड अनुभव प्रदान करेगा। जिससे उन्हें हर सीमा के दायरे को पार कर अपने पसंदीदा खिलाड़ी और वर्ल्ड कप ट्रॉफी के नज़दीक आने का अवसर मिलेगा। कैंपेन को हाई डेसिबल 360 डिग्री प्लान के साथ डिजिटल, प्रिंट, रेडियो एवं ओओएच पर प्रसारित किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए यादगार अनुभव बन जाएगा।

# गांव में बिक रही अवैध शराब व खुलेआम रेत का परिवहन दबंगई ऐसी की गांव के नियम नहीं मानते कोचिये व तस्कर

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। इसके साथ ही रेत का अवैध खनन कर परिवहन भी बेखौफ़ चल रहा है। शहर के अलावा गांव-गांव में दर्जनों शराब कोचिये हो गए है। कोचियों की ऐसी मनमानी चल रही है कि गांव में शांति व्यवस्था के लिए बनाएं गए नियम कायदे को भी मानने से इंकार कर देते है। अवैध शराब बिक्री से परेशान ग्राम रेंगाकठेरा के ग्रामीण गुरूवार को सड़क पर उतर गए और दिनभर प्रदर्शन चला। डोंगरगढ़-तुमड़ीबोड़ मेन रोड पर महिलाओं व पुलिस की जमकर बहसबाजी हुई। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर डोंगरगढ़ पुलिस के खिलाफ दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। गांव की महिलाओं ने बताया कि गांव में दो व्यक्ति अवैध शराब व रेत खनन कर बेच रहे है। इससे गांव का माहौल खराब हो तो रहा है साथ ही गांव के स्कूली बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। शाम होते ही गांव में शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। कई बार गांव की महिला समूहों ने सख्ती बरती लेकिन बेखौफ़ बिक्री से माहौल खराब हो गया है। पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से शराब कोचियों के हौंसले बुलंद हो गए है। यह हाल केवल रेंगाकठेरा नहीं बल्कि आस-पास के गांवों का भी है। शाम होते ही चौक चौराहों में कोचिये सक्रिय हो जाते है और शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। पिछले दिनों कालका पारा के लोगों ने भी अवैध शराब बिक्री होने की शिकायत थाने में की थी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थो का अवैध कारोबार भी चरम पर है। ग्रामीण सीधे तौर पर कह रहे है कि पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से ही अवैध कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। रेंगाकठेरा के ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## विरोध में सड़क पर उतर गई महिलाएं



### बैठक में नहीं आते कोचिये व तस्कर

रेंगाकठेरा की महिलाओं ने बताया कि गांव का मनोहर वर्मा शराब व मिलन साहू रेत का अवैध कारोबार करते हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए कई बार गांव में शांति व्यवस्था के लिए बैठक रख चुके है। जिसमें शराब कोचिया व रेत तस्कर को भी बुलाया गया। लेकिन दोनों बैठक में नहीं पहुंचते और गांव के नियम कायदों को मानने से इंकार कर देते है। ग्रामीणों को सीधे कहते है कि हमारी सेटिंग ऊपर तक है इसलिए हम बेखौफ़होकर शराब बेचेंगे। गांव वालों के खिलाफदोनों ने सामाजिक बहिष्कार करनें का आरोप लगाते हुए थाने में झूठी शिकायत कर दी। इसलिए ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।

### गांव में त्यौहार मनाकर दिनभर सड़क पर बैठी रही महिलाएं

यह जानकारी मिली है गांव में हो रहे अवैध कारोबार से माहौल खराब हो रहा था। जबकि दोनों को गांव से बाहर अवैध कार्यों को करने के लिए बैठक में हिदायत दी गई थी। लेकिन कोचिया व तस्कर की मनमानी बंद नहीं हुई। इसलिए ग्रामीणों ने दोनों को दंडित करने की बात कही। लेकिन दोनों ने गांव से बहिष्कार करने की बात कहकर थाने में शिकायत कर दिया। इसलिए गुरूवार को गांव में त्यौहार मनाकर विशेष रूप से महिलाएं मेन रोड पर उतर गई और प्रशासन के खिलाफप्रदर्शन किया। पुलिस जवान भी मौके पर पहुंचे और समझाइश दी। लेकिन महिलाएं दिनभर सड़क पर बैठकर कार्रवाई की मांग करती रही।

### मुरमुंदा समेत आधा दर्जन गांव अवैध कारोबार की चपेट में

डोंगरगढ़ ब्लाक के रूर्बन ग्राम मुरमुंदा, मुड़पार, मेढा, जामरी, डुंडेरा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव, राका, कुरुभाठ में अवैध शराब की बिक्री जोरों से चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार किराना दुकान और फैमिली ढाबा की आड़ में अवैध शराब बेच रहे है। गांव में छोटे-मोटे दुकान खोलकर उसकी आड़ में शराब बेच रहे है। छह माह पूर्व ही स्वास्थ्य केंद्र के सामने गुपचुप दुकान लगाने वाले युवक से गांव के दो बदमाशों ने शराब के नशे में ही मारपीट की थी। मुरमुंदा के मेन चौक के किराना दुकान व रोड किनारे स्थित ढाबा में दिनभर शराब परोसा जा रहा है। इसी वजह से आएं दिन लड़ाई झगड़े भी हो रहे है। बताया गया कि मुरमुंदा में गांजा का भी कारोबार धड़ल्ले से चल रहा हैं सट्टा का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। अवैध कार्यो की जानकारी पुलिस प्रशासन भी होने के बाद भी कार्रवाई शून्य है।

# रुद्रगांव क्षेत्र में बिजली कटौती से किसानों में आक्रोश

## अर्जुनी विद्युत वितरण केंद्र के खिलाफत की तैयारी



पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम रुद्रगाँव व भाखरी सहित सन्निकट गाँवों में अघोषित बिजली कटौती से किसानों में आक्रोश पनपने लगी है। दरअसल किसानों की माने तो अर्जुनी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत भाखरी में स्थित ट्रांसफार्मर लगभग एक माह से बंद पड़ा है जिसकी शिकायत विभाग को अनेक बार की जा चुकी है। वहीं अर्जुनी वितरण केंद्र में उदासीन रवैये से त्रस्त किसान आगामी दिनों उग्र आंदोलन की बात कह रहे हैं। किसानों ने मीडिया को बताया कि अर्जुनी वितरण केंद्र में अधिकारी को बताने पर अधिकारी द्वारा उच्च कार्यालय में ग्रामीणों व किसानों की शिकायत कर देने की धमकी दिया जा रहा है। अर्जुनी की कनिष्ठ यंत्री के उदासीन रवैये से अंचल के किसान त्रस्त हैं। वहीं अधिकारी द्वारा करमतरा व पैरी गांव को वर्षों बाद ट्रांसफार्मर नसीब होने का हवाला देते हुए गैरजिम्मेदाराना ढंग से उलाहना दी जाती है। किसानों ने बताया कि लाइन बंद होने से फसल को भी प्रभाव पड़ने लगा है। किसानों ने आगामी दिनों उग्र आंदोलन की बात मीडिया से कही है।

# बीएसएनएल के ड्राईंग कॉम्पिटिशन में तान्या अव्वल



पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के बीजाभाठा में संकुल स्तर के बच्चों का ड्राइंग कॉम्पिटिशन बीएसएनल डोंगरगांव के द्वारा आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 21 से 26 सितंबर तक बीएसएनएल डे के परिप्रेक्ष्य में डिजिटल इंडिया के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य ग्रामीणजन भी शामिल हुए। विभाग के एसडीओ कुलवंत सिंह ने पॉयनियर को बताया कि 21 सितंबर से 26 सितंबर तक बीएसएनएल डे मनाया जा रहा है। इस दौरान डिजिटल इंडिया को लेकर बच्चों सहित ग्रामीण अंचल में भी व्यापक जानकारी प्रसारित करना आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इसी तारतम्य में मंगलवार को बीजाभाठा स्कूल में 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों का ड्राइंग कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। बच्चों ने छोटे-छोटे बच्चों ने अपने बौद्धिक क्षमता और कल्पना के अनुसार बड़े शानदार तरीके से डिजिटल इंडिया को ड्राइंग शीट में उकेरा है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस ड्राइंग कंपटीशन में प्रथम तान्या साहू बीजाभाठा, द्वितीय अदिति पटेल धौराभाठा व तृतीय पुरुस्कार राशि को प्रदान किया गया। विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर शोभा श्रीवास्तव, सरपंच कुमारीबाई साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर, संकुल समन्वयक एलआर साहू, सुदामालाल साहू, एसडीओ बीएसएनएल कुलवंत सिंह, जेटीओ गीतेश सिन्हा सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रिकार्डिंग डॉन्स में पडकीभाट, मार्री व पिंकी विजेता

## दीवानभेड़ी में भव्य रिकार्डिंग डॉन्स स्पर्धा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के दिवानभेड़ी में न्यू स्टार गणेश उत्सव समिति राजीव युवा मितान क्लब, बप्पा लक्ष्मी गणेश उत्सव समिति व ग्रामवासियों द्वारा रिकार्डिंग डॉन्स स्पर्धा आयोजित की गई। स्पर्धा में मुख्य अतिथि बतौर जनपद प्रतिनिधि व जिला किसान कांग्रेस महामंत्री रोहित सोनकर शामिल हुए। श्रीसोनकर ने ग्रामीण युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।



उक्त रिकार्डिंग डांस स्पर्धा में सामूहिक नृत्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीतू निषाद कृत पडकीभाट बालोद, द्वितीय पुरुस्कार मैलोडी डांस ग्रुप दुर्ग, तृतीय पुरुस्कार लोकसुरता सांस्कृतिक भड़सेना, चतुर्थ पुरुस्कार आरबी डांस ग्रुप राजनांदगांव, पंचम पुरुस्कार कामता चन्द्रवंशी राका को प्रदान किया गया। युगल नृत्य में प्रथम पुरुस्कार धरोहर युगल डांस मार्री मोहला, द्वितीय पुरुस्कार मिताली एवं दामनी गन्धरी बालोद, तृतीय खिलावन एवं करीना खैरागढ़, चतुर्थ पुरुस्कार युगल डोंगरगांव, पंचम पुरुस्कार मयारू युगल डांस खैरागढ़ को प्रदान किया गया। इसी क्रम में एकल नृत्य में प्रथम स्थान पिंकी बंजारे बड़भूम् डोंगरगांव, द्वितीय तन्नू साहू खैरागढ़, तृतीय प्रद्युम वर्मा बागनदी, चतुर्थ भावना सिन्हा राणाखुज्जी, पंचम एबी शिवा छुईखदान ने प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम व अंचल युवावर्ग उपस्थित थे।

# वेयर हाऊस के चालक के घर से मिला पीडीएस का चावल, बड़ी खेप बरामद

■ खाद्य विभाग के अफसरों ने पुलिस से की शिकायत, जांच जारी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया क्षेत्र के गोपालपुर स्थित एक घर से खाद्य विभाग ने सरकारी चावल की बड़ी खेप बरामद की है। यह घर छुरिया के वेयर हाउस में पदस्थ चालक दिलीप पड़ौती का मकान बताया जा रहा है। विभाग की शिकायत पर छुरिया पुलिस ने ग्रामीण के खिलाफजांच शुरू कर दी है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पुलिस से कार्रवाई करने विभाग ने लिखित आवेदन दिया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में घोटाले की समय समय पर खबरें आती रहती हैं। इस बार इसमें बड़ा खुलासा होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक 26 सितंबर को खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा ने अवैध रूप से 48 कट्टा पीडीएस चावल और 274 कट्टा पीडीएस का खाली बारदाना जब्त किया है। विभाग ने पंचनामा कर माल को जब्त कर लिया और वहीं शासकीय उचित मूल्य दुकान पेंड्रीडीह के विक्रेता संजय रावटे को सुपुर्द किया है। पुलिस को लिखित शिकायत में विभाग द्वारा बताया गया है कि पीडीएस चावल का भंडारण करना छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 की धारा 5(1) का उल्लंघन है। विभाग का कहना है कि जब्तशुदा बोरों में राजनांदगांव के विभिन्न मार्का व फ्लैग पाया गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि उक्त चावल पीडीएस का ही है।

# सहकारी समिति कर्मी मांगों पर अड़े, अनश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी



पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी समिति के कर्मियों ने बुधवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय के सामने धरना दिया। इस प्रदर्शन में राजनांदगांव सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कर्मी भी शामिल हुए। उन्होंने वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगों पर स्वीकृति देने की मांग की। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपनी मांगे सामने रखते हुए बताया कि 10 सालों से उनका वेतन नहीं बढ़ाया गया है। समिति स्तर पर भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव पारित किए गए और अब इस पर हुए आहरण की वसूली की जा रही है जो कि अनुचित है। अपितु अब तक कई कर्मियों का इसका लाभ नहीं मिल सका है। बैंक तत्काल इसकी स्वीकृति दे। संघ अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास के नेतृत्व में एक ज्ञापन के जरिये बैंक अध्यक्ष से मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष ने विशेषकर डोंगरगांव, एलबी नगर एवं राजनांदगांव शाखा प्रबंधक के कार्यशैली को लेकर आपत्ति जताई थी।

कर्मियों ने कहा है कि सिलसिलेवार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर 3 अक्टूबर से संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन का रूख करेगा। समिति में कार्यरत सहायक प्रबंधक से लेकर कम्प्यूटर आपरेटर, लिपिक, चौकीदार समेत अन्य कर्मचारी धरना में शामिल हुए।

# तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क में बैठे सात मवेशियों को कुचला, तीन की मौत, चार गंभीर

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

ग्राम अछोली में डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग में बीते मंगलवार सुबह 4 बजें तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सड़क पर बैठे सात मवेशियों को रौंद दिया। जिससे तीन मवेशियों के मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक काफी तेज रफ्तार से खैरागढ़ से डोंगरगढ़ की ओर जा रहा था। जहां ग्राम अछोली के चांदनी चौक के पास सात गाय बैठी हुई थी। ट्रक इतनी स्पीड पर थी कि ब्रेक मारने का भी समय नहीं मिला और एक के बाद एक साथ गायों को ऊपर ट्रक का चक्का चढ़ गया। आस-पास के ग्रामीण दौड़कर बाहर आए तब तक ट्रक घटना स्थल से भाग चुका था। चार गायों को ग्राम के अंजनी सूत युवा संगठन के सदस्य डोंगरगढ़ के गौशाला लेकर गए। गौरतलब है कि पूर्व में भी इसी सड़क पर आवारा मवेशी दुर्घटना के शिकार होते रहे है। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार पंचायत द्वारा उचित कदम उठाने की मांग की गई थी। वहीं जनपद द्वारा सरपंच एवं सचिव को



आदेश करते हुए पशुपालकों को अपने घर में रखकर गायों को बांधने की सलाह देने के लिए मुनादी कराई गई थी। लेकिन पशुपालकों द्वारा पशुओं को अभी भी आवारा छोड़ दिया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वही इस पूरे मामले में ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होने गांव में मेन रोड में स्पीड ब्रेकर के साथ-साथ बेरिकड्स की मांग की है। मामले पर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की सीईओ दिव्या ठाकुर ने कहा कि पशुपालकों की लापरवाही अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं में लगे टैगिंग के द्वारा पशु पालकों की जानकारी लेकर उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना के शिकार हुए सात मवेशियों के मलिकों की जानकारी लेकर कारकाई की तैयारी की जा रही है। दुर्घटना को देखते हुए ग्राम पंचायत अछोली द्वारा तत्काल स्पीड ब्रेकर व स्टॉपर जल्द से जल्द सड़क में रखे जाने की तैयारी की जा रही है।

### घटना के बाद पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता हुई उजागर

ब्लॉक के अधिकतर पंचायतों द्वारा अपने-अपने गांव में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सालों पहले ही स्पीड स्टॉपर पंचायत फंड से बनवाकर गांव के सड़कों पर लगाए गए है। वहीं अछोली पंचायत के द्वारा आज तक इस पर किसी प्रकार का पहल नहीं की गई है। जिसके चलते गांव में सड़क दुर्घटना आम बात हो गई है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में पीडब्ल्यूडी विभाग की भी अच्छी खासा योगदान मिल रहा है। अछोली में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे राहगीर व वाहन चालक रात में दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सड़कों की समस्या को लेकर जल्द ही ग्रामीणों ने बड़े स्तर पर चक्का जाम करने मंशा बना रहे है।

# स्टेटहाइवे तिराहे में किसानों व ग्रामीणों का चक्काजाम प्रशासन द्वारा मौखिक आश्वासन से चक्काजाम खत्म

## जिपंसदस्य जागृति यदु के आव्हान पर उमड़े ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के स्टेटहाइवे स्थित मोहड़ चौक में बुधवार को किसानों व ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। अघोषित बिजली कटौती, जर्जर सड़क मार्ग व शाला भवन, धानखरीदी केंद्र सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु के आव्हान में प्रभावित ग्रामों के ग्रामीण किसानों सहित जनप्रतिनिधि लामबंद हुए थे। प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद चक्काजाम डेड़ घण्टे में खत्म हुआ। स्टेटहाईवे में स्थित मोहड़ चौक तिराहे में चक्काजाम से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। तब प्रशासन की ओर से एसडीएम असवन पुसाम व तहसीलदार प्यारेलाल नाग पुलिसबल की मौजूदगी में चक्काजाम स्थल पहुंचे थे। ग्रामीणों



की ओर से जिला पंचायत सदस्य व भाजपानेत्री जागृति चुन्नी यदु ने ग्रामीण किसानों की मांग को प्रशासन के समक्ष रखते हुए शीघ्र पूर्ण करने गुजारिश की। पश्चात प्रशासन ने समस्त मांगों को शीघ्र ही पूर्ण कराने आश्वासन दिया तब चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। चक्काजाम में भाजपानेता चुन्नी यदु, जनपद सदस्य वीरेंद्र साहू, अनिता वाल्दे, शंकर देवांगन, उमेश, सरपँच बम्हनीभाठा सहित रेंगाकठेरा, माथलडबरी, मोहड़ के सैकड़ो ग्रामीण व किसान शामिल थे। चक्काजाम दरम्यान टीआई उपेन्द्र शाह दलबल सहित मोर्चेबंद थे।

### ये है ग्रामीण किसानों की मांग

जागृति यदु ने मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री के घोषणा मुताबिक आसरा से बम्हनीभाठा तक शीघ्र सड़क निर्माण, बम्हनीभाठा में आरसीटोला से विद्युत सप्लाई निर्बाध मुहैया कराने, जर्जर शाला भवन दुरुस्तीकरण एवं मोहड़ में धानखरीदी केंद्र खोलने सहित अन्य मांगे प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंपकर रखी गई। प्रशासन ने अतिशीघ्र मांग पूर्ण कराने आश्वासन दिया है।

## बुधवार की दोपहर कलेक्टर के पास पहुंचा पार्षद दल, प्रस्ताव सौंपा

# भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव, महापौर के सामने राजनीति बचाने की चुनौती

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा पार्षदों ने निगम में कांग्रेसी महापौर हेमा देशमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग रखकर सियासी खलबली मचा दी है। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले इस प्रस्ताव को जाए जाने से महापौर की चिंताए बढ़ना स्वभाविक है। उनके खिलाफ विपक्ष के साथ ही अंदरखाने में भी गहरी नाराजगी की खबरें हैं। यह अविश्वास प्रस्ताव भाजपा से ज्यादा महापौर हेमा देशमुख के लिए चुनौती हैं। इसका सीधा असर उनकी विधायक की दावेदारी पर पड़ेगा। भाजपा ने सबको चौंका दिया। अचानक निगम के सभी भाजपाई पार्षद दोपहर को जिला कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को महापौर हेमा देशमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मांग पत्र सौंपा। उन्होंने जल्द से जल्द मतदान की मांग रखी। कलेक्टर ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए नियम संगत कार्रवाई का



आश्वासन दिया है। नियमतः 15 दिनों के भीतर इस पर फैसला लिया जा सकता है और अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की मियाद तय की जा सकती है। महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए सौंपे पत्र में पार्षदों ने उल्लेख किया है कि महापौर ने अपने कार्यकाल में शहर की मूलभूत आवश्यकताओं एवं अन्य समस्याओं के निराकरण को छोड़कर निगम के संसाधनों का दुरुपयोग किया है। उनपर निगम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप भी लगाए गए हैं। शहर में पसरी अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा पार्षदों ने यह बड़ा निर्णय लिया है।

### महापौर के खिलाफ अंदरखाने में बगावत

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में कुल 51 पार्षद हैं। मौजूदा समय में कांग्रेस के पास 31 और भाजपा के पास 19 पार्षद हैं। वार्ड . 49 के पार्षद निर्दलीय हैं। इस लिहाज से भाजपा बहुमत से काफी दूर है लेकिन उसके पास खोने के लिए भी कुछ नहीं है। जबकि हेमा देशमुख निर्दलीय पार्षदों को साधकर महापौर बन सकीं थीं। जो कि सभी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। भाजपा के लिए अविश्वास प्रस्ताव गिर जाना कोई बड़ी समस्या नहीं है लेकिन महापौर के सामने अब अपने पार्षदों को साधे रखना बड़ी चुनौती है। उनके खाते से एक वोट की कटौती भी उनकी छवि को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी जो कि तय भी माना जा रहा है। दरअसल, निर्दलीय चुने जाने के बाद हेमा देशमुख को समर्थन देने वाले कई पार्षद उनसे लंबे समय से खफा है। महत्व न दिए जाने और मनमानियां करने सहित शहर के लचर विकास को लेकर पार्षदें में गुस्सा है जिसके चलते यह अविश्वास प्रस्ताव हेमा देशमुख की राजनीति के लिए घातक साबित हो सकता है।

### भाजपा को 34 वोट चाहिए

19 पार्षदों वाली भाजपा के 21 पार्षद चुनकर आए थे। जबकि कांग्रेस 22 के आंकड़े पर थी। तब 8 निर्दलीय पार्षद जिनमें मौजूदा निगम अध्यक्ष हरिनारायण (पप्पू) धकेता सहित गणेश पवार, राजा तिवारी, बैना बाई तुराहटे, संजय रजक, चंपू गुप्ता, केवल साहू, पिंकी साहू शामिल थी। इन्हें कांग्रेस के खेमे में लाकर ही हेमा देशमुख महापौर बन सकीं थीं। शोभा सोनी की मृत्यु के बाद भाजपा उपचुनाव में वार्ड . 17 से हार गई। जबकि भाजपा पार्षद अजय छैदेया ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस तरह कांग्रेस के पास मौजदा समय में 31 पार्षद हैं। महापौर को हटाने के लिए उनके खिलाफ 34 वोटों की जरुरत है।

### महापौर को पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था

महापौर हेमा देशमुख के कार्यकाल को लेकर उन्होंने कहा कि - पौने चार साल का यह वक्त शहर के लिए किसी श्राप से कम नहीं है। कांग्रेसी महापौर ने शहर की संस्कृति और परंपरा पर जो आघात किया है उसके घाव भरने में बरसों लग जाएंगे। उन्होंने कांग्रेसी विचारधारा में घुली-मिली भ्रष्टाचार की संस्कृति को ही निगम में पोषित किया है। उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारियां भी कभी नहीं निभाई। वे पहली महापौर हैं जिनके कार्यकाल में निगम से जुड़े मामलों में दो-दो आत्महत्याएं हुईं और महापौर इसे लेकर चुप हैं। निगम के कर्मचारियों को महिनों का वेतन नहीं मिल पा रहा है। निगम में राजस्व की हालत खस्ता है। इन सबके लिए महापौर हेमा देशमुख दोषी हैं। उन्हें इस अविश्वास प्रस्ताव से पहले ही नैतिकता के नाते इस्तीफा दे देना चाहिए था।

# धाम लौटे गणपति...



**राजनांदगांव।** एकादशीय गणेशोत्सव का आज अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। विधि अनुसार हवन-पूजन के साथ ही स्थापित की गई प्रतिमाओं का कुंड में विसर्जन किया गया। पूरा दिन यह म चलता रहा। देर रात विसर्जन झांकिया निकली जिसमें तकरीबन डेढ़ से दो लाख लोगों के शामिल होने की जानकारी है। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला अभी दो दिनों तक जारी रह सकता है। शहर में विराजित कई बड़ी प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा भी भव्य होती है जिसके लिए झांकी के अतिरिक्त तैयारियां की जाती है।

# राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया पट्टा वितरण अभियान का शुभारंभ

## वार्ड क्रमांक 14 में 03 करोड़ लागत के अनेक विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

- वार्ड क्रमांक 14 पंप हॉउस के हितग्राहियों को किया पट्टा प्रदान
- पट्टा वितरण एवं विकास कार्यों के लिए राजस्व मंत्री ने वार्ड वासियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पंजीयन एवं पुनर्वास मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 14 पंप हॉउस में आवासहीन व्यक्ति को पट्टा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही वार्ड क्रमांक 14 में विभिन्न मद अंतर्गत 281.04 लाख रुपए लागत के कुल 11 विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने वार्डवासियों को पट्टा वितरण एवं विकास कार्यो के लिए अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी, एसडीएम श्रीकांत वर्मा, तहसीलदार मनीष देव साहू, वार्ड पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप नगरीय क्षेत्र के आवासहीनों को पट्टा प्रदान करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार, गरीबों, किसानों, पिछड़े लोगों की सरकार है। सरकार द्वारा सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर प्रारंभ से ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री बघेल ने निर्धन तथा जरूरतमंदो की समस्याओं को समझा और संवेदनशीलता से उन्हें पट्टे प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में आवासहीनो को विधिवत रूप से निःशुल्क पट्टा प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के हर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले पात्र लोगों को इस योजना के तहत जल्द ही निःशुल्क पट्टे वितरण किए जाएंगे। इस हेतु छूटे हुए लोगों का पुनः सर्वे कराकर उनका नाम सूची में जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की उन्नति एवं विकास के लिए सतत कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार हर घर मे बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन जैसी मूलभूत सेवा पहुँचाने हेतु कटिबद्ध है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य प्रदान किया गया है। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय अंतर्गत भूमिहीनों एवं पौनी पसारी परम्परागत व्यवसाय से जुड़े लोगों को 7 हजार रुपये की वार्षिक आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार राज्य के बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए बेरोजगारो को 2500 रुपये भत्ता प्रदान किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को आर्थिक लाभ, गौठान व रीपा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

# जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को घर पर ही मिल रहा शुद्ध पेयजल

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अब दूर-दराज के गांवों के लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। योजना के तहत जिले के प्रत्येक ग्राम बसाहट के हर घर में नल कनेक्शन दिया जा रहा है। जिससे लोगों की पेयजल प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना के तहत कोरबा विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी में ग्रामीणों को उनके घर तक पाइप लाइन बिछाकर नल कनेक्शन के द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इस व्यवस्था से गांव के सभी लोग बहुत खुश हैं। योजना से पूर्व पंडरीपानी गांव के लोग पीने के पानी के लिए पहले मुख्य रूप से हैंडपंप, कुंआ अदि पर निर्भर थे। पूर्व में तकनीकी रूप से गाँव के ग्रामीण पानी की शुद्धता का मापन पानी की गंदलापन या सफाई को देखकर किया करते थे। साथ ही उनमें जागरूकता का भी अभाव था। पंडरीपानी मे जल जीवन मिशन योजना लागू होने से हर घर में नल से जल मिलने से ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण निर्मित है। साथ ही लोगो मे जन जागरूकता लाने हेतु ग्राम सभा में जल सम्बंधित चर्चा व व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाने लगा। जिससे यहां के लोग स्वच्छ पीने के पानी की शुद्धता एवं अच्छे स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हुए। पंडरीपानी की रहवासी पुष्पांजलि सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत अपने घर में ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने पर खुशी प्रकट करते हुए कहा कि घर बैठे ही उन्हें शुद्ध जल मिल जाने से उन्हें एवं उनके परिवार के लोगों को बहुत राहत मिली है। नल कनेक्शन के माध्यम से उन्हें घर पर ही पर्याप्त मात्रा में जल मिलता है। पुष्पांजलि कहती है कि पहले उन्हें अपने घर वालो के लिए पेयजल लाने के लिए दूर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। अब घर के आंगन में ही पानी भरने की सुविधा उपलब्ध हो जाने से उन्हें पानी लाने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। उन्होंने बताया कि इस जल का उपयोग खाना पकाने के साथ ही अन्य घरेलू कार्यो में किया जाता है। पानी के बिना बहुत सारे कार्य प्रभावित होते है। घर में पानी की उपलब्धता हो जाने से घरेलू कार्यो को पूरा करने में उसके परिवार को बहुत सुविधा होती है। इससे उसके समय की बचत होती है। हितग्राही पुष्पांजलि कहती है कि उसे शुद्ध पेयजल के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी है। उसने बताया कि जल में बहुत सारे खनिज तत्व पाए जाते है। जिससे शरीर को अनेक फायदे होते है। साथ ही दूषित जल पीने से अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना होती है। वह साफ पानी के उपयोग से होने वाले फायदों के बारे में अपने आस-पास के लोगों को भी बताती है। जिससे सभी पीने के लिए साफ पानी का उपयोग कर स्वस्थ रहे।

# थाना प्रभारी ने महिलाओं को सभी अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नवागांव वेंकट की लगभग 40 से 50 महिलाएं जनपद पंचायत लोरमी की उपाध्यक्ष खुशबू वैष्णव के नेतृत्व में लोरमी थाना पहुंची है जहां पर महिलाओं के द्वारा ग्राम नवागांव वेंकट में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ शिकायत की गई जिस पर थाना प्रभारी लोरमी ने महिलाओं को सभी अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब हो कि नवागांव वेंकट में लगातार अवैध शराब की बिक्री की जा रही है जिसको लेकर गांव की महिलाओं के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसके बाद गांव के कुछ लोगों के द्वारा शराब की बिक्री बंद कर दी गई लेकिन कुछ दिनों पश्चात फिर से उन्हीं लोगों के द्वारा शराब की बिक्री फिर से शुरू कर दी गई जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है वहीं महिलाओं ने आरोप लगाया है कि शराब की बिक्री करने वालों के कारण हमारे बच्चे शराब के नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं जिससे घर का भी माहौल खराब हो रहा है साथ ही गांव में आए दिन लड़ाई झगड़े होते रहते हैं इन्हीं सब मांगों को लेकर नवागांव वेंकट की महिलाओं के द्वारा खुशबू वैष्णव के नेतृत्व में थाना प्रभारी लोरमी को ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही की मांग की गई है।शिकायत करने पहुंची नवागांव वेंकट की महिलाओं ने बताया कि हमारे गांव नवागांव वेंकट में शराब की बिक्री की जाती है 1 महीने पहले हमारे द्वारा महिला संगठन बनाया गया था कि हमारे गांव में शराब की बिक्री ना हो जिसके बाद कुछ दिनों के लिए शराब की बिक्री नहीं की जा रही थी लेकिन कुछ दिनों के बाद शराब की बिक्री फिर से शुरू कर दी गई शराब की बिक्री करने वाले लोगों के द्वारा यह भी कहा जाता है कि हम लोग शराब की बिक्री करेंगे आप लोग को जो करना है वो कर सकते हो।

# कलेक्टर के निर्देंश पर डेंगू नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे जरूरी कदम

## डेंगू लार्वा नष्ट करने शहर के तालाबों में छोड़ी गई गंबूजिया मछली

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब शहर के तालाबों में मच्छर जनित रोगों के लिए जिम्मेदार लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली छोड़ी गई है। ये मछली पानी की सतह पर रहती है और डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां पैदा करने वाले लार्वा को खा कर नष्ट कर देती हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के तालाबों में मच्छर जनित बीमारियों का कारण बनने वाले लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली डाली गई हैं। उन्होंने बताया कि शहर के फटहा मुड़ा, भुजबंधान तालाब, जय सिंह तालाब में ये मछलियां डाली गई हैं। दूसरे तालाबों में मछलियां डाली जा रही हैं। इसके लिए करीब 20 हजार मछलियों की व्यवस्था की गई हैं। ये मछलियां लार्वा को तेजी से समाप्त करने के लिए जानी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मार्गदर्शन में शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डोर टू डोर सर्वे के साथ नगर निगम द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग भी की जा रही है। ताकि डेंगू के लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

**मच्छर के लार्वा नष्ट करने में गंबूजिया मछली कारगर**-गंबूजिया मछली साफ और ऊपरी जल सतह पर रहती है, जहां मच्छर के लार्वा रहते हैं। गंबूजिया को मच्छरों के लार्वा विशेषकर पसंद होते हैं। एक मछली की आयु डेढ़ साल होती है और रोज 100 से 300 लार्वा तक खा सकती है। बात पूरे जीवनकाल की करें तो एक मछली लाखों लार्वा चट कर जाती हैं। साल भर में यह तीन बार प्रजनन करती है। यदि एक बार किसी तालाब में छोड़ दिया जाए तो संख्या बढ़ती जाती है।

# पेट्रोलिंग कर जुआ सट्टा पर कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसे सामाजिक बुराई की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मुंगेली एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर जुआ सट्टा पर कड़ी कार्यवाही वास्ते समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है जिसके तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली एस. आर. घृतलहरे के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी फास्टरपुर द्वारा जुआ सट्टा की कार्यवाही एवं रात्रि पेट्रोलिंग में पार्टी रवाना किया गया दौरान पेट्रोलिंग के मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम लगरा आमा बगीचा के पास आम जगह पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है कि सूचना पर फास्टरपुर पुलिस द्वारा गवाहान के साथ मौका पहुंचकर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे जुआड़ियों को पकड़े एवं कुछ जुआड़ियान अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये। जुआड़ियान स्वतंत्र चंद्राकर पिता स्व0 गेंदलाल उम्र 39 वर्ष , आनेन्द्र चंद्राकर पिता स्व0 डालचंद उम्र 39 वर्ष , विनोद कुमार चंद्राकर पिता स्व0 राजाराम उम्र 30 वर्ष ,जगदीश चंद्राकर पिता स्व0 प्रहलाद उम्र 62 वर्ष चारों साकिनान किशुनगढ़ थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (छ0ग0), लक्ष्मण बर्मन पिता स्व0 भोरा राम उम्र 40 वर्ष साव सेनगुढ़ा थाना चिल्फी जिला मुंगेली (छ0ग0 ), महेन्द्र बंजारे पिता विसंम्भर बंजारे उम्र 30 वर्ष सा0 लगरा थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली (छ0ग0) के फड़ एवं पास नगदी रकम 12780 रूपये, 52 पत्ती ताश एक बोरी फट्टी एक नग टॉर्च गवाहन के समक्ष जप्त किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# लक्की व स्टार ढाबा में खनिज टीम की दबिश भारी मात्रा में आयरन ओर व पैलेट्स मिला

## कलेक्टर के निर्देश पर हुई जांच कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



औद्योगिक नगरी रायगढ़ में ढाबों की आड़ में खुलेआम खनिज व कोयले की अफरातफरी की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने छापामार कार्रवाई की जिसमे कई ढाबों में स्पंज आयरन, आयरन और व पैलेट्स मिले हैं। खनिज विभाग की टीम ने रविवार को ढाबों की जांच की जहां गेरवानी के स्टार ढाबा के पास 10 टन आयरन पैलेट्स जप्त किया गया। इसी तरह भूपदेवपुर स्थित लकी ढाबा के पास 100 से ज्यादा बोरों में आयरन डंप मिला। जिले में कोयला से लेकर आयरन ओर और स्पंज आयरन उद्योगों में बने उत्पाद की अफरातफरी जोरों पर है। उद्योगों के अधिकारी, कर्मचारी से मिलीभगत कर ट्रांसपोर्टर और ढाबा संचालक इसे अंजाम दे रहे हैं। आमतौर पर ढाबों में दाल, रोटी व चावल ही मिलता है लेकिन जिले के ज्यादातर ढाबा संचालक खनिज की कालाबाजारी करने में व्यस्त है और खनिज विभाग और पुलिस भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। रविवार को उद्योग के रास्तों में चल रहे ढाबों में खनिज की अफरातफरी की खबरें सामनें आई थी। जिसको जिला प्रशासन ने गम्भीरता से लिया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने खनिज विभाग को जांच के आदेश दिए। खनिज विभाग ने जिले के आसपास आधा दर्जन से अधिक डब्बो में दबिश दी तो ज्यादातर ढाबों के आसपास कोयला, आयरन ओर एवं आयरन पैलेट्स की बड़ी मात्रा पाई गई। जांच के दौरान गेरवानी के स्टार ढाबा में अधिकारी पहुंचे तो वहां 10 टन आयरन पैलेट्स मिला। पूछताछ में स्टाफ आरिफ अहमद ने बताया की ढाबा चक्रधर नगर निवासी अब्दुल गफार के नाम पर है।

# 30 से बार्डर पर ओडिसा की गाड़ियों को रोकेंगे टेलर मलिक, संगठन ने कलेक्टर एसपी को सौंपा ज्ञापन

- छत्तीसगढ़ के वाहनों के लोडिंग में भेदभाव का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला टेलर मलिक कल्याण संघ के द्वारा आज सोम कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराते विज्ञापन दिया। उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखा है कि 5 सितंबर को आपको ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में ओड़ीसा के कुलड़ा कोल माइंस में हमारे छत्तीसगढ गाड़ियों के साथ भेदभाव एवं लोडिंग ना मिलने की समस्याओं से अवगत कराया गया था, उसके बाद हमारे द्वारा वहां जाकर 15 सितंबर एवं 25 सितंबर को दो बार उनसे बातचीत करके एक अनुकूल वातावरण में कार्य बिना भेदभाव विवाद के चलता रहे ऐसा यूनियन के द्वारा कोशिश की गई परंतु माइंस में वहां की यूनियन के लोगों द्वारा हमारे यूनियन के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ अनुचित एवं राज्य स्तरीय भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया एवं हमको धमकी भरे शब्दों में स्पष्ट कहा गया कि यहां बार-बार क्यों आते हो तुमको जो भी करना हो वह तुम अपने छत्तीसगढ़ में जाकर करो यहां पर माइंस में हम जैसा चाहेंगे वैसा कार्य करेंगे हमे तुमसे कोई बात नही करनी और जिस गाड़ी को जिस नंबर जहां की गाड़ियों को हम लोडिंग देना चाहे उसे ही लोडिंग देंगे हम किसी भी नियम से बंधे नहीं है, तुमको जो करना है वह वहां पर कर लेना और हमारे साथ बहुत ही अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया जो कि सर्वथा अनुचित है। जबकि उड़ीसा में यदि माइंस स्थित है तो माइंस का कोयला हमारे रायगढ़ जिले के फैक्ट्री में खाली होता है उसे हिसाब से आपसी ताल मिलाकर के ही इस धंधे को हम चला सकते हैं इस पर किसी भी प्रकार का राज्य स्तरीय विवाद करना सर्वथा अनुचित है हमने कभी भी उड़ीसा की गाड़ियों के साथ ना हमारे यहां स्थित माइंस में ना ही फैक्ट्री में कभी भी भेदभाव की नीति नहीं अपनाई है परंतु आज उनके द्वारा जो किया जा रहा है वह बहुत ही निंदनीय अनुचित एवं धमकाने वाला कृत्य है। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिले के कलेक्टर एवं एसपी को अवगत करवाया हैं कि हमारे द्वारा 30 सितंबर दिन शनिवार से टपरिया बॉर्डर तमनार के आसपास पूर्ण रूप से उड़ीसा माइंस से आने वाली गाड़ियों पर बंदी की जावेगी एवं जब तक कोई समुचित समाधान नहीं निकलता तब तक हम शांतिपूर्ण तरीके से बंदी करेंगे और उन्होंने आशंका भी जताई है कि इस बंदी के दौरान रात्रि में उड़ीसा से सटे गांव से धन बल के द्वारा वहां पर व्यक्ति भेज कर विवाद करवाने की पूरी कोशिश करेंगे इसलिए यूनियन के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक से धरना स्थल पर सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की है।

# क्विज प्रतियोगिता में नगर के लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा, शुभम रहे प्रथम 5100 रू पुरस्कार मिला





पायनियर संवाददाता ∢ जशपुर/कोतबा
www.dailypioneer.com

समिति के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ खेल आंचलिक और देश विदेश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 30 प्रश्न थे सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में शुभम साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और भारतीय जनता महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने 5100 रूपए पुरूस्कार स्वरूप प्रदान किए।

**इनकी रही महत्वर्पूण भूमिका**-इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों के द्वारा एवं सभी नगर वासियों के द्वारा सहयोग किया गया जिससे कार्यक्रम सफल हो पाया। फ्रेंड्स क्लब हाई स्कूल पारा कोतबा समिति के सदस्य विशेश्वर चौहान विकास गुप्ता मनीष राजपूत सतीश श्रीवास लक्ष्मी साहू अजय यादव संजू गुप्ता रामदेव भगत किशोर यादव मुरली यादव मोक्ष शर्मा लल्ला गुप्ता बबलू सिदार कृष्ण गुप्ता संस्कार अग्रवाल लोकेश गुप्ता ओम गुप्ता अजय गुप्ता रवि गुप्ता प्रफुल्ल पर गौरव गुप्ता मनोज भगत मनीष श्रीवास विक्की गुप्ता राहुल एक्का रितेश गुप्ता राहुल महंत अमित पर आकाश गुप्ता बजरंग गुप्ता गौरव राजपूत राज यादव अभिषेक गुप्ता आशीष गुप्ता अनुज चौहान रमेश चौहान रश्मि महंत आशीष श्रीवास का सहयोग रहा। इसके अलावा संरक्षक गोविंद साहू , उमाशंकर भगत बसंत गुप्ता शकीला कंवर दीपक गुप्ता पंकज शर्मा संतोष गुप्ता सुमित शर्मा रामावतार गुप्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बच्चे, नौजवान और बुर्जुग भी बड़ी तादाद में जुलूस में रहे शामिल, मांगी दुआए

# सरकार की आमद मरहबा से गुंजा अंचल धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







12 रब्बिउल यानि हजरत मोहम्मद पैंगबर स.अ.व. की पैदाईश का दिन मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए सबसे खास दिन माना जाता है। इसी दिन दोनों जहां के पहले और अखिरी पैंगबर हजरत मोहम्मद स.अ.व दुनिया में तशरीफ लाए थे। यानि उनका जन्म हुआ था। पूरी दुनिया में हजरत पैंगबर को मानने वाले उनका जन्मदिन एक खास अंदाज में मनाते हैं। इस दिन उनके पैदाईश के तराने गुनगुनाते हुए जुलूस निकाला जाता है। हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय में अंजुमन इस्लामियां की ओर से ईद मिलादुन्नबी का शानदार जुलूस अमनों शांति के साथ निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग शामिल रहे।

**लब्बैक या रस्सुल्लाह के लगे नारे**-अपने रसूल पैंगबर मोहम्मद स.अ.व. की आमद आमद पैदाईश के मौके पर नात धार्मिक गीत के तराने गुनगुनाते हुए जुलूस अंजुमन इस्लामियां की ओर से जामा मस्जिद जशपुर से निकाला गया। जुलूस बस स्टैण्ड होते हुए बाला साहब देश पाण्डे उद्यान तक जाकर वापस बालाजी मंदिर, महाराजा चौक, सन्ना रोड होते हुए दर्जी मोहल्ला होकर मजार, करबला के पास समाप्त हुआ। जुलूस मोहम्मदी में लब्बैक यानि हम उपस्थित हैं या रसूल्लाह के नारे गुंजाएमान हुए। इसके साथ ही सरकार की आमद मरहबा के नारे भी जोर शोर से लगाए गए।

**लंगर और सीरनी का इंतजाम**-जुलूस करबला के पास पहुंचकर एक सभा में बदल गई जहां, पैंगबर स.अ.व. की आमद का जिक्र उल्लेमाओं, मौलानाओं के द्वारा किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से देश में अमनों शांति और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई और लंगर के साथ ही सीरनी बांटा गया। जुलूस को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामियां के युवाओं का विशेष योगदान रहा।

**प्रशासन का रहा सहयोग**-ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न कराने में जिला पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। ट्रैफिक को संभालते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए मस्जिद से लेकर मजार तक व्यापक सुरक्षा के इंतजाम जिला पुलिस कप्तान डी रविशंकर के द्वारा किया गया था।

# आरओ और सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशा-निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई.व्ही.एम. के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे सहित सभी रिटर्रिंग ऑफिसर और सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। एक दिवसीय प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान दिनांक से पूर्व संवेदनशील मतदान केंद्र की जानकारी रखने के साथ एएमएफ और ईएमपी की जानकारी, रूट चार्ट तैयार करने के साथ ईवीएम मशीन के संचालन के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य हेतु सामग्रियों का वितरण और वापसी की प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों के साथ सामग्रियों के सम्बंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन (मतदान) दिवस में रिपोर्टिंग, मॉक पोल, वास्तविक पोल, प्रत्येक दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी के साथ ही आदर्श आचार संहिता के दौरान किए जाने वाले कार्य एवं मॉनीटरिंग के विषय में जिला स्तरीय मास्टर्स टेनर्स डॉ. एम.एम. जोशी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403